हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

रांची, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 56 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

उत्तर प्रदेश में मानसून का कहरः भारी बारिश से राज्य की अधिकतर... | आइजोल को आजादी के 75 साल बाद ट्रेन की मिलेगी सौगात | टेस्ला डूबने लगी तो नींद में चिल्लाते थे मस्कःगर्लफ्रेंड बोली...

## संक्षिप्त खबरें

### सीजेआई गवई अस्पताल में भर्ती, हैदराबाद दौरे में हुए संक्रमण का शिकार

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई को संक्रमण के चलते दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में तेलंगाना के हैदराबाद दौरे के दौरान वे संक्रमण की चपेट में आ गए थे। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों का कहना है कि 1-2 दिन में छुट्टी मिल सकती है।



सीजेआई बीआर गवई ने 12 जुलाई को हैदराबाद के नालसर लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और भारतीय संविधान पर आधारित डाक टिकट और पोस्टकार्ड सेट का विमोचन किया था। इलाज के चलते सोमवार को मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में नहीं बैठे, जिससे उनकी तबीयत को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि संक्रमण की प्रकृति स्पष्ट नहीं है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है और इलाज का असर दिख रहा है। उन्हें एक से दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

### चीनी उपराष्ट्रपति से मिले विदेश मंत्री जयशंकरः कहा- दोनों देशों में संबंध सुधर रहे

बीजिंगः विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को बीजिंग में चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन संबंधों में हालिया सुधार का जिक्र किया।



दोनों नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में जयशंकर ने कहा, भारत और चीन के संबंध अक्टूबर 2023 में कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद से लगातार बेहतर हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच 75 साल के राजनयिक संबंध पूरे हो चुके हैं। जयशंकर ने मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को जटिल बताया और कहा कि भारत और चीन जैसे बड़े पड़ोसी देशों के बीच खुलकर बातचीत बेहद जरूरी है। उन्होंने चीनी उपराष्ट्रपति को बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने को भारत में बेहद सराहा गया है। जयशंकर की पांच साल में यह पहली चीन यात्रा है। वे सिंगापुर दौरे के बाद बीजिंग पहुंचे हैं। जयशंकर 15 जुलाई को तियानजिन में होने वाली सुप्रीम कोर्टO विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात तय है। इससे पहले फरवरी में जोहान्सबर्ग में G20 की बैठक के दौरान जयशंकर और वांग यी की मुलाकात हुई थी। जहां दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने की बात कही थी।

### अमरनाथ यात्रा-11 दिन में 2 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किएः 13वां जत्था जम्मू से रवाना

अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिनों में 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए हैं। रविवार को 20,000 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे। यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। इधर सोमवार को 6,100 यात्रियों का छठा जत्था सोमवार को जम्मू से गांदरबल के बालटाल और पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। गांदरबल जिले के जेड-मोड़ टनल के पास तीर्थयात्रियों के काफिले का वाहन पलट किया। हादसे में सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए। इससे पहले रविवार को कुलगाम में 3 बसों की आपस में टक्कर होने से 10 यात्री घायल हुए थे। अबतक 4 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूट से जारी है। समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 581 अलग-अलग सुरक्षा कंपनियों का चाक-चौबंद बंदोबस्त किया गया है। इसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईबीटीपी और सीआईएसएफ समेत सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए हैं।



# सावन का पहला सोमवारः बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

## शिवमय हुआ भगवान भोलेनाथ का दरबार, पहाड़ी मंदिर भक्ति और आस्था में डूबा

### सुबह 4 बजे से ही 468 सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं की कतारें, बोल बम के नारे से गूंजा पूरा परिसर

**देवघर/रांचीः** सावन महीने की पहली सोमवारी पर देवघर के बाबा धाम या बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का जल सैलाब उमड़ा पड़ा है. अहले सुबह से ही लोग जलाभिषेक करते दिख रहे हैं. कुछ श्रद्धालु तो सावन की पहली सोमवार को जल चढ़ाने के लिए देर रात ही मंदिर पहुंच चुके थे. पूरा मंदिर 'बोल बम' के नारे से गूंज रहा है. जो लोग मंदिर से बाहर आ रहे हैं या मंदिर पहुंच रहे हैं, सभी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में मंत्रमुग्ध नजर आ रहे हैं. ऐसा लग रहा है मानो मंदिर में प्रवेश करते ही सारी थकान, तकलीफ खत्म हो गई हो. श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जलाभिषेक करने के लिए सारी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त रखी गई.

वहीं, रांची स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में आस्था का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह की पहली किरण के साथ ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर की ओर बढ़ चलीं। भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। हर साल की तरह इस बार भी यह दिन शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व का रहा। मंदिर प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 4 बजे से ही मंदिर की 468 सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। सिर पर जल, दूध, बेलपत्र और फूलों की थाली लिए श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष करते हुए ऊपर चढ़ रहे थे। हर कदम पर उनकी आस्था और भक्ति झलक रही थी। इस दौरान अरघा के माध्यम से जल चढ़ाया जा रहा।



**भक्ति में लीन रहा रांची का माहौल**

रांची का पहाड़ी मंदिर न केवल शहर का धार्मिक केंद्र है, बल्कि सावन के इस पावन अवसर पर यह आस्था का प्रमुख स्थल बन जाता है। श्रद्धालुओं का कहना था कि सावन सिर्फ पूजा का पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और भगवान से जुड़ाव का महीना है। मंदिर परिसर और आसपास का इलाका पूरे दिन भक्ति और अध्यात्म से सराबोर रहा।

**पूजा-अर्चना के साथ हुआ विशेष आयोजन**

पहली सोमवारी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। सामूहिक रुद्रपाठ और हवन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूर-दराज से आए भक्तों ने भी भाग लिया। कई श्रद्धालु मंदिर परिसर में ध्यान और भजन-कीर्तन में लीन नजर आए।



रांची के पहाड़ी मंदिर में अरघा से जलार्पण की व्यवस्था की गई है, जहां भक्तों द्वारा जलार्पण किया गया।

### झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे तरलोक सिंह चौहान

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम एस रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है. सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर यह जानकारी दी है कि झारखंड समेत देश के कई राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का तबादला किया गया है और उनके ट्रांसफर की अधिसूचना जारी कर दी गई है. हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस त्रिलोचन सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था. जिसपर राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है. जस्टिस त्रिलोचन सिंह चौहान की नियुक्ति की भी अधिसूचना जारी कर दी गई है.

### हाईकोर्ट का आदेश- 2 साल का बीएड कोर्स करने का वाले भी सहायक शिक्षक नियुक्त के पात्र

**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को जेएसएससी को यह निर्देश दिया है कि सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) नियुक्ति प्रक्रिया में वैसे अभ्यर्थियों का भी दस्तावेज सत्यापन किया जाए, जिन्होंने दो वर्षीय बी.एड कोर्स किया है.हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने यह आदेश दिया है. दो वर्षीय बी एड कोर्स करने वाले अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन करने की मांग को लेकर कई अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. अभ्यर्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने बहस की. सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि दो वर्षीय बीएड कोर्स करने वाले अभ्यर्थी भी नियुक्ति के लिए पूरी तरह पात्र माने जाएंगे. यह फैसला उन अभ्यर्थियों के पक्ष में आया है, जिन्हें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सिर्फ इसलिए अपात्र घोषित कर दिया था, क्योंकि उन्होंने दो साल का बीएड किया था, जबकि विज्ञापन में केवल एक वर्षीय बीएड का जिक्र था.




## पलामू में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए अब लिखित परीक्षा, सीएम ने दी मंजूरी

**पलामू** में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए अब लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पलामू में हुई चतुर्थ वर्गीय श्रेणी की नियुक्ति रद्द कर दी थी और जिला प्रशासन को फिर से विज्ञापन प्रकाशित कर छह माह के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने की मंजूरी दे दी है.

पलामू जिला प्रशासन द्वारा फिर से नियुक्ति के लिए प्रकाशित विज्ञापन में अंक के आधार पर चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति किए जाने का प्रावधान किया गया था, जबकि अभ्यर्थियों की मांग थी कि नियुक्ति प्राप्त अंक के आधार पर ना कर लिखित परीक्षा के आधार पर की जाए. इस विषय को वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा था. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चतुर्थ वर्गीय पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी. 11 जुलाई 2025 को हुई कैबिनेट की बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने फिर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था. सीएम के निर्देश पर पलामू जिले के चतुर्थ वर्गीय पद पर लिखित परीक्षा के आधार पर नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी गयी.



**मुख्य सचिव ने पलामू डीसी को दिया निर्देश**

झारखंड कैबिनेट की स्वीकृति के बाद मुख्य सचिव अलका तिवारी द्वारा लिखित परीक्षा के आधार पर पलामू में फोर्थ ग्रेड में नियुक्ति करने का निर्देश पलामू उपायुक्त को दे दिया गया है.

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई के श्राद्ध में पहुंची कल्पना सोरेन



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह कल्पना सोरेन आज सोमवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई भरत कपूर के श्राद्ध में उनके पैतृक आवास पहुंची. यहां उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया. उन्होंने दिवंगत भरत कपूर को पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि ईश्वर शोकसंतप्त परिजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें. बता दें कि भरत कपूर का हाल ही में हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक जताया था और उन्हें विनम्र व्यक्तित्व का धनी बताया था। इसके साथ ही तमाम नेता मंत्रियों ने कहा था कि भरत कपूर जैसे लोग समाज की पूंजी होते हैं और उनका जाना अपूरणीय क्षति है। कल्पना सोरेन की मौजूदगी से शोकाकुल परिवार को भावनात्मक सहारा मिला।

## रांची : सीसीएल कर्मी से 1 करोड़ लेवी मांगने वाले 4 नक्सली अरेस्ट




**रांचीः** सीसीएल कर्मी से एक करोड़ की लेवी मांगने वाले चार भाकपा माओवादी नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए माओवादी संगठन के योगेन्द्र गंझू, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नाहक को गिरफ्तार किया है. इनके पास से हथियार समेत अन्य सामान बरामद हुआ है. सोमवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन क्षेत्र के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है. ये सभी लेवी वसूलने के लिए इकट्ठा हुए थे और इनके पास से हथियार व नक्सली पर्चे भी बरामद हुए हैं. यह कार्रवाई 25 जून को सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के एक कर्मचारी से एक करोड़ रुपये की लेवी मांगने और जान से मारने की धमकी के मामले में की गई है.

**मनोज जी के नाम पर मांगी थी लेवी**

एसएसपी ने बताया कि 25 जून को सीसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन कमेटी के सदस्य मनोज जी के नाम पर एक करोड़ रुपये की लेवी मांगी गई थी. धमकी दी गई थी कि यदि दो जुलाई तक राशि का भुगतान नहीं किया गया तो उसे जान से मार दिया जाएगा. कोलकर्मी की लिखित शिकायत के आधार पर खलारी थाना में सात जुलाई को प्राथमिकी संख्या 46/25 दर्ज किया गया था. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया. इसी दौरान 14 जुलाई की मध्य रात्रि को दल को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी के 4-5 सक्रिय सदस्य मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बक्सी बंगला चट्टी नदी के पास व्यवसायी, ठेकेदार और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलने के लिए जमा हुए हैं. सूचना मिलते ही छापेमारी दल ने तुरंत कार्रवाई की और बक्सी बंगला चट्टी नदी के किनारे घेराबंदी कर ली। नक्सलियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सशस्त्र बल की मदद से भाग रहे चार सदस्यों को धर दबोचा गया.

## झारखंड के 3 जिलों के लिए रेड अलर्ट, 15 और 16 जुलाई को 7 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी

**रांची**-झारखंड के तीन जिलों के लिए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है. सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिले में सोमवार को भारी से अत्यंत भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गयी है. गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है. 15 और 16 जुलाई को सात जिलों के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. आम लोगों से सुरक्षित और सावधान रहने की अपील की गयी है.

**यहां भी कहर ढा सकती है भारी बारिश**

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को गुमला, सिमडेगा एवं खूंटी में कहीं-कहीं पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है. इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. रांची, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा और देवघर में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है. येलो अलर्ट जारी किया गया है. झारखंड के गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, कोडरमा और हजारीबाग जिलों में 15 जुलाई (मंगलवार) को भी भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है. इस बाबत ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज और गिरिडीह जिले में कहीं-कहीं पर भारी बारिश हो सकती है. येलो अलर्ट जारी किया गया है.

## शुभांशु की रिटर्न जर्नी शुरूःस्पेस स्टेशन से 23 घंटे का सफर करके पृथ्वी पर पहुंचेंगे, 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गया

**फ्लोरिडाः** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट 14 जुलाई को शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट 15 जुलाई दोपहर करीब 3 बजे समुद्र में उतरेगा। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। स्पेसक्राफ्ट 263 किलो से ज्यादा कार्गो के साथ वापस आएगा। इसमें नासा का हार्डवेयर और 60 से ज्यादा प्रयोगों का डेटा शामिल होगा। यह अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चारों एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे एस्ट्रोनॉट रवाना हुए थे।



स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। ये मिशन तकनीकी खराबी और मौसमी दिक्कतों के कारण 6 बार टाला गया था।

**शाम 4:45 बजे आईएसएस से पृथ्वी के लिए निकले शुभांशु**

- 14 जुलाई को दोपहर करीब 02:15 बजे क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में पहुंचा।
- शाम 4:45 बजे स्पेसक्राफ्ट आईएसएस के हार्मनी मॉड्यूल से अनडॉक हुआ।
- 15 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर स्प्लैशडाउन होगा।

**17 दिन अंतरिक्ष में सुभांशु ने क्या-क्या किया**

**60 वैज्ञानिक प्रयोगः** शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी' प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए।

**प्रधानमंत्री से बातः** 28 जून 2025 को शुभांशु ने आईएसएस से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

**छात्रों से संवादः** 3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में स्टैम के प्रति रुचि बढ़ाना था।

**इसरो के साथ संवादः** 6 जुलाई को उन्होंने इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।

**पृथ्वी की तस्वीरेंः** शुभांशु ने आईएसएस के कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं, जो सात खिड़कियों वाला एक खास हिस्सा है।

## लद्दाख में एलजी और हरियाणा-गोवा में नए राज्यपालों की नियुक्तिः कविंदर गुप्ता को केंद्र शासित प्रदेश की कमान

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति ने हरियाणा, गोवा के राज्यपाल और लद्दाख के उपराज्यपाल बदले हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के एलजी पोस्ट से रिटायर्ड ब्रिगेडियर डॉ. बीडी मिश्रा के इस्तीफे के बाद उनकी जगह कविंदर गुप्ता को नया उपराज्यपाल नियुक्त किया है। कविंदर गुप्ता, जम्मू-कश्मीर के एक सीनियर भाजपा नेता हैं और महबूबा मुफ्ती के मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में काम कर चुके हैं। इनके अलावा प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा और पुसपति अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

**अशीम घोष हरियाणा के 19वें गवर्नर**

प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का 19वां राज्यपाल बनाया गया है। इससे पहले बंडारू दत्तात्रेय राज्यपाल थे। वह 7 जुलाई 2021 से यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अशीम घोष पश्चिम बंगाल के हावड़ा के रहने वाले हैं। 1999 से लेकर 2002 तक पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। अशीम कोलकाता के मनिन्द्र चंद कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस के प्रोफेसर रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी की कैबिनेट में मंत्री रहे तपन सिखदर अशीम को राजनीति में लाए थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ही उनकी निपुणता को देखते हुए पार्टी की कमान सौंपी थी। अशीम ने पश्चिम बंगाल में संघ और बीजेपी की जड़े जमाने में अहम भूमिका निभाई। अभी पश्चिम बंगाल में पार्टी के मार्गदर्शक मंडल में रहकर पार्टी नीतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे।



**गजपति राजू लेंगे श्रीधरन पिल्लई की जगह**

वरिष्ठ राजनेता और पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री अशोक गजपति राजू को गोवा के 19वें राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई की जगह नियुक्त किया गया है। पिल्लई 15 जुलाई को गोवा के राज्यपाल बनाए गए थे। गजपति राजू ने 1978 से लेकर 2014 तक लगातार 7 बार विधायक चुने गए। उन्होंने राज्य सरकार में कई मंत्रालय संभाले। गजपति आंध्र प्रदेश में वित्त, योजना, विधायिका एवं राजस्व मंत्रालय संभाल चुके हैं। 2014 में विजयनगरम से लोकसभा पहुंचे। राजू मोदी सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री बने, लेकिन 2018 में आंध्र प्रदेश को "विशेष राज्य का दर्जा" न मिलने पर उन्होंने टीडीपी के अन्य नेताओं के साथ मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

## संक्षिप्त खबरें...

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सोमवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री सह गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद के आवास पर पहुंचकर उनके छोटे भाई स्व.भरत कपूर के श्रद्धांजलि सभा सह ब्रह्मभोज में शामिल हुए। सांसद जायसवाल रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के बड़की पोना पंचायत स्थित ग्राम मुरूबन्दा स्थित मंत्री के आवास पहुंचे और यहां सबसे पहले दिवंगत के तस्वीर पर पुष्पार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दुःख से उबरने के लिए अदम्य शक्ति प्रदान करने की कामना की।इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेष रूप से रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ,रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि शेखर चौधरी, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा के मीडिया मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, सरदार अनमोल सिंह, रंजन फौजी, प्रवीण कुमार सोनू सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियानः पदमा से चौथा जत्था वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या और विंध्याचल के लिए रवाना



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत सोमवार को तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड स्थित शिव मंदिर सह श्रीराम मंदिर प्रांगण से पूरे उत्साह के साथ रवाना हुआ। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर इस पावन यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, भाजपा नेता अजय मेहता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## मिट्टी का कच्चा मकान गिरा दादा पोती दबे, ग्रामीणों ने निकाला



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तालाश्वर पंचायत के पलान्डू गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी है। जिसमें पलान्डू निवासी सुरेश करमाली अपनी 3 वर्षीय पोती के साथ अपने घर के अंदर सो रहे थे तभी कई दिनों से लगातार बारिश के कारण उसका मिट्टी का कच्चा मकान अचानक गिर गया। जिसके कारण दोनों दब गए। ग्रामीणों के प्रयास के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मकान गिर जाने के कारण लोगों को रहने में परेशानी हो रही है, जिसके कारण मजबूरन दूसरे के घर में रहना पड़ रहा है। ज्ञात हो की प्रखंड में कच्चा मकान में रहने वाले लोगों को चुन चुन कर अबुवा एवं प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है। परंतु सुरेश करमाली को पक्का मकान नहीं मिलना प्रशासन की व्यवस्था पर बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता है। कई लोगों को पक्का मकान के ऊपर पक्का मकान मिल रहा है परंतु ब्लॉक का कई बार चक्कर लगाने के बावजूद कई जरूरतमंद लोगों को मकान नसीब नहीं हो पा रहा है। इस पर प्रशासन विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि मकान गिरने से लोगों का दब जाने के मामले कि खबर अब तक मेरे तक नहीं आई है जांच करवाते हैं। निश्चित कार्रवाई होगी।

### विधायक मंगल कालिंदी के फंड से जानेगोड़ा में 26 लाख की लागत से कला केंद्र भवन का शिलान्यास किया गया , ग्रामीणों में हर्ष



जमशेदपुर । जादूगोड़ा स्थित नरवा पहाड़ से सटे जमशेदपुर प्रखंड के मौजा हलुदबनी के टोला जानेगोड़ा में विधायक मंगल कालिंदी की अनुपस्थिति में झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष पलटन मुर्मू ने 26 लाख की लागत से बनने वाले आदिवासी संस्कृति कला केंद्र भवन का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के अनुशंसा से स्वीकृत आदिवासी संस्कृति कला केंद्र भवन का शिलान्यास होने से ग्रामीण लोग खुशी से झूम उठे। इस मौके पर झामुमो नेता शंकर गग़राई, नायके बाबा दुबराज टुडू, सुरेश हांसदा, किशुन हेंब्रम, राम दास बास्के, दीपक मुर्मू समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्रम विभाग की ओर से मृतकों के आश्रितों को विधायक समीर मोहंती के हाथों 50-50 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया



जमशेदपुर । बहरागोड़ा प्रखंड के पारुलिया पंचायत अंतर्गत पाथरघाटा गांव के दो मजदूर बीते गुरुवार को पश्चिम बंगाल के भमाल गांव में कुआं पर गिर जाने के दौरान मौत हो गया था. ग्रामीणों के मुताबिक मृतक वृंदावन मुंडा के 9 साल का बेटा देव मुंडा और कार्तिक मुंडा का 3 साल की बेटी अर्चना मुंडा का देखभाल कौन करेगा यह सबसे बड़ी चिंता की विषय है. वहीं विधायक समीर कुमार मोहंती ने मजदूरी करते हुए दुर्घटना में मृतकों की विधवा को सरकारी प्रावधान के तहत 50-50 हजार का चेक प्रदान किया. यह चेक श्रम विभाग द्वारा प्रदान किया था. वहीं श्रम विभाग से पंजीकृत प्रवासी मजदूर की काम करते हुए मृत्यु होने पर 150000 रुपए देने का प्रावधान श्रम विभाग द्वारा किया गया है , जिसमें तत्काल मदद के लिए मृतक के आश्रित परिवार को 50 हजार दिए गए . शेष राशि पोस्टमार्टम एवं अन्य प्रक्रिया पूर्ण होने पर दी जाएगी. इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती उपस्थित रहे. इस दौरान उन्होंने कहा कि यह प्रखंड की पहली घटना है जोकि श्रम विभाग की ओर से तीन दिन के अंदर मृतकों के आश्रितों को चेक द्वारा 50000 की भुगतान किया गया है .

# हज़ारीबाग शहर की समस्याओं को लेकर विधायक प्रदीप प्रसाद ने की पुलिस अधीक्षक से मुलाकात



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की और उन्हें जल्द से जल्द समाधान करने का आग्रह किया। विधायक ने शहर में दिनोंदिन गंभीर होती ट्रैफिक समस्या और चोरी की बढ़ती घटनाओं की ओर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया की पार्किंग, अतिक्रमण और बिना योजना के चल रहे वाहनों के कारण नागरिकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा चोरी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों ने भी नगरवासियों को असुरक्षित महसूस करवाया है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। मुलाकात के दौरान विधायक ने कोर्रा, जबरा और बाबूगांव, मटवारी सहित शहर के विभिन्न इलाकों में नशा और गौ-तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों पर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा की ये गतिविधियां न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती हैं बल्कि समाज को भीतर से खोखला कर रही हैं। विधायक ने स्पष्ट किया की इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे और साथ ही समाज के जागरूक लोगों को भी आगे आना होगा। पुलिस अधीक्षक ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया की नगर निगम क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जल्द ही एक ठोस योजना बनाई जाएगी।

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, लिया दिशोम गुरु के स्वास्थ्य की जानकारी



हज़ारीबाग। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं मुन्ना सिंह ने दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। मुलाकात के दौरान हजारीबाग क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक विषयों एवं जनहित की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्थानीय जनता की अपेक्षाओं, अधूरे विकास कार्यों तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को प्रभावी ढंग से रखा। सिंह ने भरोसा जताया कि राज्य सरकार जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

## केरला पब्लिक स्कूल कदमा में फ्रैंक एंथनी मेमोरियल अखिल भारतीय अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



जमशेदपुर । केरला पब्लिक स्कूल कदमा में सोमवार को प्रतिष्ठित फ्रैंक एंथोनी मेमोरियल अखिल भारतीय अंतर-विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता के क्षेत्रीय दौर का गौरवपूर्ण आयोजन किया गया। इस आयोजन में 15 प्रमुख विद्यालयों के 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक दीप प्रज्वलन और एक मधुर प्रार्थनागीत के साथ हुई। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद केरला पब्लिक स्कूल कदमा की प्रधानाचार्या सुश्री शर्मिला मुखर्जी ने उपस्थित जनसमूह को एक गर्मजोशी भरा संबोधन दिया और सम्मानित निर्णायकों दिन के अध्यक्ष, प्रतिभागियों गणमान्स व्यक्तियों, श्रोताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। निर्णायकों के औपचारिक परिचय के बाद, वाद-विवाद का विषय घोषित किया गया, जो था 'शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सुविधा संपन्न और वंचित छात्रों के बीच की खाई को चौड़ा करेगी।' प्रतिभागियोंने फ्रैंक एंथोनी मेमोरियल वाद-विवाद की भावना को कायम रखते हुए तार्किकसोच, सूझबूझ और स्पष्ट अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुख्य रूप से डॉ. डीके धनजल (सेवानिवृत्त प्राचार्या ग्रेजुएट कॉलेज), डॉ बसुंधरा रॉय (कवि, आलोचक और सहायक प्रोफेसर, करीम सिटी कॉलेज) , डॉ. अनीता चौधरी (प्रोफेसर, अंग्रेजी और सांस्कृतिक अध्ययन विभाग, कोल्हान विश्वविद्यालय ), अध्यक्ष अभिषेक सिन्हा , सुश्री मनोरमा नायर चेयरपर्सन केपीएस स्कूल्स, शरत चंद्रन निदेशक केपीएस स्कूल्स, श्रीमती लक्ष्मी आर० अकादमिक निदेशक केपीएस स्कूल्स, श्रीमती शर्मिला मुखर्जी केपीएस प्रधानाध्यापिका कदमा, श्रीमती अलमेलु रविशंकर मुख्य अध्यापिका केपीएस कदमा आदि उपस्थित रहे।

## सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने लिया 1,51,000 पौधे लगाने का संकल्प, झील परिसर में किया पौधों का वितरण



हज़ारीबाग। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा संकल्प लिया है। इस वर्ष उन्होंने 1,51,000 (एक लाख इक्यावन हजार) पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में उन्होंने सोमवार को झील परिसर में आम जनता के बीच पौधों का वितरण किया और सभी से अपने-अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिनमें आम, अमरूद सहित विभिन्न प्रकार के पौधे शामिल थे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग की हरियाली और पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में भी उन्होंने एक लाख पौधों के रोपण का संकल्प लिया था, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके इस कार्य की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहना की थी। इस वर्ष हरियाली महोत्सव के रूप में चलाए जा रहे इस अभियान की शुरुआत पूर्व में ही कर दी गई थी। इसी क्रम में झील परिसर में हजारों लोगों के बीच पौधों का वितरण किया गया। विधायक ने स्वयं सुबह 6:00 बजे झील पहुंचे और लगभग दो घंटे तक लगातार नागरिकों के बीच पौधों का वितरण करते रहे। अब तक इस वर्ष करीब 15,000 पौधों का वितरण किया जा चुका है और आने वाले दिनों में यह अभियान और तेजी से आगे बढ़ेगा।

## रम्भा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में उन्नत भारत अभियान (UBA) कार्यक्रम का आयोजन किया गया




जमशेदपुर । उन्नत भारत अभियान (UBA), भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों को गाँवों से जोड़कर ग्रामीण भारत के समग्र विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह अभियान न केवल ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का माध्यम है, बल्कि छात्रों और शिक्षकों को भी सामाजिक सरोकार से जोड़ने की प्रेरणा देता है। इसी क्रम में दिनांक 12 जुलाई 2025 को राम्भा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक विशेष UBA कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन्नत भारत अभियान के क्षेत्रीय समन्वयक संस्थान एनआईटी जमशेदपुर ने सहभागिता की और अपने संस्थान सहित झारखंड राज्य के अन्य सहभागी संस्थानों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए सकारात्मक कार्यों को साझा किया। इस अवसर पर UBA के वर्तमान क्षेत्रीय संयोजक डॉ. शक्ति प्रसाद, पूर्व क्षेत्रीय संयोजक प्रो. रंजीत प्रसाद, किशोर प्रसाद तथा RCI टीम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान संस्थानों को UBA की पंजीकरण प्रक्रिया, गाँवों के चयन की रणनीति, तथा अभियान के शैक्षणिक एवं सामाजिक लाभों से अवगत कराया गया। RCI, NIT जमशेदपुर सभी ऐसे संस्थानों से निवेदन करता है जो अब तक इस अभियान में पंजीकृत नहीं हुए हैं कि वे मान्य AISHE कोड के साथ unnatbharatabhiyan.gov.in में शीघ्र पंजीकरण करें और ग्रामीण भारत के निर्माण में सहभागी बनें। पंजीकरण एवं जानकारी हेतु संपर्क करेंः

rciuba@nitjsr.ac.in

आइए, हम सब मिलकर उन्नत भारत अभियान को एक जनांदोलन बनाएं और गाँवों को आत्मनिर्भर तथा समृद्ध बनाने में योगदान दें। निवेदक , डॉ शक्ति प्रसाद , क्षेत्रीय समन्वयक ,संपर्क :-94852 30378, क्षेत्रीय समन्वय संस्थान (RCI), उन्नत भारत अभियान (UBA), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर ।

### एनआरएलएम की टीम करेगी हजारीबाग के पंचायतों का दौरा

हज़ारीबाग। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की एक उच्चस्तरीय टीम द्वारा सोमवार को समाहरणालय सभागार में हजारीबाग जिले के दौरे को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त, एनआरएलएम प्रतिनिधि टी. एस. कृष्णन, डीआरडीए निदेशक, संबंधित बीडीओ, जेएसएलपीएस के डीपीएम एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।टीम द्वारा जानकारी दी गई कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एनआरएलएम की टीम हजारीबाग जिले के तीन प्रखंडों चौपारण, सदर एवं ईचाक के कुल सात पंचायतों का दौरा करेगी।

**झारखण्ड सरकार**
**खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)**
गेट नं०-28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची-834008
E-mail Id - directorsportsjharkhand@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा "Rate Contract For Supply Of Sports & Generic Kits" के निमित्त आमंत्रित निविदा(13/2025-26 दिनांक 26.05.2025) विज्ञापन संख्या – PR No. 353530 (Art, Culture, Sports & Youth Affairs) Dt. 27.05.2025 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/-
**निदेशक,**
खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची।

**PR.NO.357283 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26):D**

## नारायण आईटीआई का चैम्बर भवन में दीक्षांत समारोह संपन्न, 70 छात्रों को मिला प्रमाण पत्र




जमशेदपुर । नारायण प्राइवेट इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भालोटिया हॉल, साउथ पार्क में किया गया। इस अवसर पर 70 छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा आज की चुनौतियों को पार करते हुए, कल को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम आपने बढ़ाया है इसके लिए आप सभी को शुभकामनाएं। संस्थान के निदेशक जटाशंकर पांडे ने बताया कि इस डिप्लोमा के तहत छात्रों को औद्योगिक सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन, आपदा नियंत्रण, और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान शंकर को लक्ष्य मानते हुए कर्म के पथ पर अग्रसर रहें। औद्योगिक प्रगति की नींव सुरक्षा पर टिकी होती है। यह संस्थान भविष्य में मिल का पत्थर बनेगा। एशिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल ने संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा दे रह है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योग्य प्रतिभाओं को तैयार कर रहा है । चेंबर के उपाध्यक्ष सह भाजपा जिला महामंत्री अनिल मोदी ने कहा कि समारोह के दौरान उपस्थित छात्रों के संबोधन में संस्थान की सराहना के साथ-साथ छात्रों को उत्साह बढ़ाते हुए संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे की जमकर तारीफ की । इस वर्ष दीक्षांत समारोह की थीम रही, बेहतर भविष्य के लिए आज की चुनौती पर विजय पाना ,जो इस बात को दर्शाता है कि युवा अब औद्योगिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में देश की प्रगति और संरक्षा के लिए तैयार हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों में उत्साह चरम पर था। यह समारोह न केवल उनकी मेहनत और समर्पण का सम्मान था, बल्कि एक उज्जवल भविष्य की शुरुआत भी थी । समारोह को सफल बनाने में स्वदिष्ट कुमार, निखिल कुमार हरि साहू अनिकेत कश्यप देवाशीष मंडल शुभम साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उपायुक्त ने किया ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा




हज़ारीबाग। हज़ारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, पीडी जेनरेशन, जिओ टैगिंग, जन मन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस, एवं जेएसएलपीएस के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।उपायुक्त ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाए और उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मस्टर रोल जेनरेशन को बढ़ावा देने, अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सिंचाई से संबंधित योजनाओं जैसे बिरसा कूप सिंचाई योजना की प्रगति को और गति देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।इस अवसर पर डीडीसी इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देवप्रिया, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## हाथियों का उत्पात जारी लाकुरा में फिर से एक राशन दुकान को किया ध्वस्त



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।पिछले 20 दिनों से बड़कागांव क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी है आपको बता दें पिछले महीने 25 तारीख को 25 हाथियों का झुंड बड़कागांव क्षेत्र के जोराकठ जंगल की ओर से आए थे और आज 20 दिन बीत जाने के बाद भी वन विभाग हाथियों को बड़कागांव ग्रामीण क्षेत्र से बाहर निकलने में असमर्थ है, इसका खामियाजा ग्रामीण और किसान भुगत रहे हैं , अलग-अलग गांव और पंचायत में हाथियों का झुंड तबाही मचा रहा है। करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है, हाथियों के उत्पात का शिकार मुख्य रूप से ग्रामीण और किसान हो रहे हैं जिनके फसलों को हाथी खा रहे हैं और पैरों तले रौंद भी रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार की रात लाकुरा गांव में ललन कुमार पिता शिव कुमार महतो ग्राम अशोक नगर बड़कागांव निवासी के राशन दुकान को हाथियों ने निशाना बनाया और उसके दुकान का शटर तोड़कर सारा राशन का सामान खा गए और काउंटर ,कुर्सी , रैक कई तरीके के समान तोड़ दिए भुक्तभोगी ने बताया की 6 बोरा चावल, दो बोरा चीनी ,दो बोरा आटा और एक बोरी दाल समेत कई खाने की चीजो को हाथियों ने चट कर दिया। लगभग 2 लाख का नुकसान होने का अनुमान है , ललन कुमार ने कहा कि वन विभाग हमारे इस नुकसान की भरपाई करें.

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**
**वांछित अपराधी से संबंधित महत्वपूर्ण विवरणी :-**



- नाम एवं पता :- रंजन कुमार मिश्रा उर्फ अंकित मिश्रा उर्फ अभिनव कुमार उर्फ मुकेश तिवारी, उम्र-38 वर्ष, पिता-स्व0 रामनरेश मिश्रा उर्फ राम बच्चन मिश्रा उर्फ राम प्रवेश मिश्रा उर्फ नन्द किशोर तिवारी उर्फ मनोज, सा0-नामोटोला, हलुदबनी, थाना-परसुडीह, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम(झारखण्ड)
- शारीरिक विवरण :-रंग-गेहुँआ, बाल-काला/सफेद, चेहरा-गोल, लंबाई-5'8" पहचान चिन्ह-बाएँ ऑख के नीचे तिल, माथे पर दाहिने ओर कट का निशान, बाएँ आँख के नीचे तिल, बाएँ कलाई के उपर जले का निशान।
- अभियुक्त की शिक्षाः- 10 वाँ
- आधार नंबर :- 646419453524
- पैन नंबर :- FFCPM3061M
- पत्नी का नामः- चॉदनी मिश्रा, पैननंबर-CSXPM6834M, आधार नंबर-112305846893, 387368391516
- माता का नामः- श्रीमति मीना मिश्रा, आधार नंबर-358470729549
- अपराधिक विशेशता :- शीर्ष पदो के व्यक्तियों का सोशल मीडिया, ई-मेल आई0डी0 अथवा पहचान का उपयोग कर अथवा फर्जी दस्तावेजों/सोशल मीडिया एकाउंट का उपयोग कर पहचान बदल कर पैसा ठगी करने का एक पेशेवर अपराधकर्मी।

उपरोक्त अपराधकर्मी का नाम रंजन कुमार मिश्रा उर्फ अंकित मिश्रा उर्फ अभिनव कुमार उर्फ मुकेश तिवारी, उम्र-38 वर्ष पिता-स्व0 रामनरेश मिश्रा उर्फ राम बच्चन मिश्रा उर्फ राम प्रवेश मिश्रा उर्फ नन्द किशोर तिवारी उर्फ मनोज, सा0-नामोटोला, हलुदबनी, थाना-परसुडीह, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड) है जो राज्य सरकार के शीर्ष पदों में पर सेवारत पदाधिकारी तथा माननीय न्यायाधीश के नाम से उनके अधीनस्थों से ठगी करने का आदतन अपराधी है। उक्त अपराधकर्मी के विरूद्ध झारखण्ड राज्य अन्तर्गत कुल-11 काण्ड सहित बिहार, उतर पदेश, मध्य प्रदेश एवं दिल्ली राज्य अन्तर्गत कुल-19 काण्ड ज्ञात है। रंजन कुमार मिश्रा के विरूद्व गोन्दा (राँची) थाना काण्ड संख्या-71/2022, दिनांक-11.06.2022, धारा-419/420 भा0द0वि0 एवं 66 सी0/66 डी0 आई0 टी0 एक्ट के अन्तर्गत आरोप पत्र समर्पित है तथा उक्त अपराधी BA NO. 2936/2023 में दायर IA NO. 3218/2023 के आलेक में जमानत पर मुक्त होकर फिरार हो गया है। उसके वर्तमान ठिकानों की जानकारी नहीं मिल रही है।

उपरोक्त के आलोक में फिरार चल रहे **रंजन कुमार मिश्रा उर्फ अंकित मिश्रा उर्फ अभिनव कुमार उर्फ मुकेश तिवारी, उम्र-38 वर्श पिता-स्व0 रामनरेश मिश्रा उर्फ राम बच्चन मिश्रा उर्फ राम प्रवेश मिश्रा उर्फ नन्द किशोर तिवारी उर्फ मनोज, सा0-नामोटोला, हलुदबनी, थाना-परसुडीह, जमशेदपुर, जिला-पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड) के विरूद्व** पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के स्तर से **पचीस हजार (25000/-) रूपये की राशि का पुरस्कार घोशित किया गया है।**
उपरोक्त अपराधी की गिरफ्तारी हेतु आम जनता का सहयोग अपेक्षित है। रंजन कुमार मिश्रा के ठिकाने अथवा वर्तमान गतिविधि की सूचना देनेवाले को उक्त राशि से पुरस्कृत किया जाएगा तथा उसकी गापनीयता भी बरकरार रखी जाएगी। उक्त अपराधकर्मी आपके क्षेत्र में या आपके आसपास नजर आते है तो इसके संबंध में कृपया नीचे अंकित मोबाईल नम्बर/फोन नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते है अथवा निकटतम थाना में सूचना पहुँचा सकते है।

| | |
|---|---|
| पुलिस उप-महानिरीक्षक-वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची | :-9431706136 |
| पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची | :-9431706137 |
| पुलिस अधीक्षक, ए0टी0एस0,झारखण्ड, राँची | :-9771438670 |
| पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉची | :-9431102090 |
| थाना प्रभारी, गोन्दा, रॉची | :-9431706162 |

**पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-**
**वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची**

**PR 357257 (Police)25-26*D**

# संक्षिप्त खबरें

## लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में त्रैमासिक पत्रिका स्कॉलर स्पेक्ट्रम का रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया शुभारंभ




**संवाददाता रांचीः** लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में त्रैमासिक पत्रिका स्कॉलर स्पेक्ट्रम का मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के कर कमलों से शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि संजय सेठ, डॉ. भूपेश कुमार IHM के प्राचार्य(इसी विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी 1993 ), डिप्टी इंस्पेक्टर डी.आई.जी के. एल. अरुण का स्वागत पंजाबी हिंदू बिरादरी सह विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर उग्गल,महासचिव राजेश मेहरा, अवैतनिक सचिव रवि परासर,विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार,उप प्राचार्य प्रफुल्ल कुमार के द्वारा किया गया। बच्चों के द्वारा स्वागत गीत गाया गया। तत्पश्चात त्रैमासिक न्यूज लेटर का विमोचन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा कक्षा 11th और 12th के बच्चों के लिए एक करियर काउंसलिंग रखा गया जिसमें बच्चों के लिए भारतीय तटरक्षक के विषय डिप्टी कमांडेंट सरताज सिंह साही के द्वारा बताया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कक्षा 12th और ग्रेजुएशन के बाद किस तरह से हम भारतीय तटरक्षक में ज्वाइन कर सकते हैं। मुख्य अतिथि संजय सेठ ने बच्चों को संबोधित करते हुए भारतीय तटरक्षक के विषय में बताया, उनको भी सेना ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया ताकि देश की रक्षा कर सकें। डीआईजी के.एल अरुण ने बच्चों को संबोधित करते हुए नए भारत की रूपरेखा बताते हुए बच्चों को अपने देश में रहकर देश की रक्षा के नए उपाय के बारे में भी बताया।

## हज़रत मौलाना मोहम्मद के पुत्र मौलाना सलमान का मदनी मस्जिद में निकाह



**संवाददाता रांचीः** रांची आज के फैशन के दौर में जहां हर कोई फैशन और दिखावा के पीछे भागता नजर आ रहा है। शादी के लिए लड़के की अलग डिमांड होती है और लड़की की अलग। फैशन, दिखावा समाज को बर्बाद कर रही है। लेकिन हम सभी जानते हैं कि यह दुनिया अच्छे और नेक लोगों की वजह से चल रही है। कहा जाता है कि शादियां ऊपर तय हो जाती है। लेकिन बहुत कम लोग ही सुन्नत तरीके से शादी करते हैं। कहने और करने में बहुत अंतर है। आज हम बात कर रहे के झारखंड के प्रसिद्ध मदरसा मदरसा हुसैनिया कडरू रांची के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मोहम्मद के पुत्र मौलाना सलमान मोहम्मद की। जिन्होंने अपनी शादी सुन्नत के अनुसार की। मौलाना की शादी मदनी मस्जिद मदरसा हुसैनिया कडरू में हज़रत मौलाना मोहम्मद ने मेहर फातमी पर मौलाना सलमान मोहम्मद का निकाह पढ़ाया। मौलाना सलमान मोहम्मद की शादी बेतिया बिहार के जनाब ताजुद्दीन की बेटी तसनीम फातिमा से हुई। वलीमा करना सुन्नत है। इसी सुन्नत पर अमल करते हुए डोरंडा दावत पैलेस में वलीमा रखी गई। न कोई बारात गया न कोई ढोल बजा। लड़की के गार्जियन लड़की को लेकर रांची पहुंचे, मस्जिद में निकाह हुआ। निकाह में भी कोई खर्च नहीं। लड़के के पिता ने ही निकाह पढ़ाया। हज़रत मौलाना मोहम्मद ने निकाह खुत्बा से पूर्व संबोधित करते हुए कहा कि बेटी घर की शान होती है। बेटा-बेटी में फर्क न करें। बेटी को तालीम से लैस करो, यही हमारे नबी की सुन्नत है। सादगी भरी निकाह को आम करना है। दहेज़ लेना देना दोनों बुरी बात है। इस निकाह में कई गणमान्य लोग शामिल हुए और दुआओं से नवाजा।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष से मिलकर बधाई दी



**संवाददाता रांचीः** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद एवं महिला मंच के केंद्रीय अध्यक्षा शकुंतला जायसवाल के नेतृत्व में झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव जी से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा राज्य में ओ0 बी0 सी0 के हालात पर चर्चा करते हुए झारखंड में ओ0 बी0 सी0 परिवार के सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक राजनैतिक सर्वेक्षण कराकर उनका रिपोर्ट जारी करने का आग्रह किया एवं राज्य में 27 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू करने की मांग की एवं जाती आधारित जनगणना कराकर जनसंख्या के अनुपात में सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी कि मांग किया प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय सदस्य लाल बाबू पटेल. नवजीवन यादव. अरुण कुमार. राकेश प्रसाद एवं अन्य लोगों ने आयोग के अध्यक्ष से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## सरकारी स्कूल भवन को लेकर शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव से सीपीआई नेता ने की मुलाकात



**संवाददाता रांचीः** झारखंड में सरकारी स्कूल भवन की जर्जर स्थिति को लेकर सीपीआई नेता संतोष रजक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग संयुक्त सचिव कुंवर सिंह पाहन से मुलाकात की। जिस दौरान उन्होंने विभिन्न न्यूज पेपर में छापे खबर का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड ने इस बार जिस प्रकार से अब तक बारिश हुई है । वैसे में स्कूल की छतों का टपकना बड़ी दुर्घटना की आहट है। विभाग उन स्कूलों को चिन्हित करें और जहां जरूरत हो तुरंत मरम्मत करने का काम करे। विभाग के संयुक्त सचिव कुंवर सिंह पाहन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया है। संतोष रजक ने कहा सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे को बेहतर शिक्षा और परिवेश मिले इसके लिए, हम लोग लगातार प्रयास करते रहेंगे। पार्टी और संगठन लगातार इसके लिए समर्पित है।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव का प्रसाद एवं ग्रंथ भेंट

**संवाददाता रांचीः** सनातन संस्था को 25 वर्ष पूर्ण होने तथा संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले जी के ८३वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गोवा में हाल ही में भव्य 'सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव' का आयोजन किया गया था। यह एक ऐसा दुर्लभ आयोजन सिद्ध हुआ, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर आध्यात्मिकता, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम की चेतना को अभूतपूर्व रूप से जागृत किया है, ऐसा शंभू गवारे ने बताया। इस महोत्सव के अंतर्गत संपन्न शतचंडी यज्ञ और महाधन्वंतरि यज्ञ का पावन प्रसाद, संस्था की ओर से शंभू गवारे ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भेंट किया।

# रेडियोलॉजी हब के रूप में विकसित होगा रांची का सदर अस्पताल, दो चरणों में कम्प्लीट होगी योजना

### दूर-दराज के मरीजों की जांच में होगी सहूलियत

**रांचीः** झारखंड के स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में रेडियोलॉजिस्ट्स की घोर कमी को देखते हुए एक नया प्रयोग करने की योजना बनाई है. अभी तक इस तरह के प्रयोग बड़े और निजी रेडियोलॉजी-पैथोलोजिकल एजेंसियां करती रही हैं. योजना के अनुसार रांची सदर अस्पताल में एक अत्याधुनिक रेडियोलॉजी हब स्थापित करने का निर्णय लिया गया है. जिसके माध्यम से राज्यभर के सभी सदर अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC) को डिजिटल रूप से रांची के सदर अस्पताल में बने रेडियोलॉजी हब से जोड़ा जाएगा.






**ये होगा फायदाः** रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह सरकार का स्वागत योग्य निर्णय है. इसका उद्देश्य दूर-दराज और पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को तत्काल, सटीक और डिजिटल रेडियोलॉजिकल जांच की सुविधा उपलब्ध कराना और उसका गुणवत्तापूर्ण रिपोर्ट देना है.

**ऐसे काम करेगा रेडियोलॉजी हबः** रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने बताया कि राज्यभर के सभी पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पताल, रांची सदर अस्पताल के हब से जुड़ जाएंगे. दूर-दराज के इलाकों में तकनीशियन मरीज की जांच करेंगे और उसकी फिल्म डिजिटल माध्यम से सदर अस्पताल में बने हब को भेज देंगे. यहां रांची सदर अस्पताल में बैठे विशेषज्ञ डॉक्टर एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्ट का मूल्यांकन (reporting) कर संबंधित क्षेत्र और रोगियों को इमेज सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे.

**जनता को मिलेगा लाभ-डॉ एस.प्रसादः** रांची सदर अस्पताल के अल्ट्रासोनोग्राफी हेड डॉ. एस प्रसाद कहते हैं कि झारखंड में रेडियोलॉजिस्ट की घोर कमी है. ऐसे में दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को जांच और फिर गुणवत्तापूर्ण रिपोर्ट के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है. ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सदर अस्पताल में रेडियोलॉजी हब बनाने के फैसले से सेंट्रलाइज्ड रिपोर्टिंग सिस्टम डेवलप होगा. दूर दराज के इलाकों में मरीजों की रोगों की जांच होगी और उसका गहन परीक्षण कर रिपोर्ट रांची के सदर अस्पताल में तैयार की जाएगी.

**दो चरणों में पूरी होगी योजनाः** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अनुसार योजना दो चरणों में पूरी होगी. पहले चरण में राज्य के सभी सदर अस्पताल इस रेडियोलॉजी हब से जुड़ेंगे. इससे उन क्षेत्रों में जहां रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां के मरीजों को समय पर सही और गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट मिल पाएगी और इलाज में देरी नहीं होगी.

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अनुसार इस परियोजना पर 1,21,27,100 (एक करोड़ इक्कीस लाख सत्ताईस हजार एक सौ रुपये) का व्यय अनुमानित है. जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है. हब के माध्यम से टेक्नीशियनों को उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे एक्स-रे, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं बेहतर ढंग से संचालित कर सकें. यह हब 24x7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में काम करेगा.

**योजना का मुख्य उद्देश्यः** रांची सदर अस्पताल को रेडियोलॉजी हब बनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य दूसरे दर्जे के शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रेडियोलॉजी की सुविधा उपलब्ध कराना है. सरकार का दूसरा मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में एआई आधारित इमेजिंग तकनीक को बढ़ावा देना के साथ-साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की विषमता को दूर करना है. राज्य में वर्तमान समय में रेडियोलॉजिस्ट्स की भारी कमी से स्वास्थ्य प्रणाली प्रभावित हो रही है.

इस नई पहल से न केवल चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली दक्ष बनेगी, बल्कि गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो सकेगा. यह कदम झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जा रहा है.

## समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता है तटरक्षक बल : सांसद संजय सेठ

**रांचीः** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि तटरक्षक बल समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता है। भारतीय तटरक्षक बल की ओर से रांची में पहली बार व्यापक पैमाने पर विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में तटरक्षक बल में शामिल होने के लिए जागरूकता और भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर आरंभ हुआ है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में भारतीय तटरक्षक दल के विषय में जागरूकता लाना है और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना है।





सोमवार को रांची में रामटहल चौधरी स्कूल (ओरमांझी), एसएस मेमोरियल कॉलेज (कांके रोड), लाला लाजपत राय स्कूल और गोस्नर कॉलेज, रांची में विद्यार्थियों के बीच यह अभियान चलाया गया। अभियान को लेकर संवाद कार्यक्रम भी हुआ और विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान भी किया गया।

इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि तटरक्षक बल समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, जागरूकता और राष्ट्रभक्ति का भाव जगाता है। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे रोजगार और राष्ट्र सेवा के लिए साथ-साथ तैयार हों, इसके प्रति जागरूक हों। इस उद्देश्य के साथ भारतीय तटरक्षक बल की ओर से रांची में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। भारतीय तटरक्षक बल से जुड़े अधिकारियों ने बच्चों को राष्ट्रसेवा के प्रति तैयार होने के लिए विभिन्न बातें बताई। रक्षा राज्य मंत्री ने बच्चों से संवाद कर उन्हें तटरक्षक बल में अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित किया।

सेठ ने कहा कि रांची में पहली बार इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुआ। यह अभियान हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि भारत के हजारों किमी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा, समुद्री जीवजंतुओं की सुरक्षा, समुद्री आपदाओं से राहत और बचाव का कार्य तटरक्षक बल के जरिये किया जाता है।

उन्होंने कहा कि विदेश से आने वाले नशे के कारोबारी और अवैध घुसपैठ को रोकने का काम भी इनके ओर से ही किया जाता है। इससे जुड़ना समाज की सेवा करना है। यह सुनहरा अवसर है, जब रक्षा मंत्रालय तटरक्षक बल में भर्ती और जागरूकता के लिए रांची में अभियान चला रहा है। इसलिए विद्यार्थी और युवा अधिक से अधिक संख्या में इसमें शामिल हों और रोजगार के साथ राष्ट्र सेवा के इस अवसर का उपयोग करें।

भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी केएल अरुण ने विद्यार्थियों को तटरक्षक बल की गतिविधियों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्हें बताया कि कैसे तटरक्षक बल काम करता है। इसके साथ जुड़ना और काम करना जीवन को रोमांच देने वाला अवसर होता है। इस दौरान उन्होंने बच्चों की जिज्ञासा का भी समाधान किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, समरी लाल, रणधीर चौधरी, कमलेश राम, बीपी वर्मा ,रविंद्र सिंह ,एसडी सिंह ,ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो सहित हजारों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पेसा कानून लागू करने को लेकर आदिवासी संगठनों का राजभवन मार्च




**रांचीः** पेसा कानून (PESA Act) को झारखंड में लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के नेतृत्व में राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया. इस धरने में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए.11 जुलाई को गुमला जिले के लेटा टोली स्थित बाबा कार्तिक उरांव के समाधि स्थल से आदिवासी समुदाय के लोग पैदल यात्रा पर निकले थे, जो तीन दिनों की कठिन यात्रा के बाद राजधानी रांची स्थित राजभवन पहुंचे. उनका उद्देश्य सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाना और पेसा कानून को लागू कराने की मांग को मजबूती से रखना था. धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी. यह कानून भारत सरकार द्वारा 1996 में पारित किया गया था.लेकिन झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में अब तक इसे लागू नहीं किया गया है. वक्ताओं के अनुसार, इस कानून के अभाव में आदिवासी क्षेत्रों में न तो समुचित विकास हो पा रहा है, न ही उनकी सामाजिक और धार्मिक पहचान की रक्षा हो रही है. सामाजिक कार्यकर्ता निशा भगत ने कहा कि जब तक पेसा कानून को लागू नहीं किया जाता, आदिवासियों को उनका हक और अधिकार नहीं मिल सकता. वर्तमान में आदिवासियों की ज़मीन लगातार छीनी जा रही है, जो चिंता का विषय है. केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि देश के आठ राज्यों में यह कानून लागू है, जहां ग्राम सभाओं को सशक्त बनाया गया है. लेकिन झारखंड में इसकी अनदेखी की जा रही है, जिससे आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है.

## वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई



**संवाददाता रांचीः** शिक्षा,स्वास्थ्य,सेवा एवं रोजगार के क्षेत्र मे कार्यरत संस्था विजन आरोग्यम (कार्यालय पिस्कामोड़)की ओर से रांची में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई जो की 15 अगस्त 2025 तक अपने देश के विभिन्न राज्यों में संचालित होगा। जिसमे संस्था कि ओर से लगभग दस हजार (10,000) वृक्षारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है यह घोषणा विजन आरोग्यम के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने किया। आज के इस कार्यक्रम में गुमला,सिमडेगा,रांची,खूंटी, लोहरदगा आदि जिले के विजन आरोग्यम के परियोजना पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इसके पूर्व विजन आरोग्यम संस्था की ओर से रक्त संचार पद्धति द्वारा फ्री मेडिकल जांच शिविर का आयोजन हुआ जिसमे एक्यूप्रेशर स्पेशलिस्ट सीमा प्रीति,आलोशिया लुगनु के द्वारा ब्लड शुगर,ब्लडप्रेशर,थायराइड कोलेस्ट्रॉल एवं शरीर मे होने वाली सभी प्रकार के दर्द की जांच ब्लड सर्कुलेशन मशीन, हेल्थ प्रोटेक्टर मशीन,कांसा थाली मशीन एवं बैक मसाज मशीन द्वारा जरूरतमंद लोगों की जांच की गई। इस मौके पर छात्र क्लब चिकित्सक मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,समाजसेवी कन्हैया लाल,माधव जी अनुनय मंत्री,विनय कुमार आदि विशिष्ठ अतिथि के रूप मे मौजुद थे।

## अनुकंपा पर नौकरी पाने वाला पुत्र नहीं कर रहा था मां का भरण पोषण, जनता दरबार में फरियाद के बाद हुआ समाधान

**संवाददाता रांचीः** राहे की रहनेवाली गुरुवारी देवी दूसरी बार उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की जनता दरबार में आयीं... चेहरे पर खुशी और दोनों हाथ जोड़ें हुए उपायुक्त को धन्यवाद देती हुईं कहती हैं- '' सर मेरा बेटा मेरे भरण पोषण के लिए तैयार हो गया है, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ''। दरअसल पिछली बार गुरुवारी देवी जनता दरबार में अनुकंपा के बाद नौकरी पाने वाले बेटे की शिकायत लेकर आयी थीं कि वो उनका भरण पोषण नहीं कर रहा है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अंचल अधिकारी राहे और स्थापना प्रभारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर वेतन रोकने का निर्देश दिया गया था जिसके बार राहे अंचल में कार्यरत गुरुवारी देवी का पुत्र अपनी मां के भरण पोषण के लिए तैयार हुआ।



जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार में लोगों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोग अपनी विभिन्न समस्याओं के साथ उपस्थित हुए।

जनता दरबार में आने वाले नागरिकों ने मुख्य रूप से भूमि पर अवैध कब्जा, भू-माफियाओं द्वारा जमीन पर कब्जा प्रयास, दोहरी जमाबंदी रद्द करने, पंजी-2 में सुधार, ऑनलाइन रसीद निर्गत करने प्रमाण पत्र, शिक्षा और अन्य जनहित से जुड़ी समस्याएं रखीं। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना गया और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार एक प्रभावी मंच है, जहां सीधे संवाद स्थापित कर समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। जनता दरबार में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उनकी बातें सीधे जिला प्रशासन तक पहुंच रही हैं और समाधान भी मिल रहा है। जनता दरबार के प्रति यह बढ़ता भरोसा प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बना रहा है।

# भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर सहित चार नक्सली गिरफ्तार

### सीसीएलकर्मी से एक करोड़ लेवी मांगी थी लेवी

**रांचीः** सीसीएल कर्मी से एक करोड़ की लेवी मांगने वाले भाकपा माओवादी के सबजोनल कमांडर सहित चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से हथियार और नक्सली सामग्री भी मिली है। डीआईजी सह एसएसपी ने पुष्टि की है। गिरफ्तार नक्सलियों में सब-जोनल कमांडर योगेन्द्र गंझू, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नाहक शामिल हैं। इनके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल, तीन गोली, लेवी मांगने वाला मोबाईल फोन और सात पीस प्रतिबंधित संगठन का पर्चा बरामद किया गया है।



डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन क्षेत्र के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लेवी वसूलने के लिए इकट्ठा हुए थे और इनके पास से हथियार व नक्सली पर्चे भी बरामद हुए हैं। यह कार्रवाई 25 जून को सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड (सीसीएल) के एक कर्मचारी से एक करोड़ रुपये की लेवी मांगने और जान से मारने की धमकी के मामले में की गई है।

**मनोज जी के नाम पर मांगी थी लेवीः** एसएसपी ने बताया कि 25 जून को सीसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को भाकपा माओवादी के कोयल शंख जोन कमेटी के सदस्य मनोज जी के नाम पर एक करोड़ रुपये की लेवी मांगी गई थी। धमकी दी गई थी कि यदि दो जुलाई तक राशि का भुगतान नहीं किया गया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इसे लेकर खलारी थाने में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इसी दौरान 14 जुलाई की मध्य रात्रि को दल को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी के 4-5 सक्रिय सदस्य मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बक्सी बंगला चट्टी नदी के पास व्यवसायी, ठेकेदार और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलने के लिए जमा हुए हैं। यह सूचना मिलते ही छापेमारी दल ने तुरंत कार्रवाई की और बक्सी बंगला चट्टी नदी के किनारे घेराबंदी कर ली। नक्सलियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सशस्त्र बल की मदद से भाग रहे चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि माओवादी योगेन्द्र गंझू उर्फ पवन से पुछताछ करने पर पता चला कि यह वर्ष 2006 में भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन में शामिल हुआ था। इसके कार्य को देखते हुए इसे वर्ष 2006 के अंत में गारू सरजु क्षेत्र का एरिया कमांडर बना दिया गया। फिर इसे उसी क्षेत्र का वर्ष 2009 में सब-जोनल कमांडर बनाया गया। यह सबसे पहले वर्ष 2006 में ही गारू (लातेहार) थाना के केस में जेल गया था तथा वर्ष 2008 में जेल से छुटने के बाद पुनः संगठन में शामिल हो गया।

ये माओवादी दस्ता में रहने के क्रम में कई बार पुलिस से मुठभेड़ की घटना में शामिल रहा। गारू (लातेहार) थाना क्षेत्र के कटीया जंगल में पुलिस मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पुलिसकर्मी मारे गये थे। यह सेन्ट्रल कमेटी सदस्य अरविन्द के कहने पर मृत पुलिसकर्मी के पेट में बम लगाने के लिए एक्सपर्ट को लेकर कटीया जंगल गया था। इस संबंध में पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें...

### आरटीसी कॉलेज में भारतीय तटरक्षक गार्ड भर्ती के लिए जागरूकता सेमिनार का आयोजन



ओरमांझी(मोहसीन):ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना में तेजी से बहाली परिक्रिया चल रही है इसी कड़ी में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के पहल पर ओरमांझी के रामटहल चौधरी महाविद्यालय में भारतीय तटरक्षक गार्ड बहाली जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ,तटरक्षक सेना के डीआईजी के एल अरुण,पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,पूर्व विधायक रामकुमार पहान, रणधीर चौधरी,सहित अन्य लोग शामिल हुए।मौके पर मुख्य अतिथि संजय सेठ ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जा रहा है इसके लिए पूरे देश में युवाओं को ट्रेनिंग देकर उन्हें रक्षा क्षेत्र में बहाली की जा रही है इससे युवाओं को रोजगार के साथ भारत मां का सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा.अब हम देश के खातिर मरने वाले नहीं हैं हम दुश्मनों को घर में घुसकर मारने वाले में है।वहीं भारतीय तटरक्षक के डीआईजी केएल अरुण ने बताया ऑपरेशन सिंदूर के बाद तटरक्षक में बहाली बढ़ा दी गई है ताकि दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा,हमें सरहद पर निडर होकर डटने वाला और दुश्मनों के छक्का छुड़ाने वाला वीर चाहिए, वहीं उन्होंने तटरक्षक सेना में भर्ती की प्रक्रिया भी बताया,वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा की झारखंड वीरों की धरती है जहां पर देश की आन बान शान के लिए हमेशा वीरों ने कुर्बानी दी है, देश की रक्षा के लिए यहां की युवा तैयार हैं।मौके पर एनसीसी के केडर व छात्र छात्राओं को बेग सहित अन्य सामग्री दिए गए.कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक डॉ पारस नाथ महतो,प्रधानाचार्य भीम महतो,आरती कुजूर कमलेश राम रामकुमार महतो प्यारेलाल महतो,जोगिंदर ठाकुर इमरान अंसारी,सुनील,मिना कुमारी,अनुराधा कुमारी,सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं व अतिथिगण उपस्थित थे।

### दाखिल खारिज निरस्त करने के लिए ग्रामीणों ने सीओ को दी आवेदन



ओरमांझी(मोहसीन):कुच्चू की हृदय कहे जाने वाला बाजारटाँड़ मैदान जो पूरे कुच्चू पंचायत की धरोहर है जिस मैदान पर ऐतिहासिक कुच्चू जतरा मेला,साप्ताहिक बाजार,रावण दहन,रामनवमी मेला,कर्मा मिलन समारोह,विद्यालय का खेल मैदान,इसके अलावा हर तरह का सरकारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रातु महाराजा के समय से सैकड़ों वर्षो से होता आ रहा है ,कुछ दलाल प्रवृति के लोगों ने इस सामाजिक धरोहर को बेचने का दुसाहस किया है और दाखिल खारिज करने के लिए आवेदन दिया है जिसे रद्द करने के लिए हम सभी ग्रामीण अंचलाधिकारी उज्ज्वल सोरेन से मुलाकात कर याचिका पत्र दिए और जन हित में दाखिल खारिज नहीं करने का आग्रह किए। सीओ को आवेदन देने पहुंचने वालों में मुख्य रूप से पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,शीश कुमार,अरविन्द कुमार,अमित कुमार,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जंगली हाथियों का उत्पात कई किसानों के तैयार धान के बिचड़ो को रौंदा,किसान मायुस



बड़कागांव(हजारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का उत्पात जारी है । शनिवार रात्रि भगवान बागी की तरफ से पंकरी बरवाडीह के लहरखानी सोती के पास दर्जनों किसान के तैयार धान के बिचड़ो को रौंदा डाला ।जिसमें किसानों अशोक कुमार साव, जागेश्वर साव,तेजू साव,जालिम साव,बुद्धलाल साव, चरकु साव ,निरु साव,मनोज गंझु,जुगेश्वर गंझु,मोसोमात गुलिया ,महावीर साव,कबूतरी देवी, निर्मल कुमार,सहित दर्जनों किसानों के बिचड़े पुरी तरह हाथियों द्वारा रौंद डालने से किसानों की कमर टुट गई। वहीं मायुस किसानों ने कहा कि खेत रोपाई के लिए तैयार किये थे और आज कल में धान के बिचड़े खेत में रोपाई करते पर मेहनत पर हाथियों ने पानी फेर दिया ।अब साल भर क्या खायेंगे । किसानों ने वन विभाग से नुकासान की मुआवजा की मांग की हैं ।

### गोरहर गांव से श्रद्धालुओं का जत्था रामराज मंदिर के लिए रवाना




बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर गांव से श्रद्धालुओं का जत्था धार्मिक पर्यटन स्थल रामराज मंदिर बाघमारा धनबाद के लिए रवाना हुआ।विश्व हिंदू परिषद प्रचार प्रसार के सदस्य गोरहर निवासी बैजनाथ महतो के नेतृत्व में 19 श्रद्धालु पूजा करने के लिए रवाना हुए। बैजनाथ महतो ने बताया की प्रकृति की गोद में धनबाद जिला क्षेत्र का रामराज धाम अत्यंत ही मनोरम स्थल है।लोगों की मान्यता है कि यहां पूजा पाठ करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है।रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में रूबी देवी, गीता देवी, पुनिया देवी, सुमित्रा कुमारी, भगिया देवी, रुकवा देवी, शांति देवी, पार्वती देवी, मेघानी देवी, अनु कुमारी, नीतू कुमारी, पायल कुमारी, मीनाक्षी कुमारी,सविता कुमारी समेत अन्य कई लोग शामिल हैं।

### श्रावन के प्रथम सोमवारी पर 80श्रद्धालुओं ने पकवा से जल उठाया



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड चेपाकला पंचायत में सावन के प्रथम दिन मे महिलाएं ने 80 श्रद्धालुओं ने चेपाकला से होते हुऐ जुगरा होते हुऐ पकवा नदी में जल उठाकर चेपाकला शिव मंदिर भगवान भोलेनाथ पर श्रद्धालुओं ने जल देकर आशीर्वाद लिया ।भगवान भोलेनाथ श्रद्धालुओं पर कृपा बनाए रखें मौके पर अमरलता मिश्रा, सरस्वती कुमारी ,अनीता देवी ,आशा देवी ,कंचन देवी, फूलमनी देवी ,मीना देवी ,किरण देवी, सुनीता देवी, चंचल कुमारी ,पार्वती देवी, संगीता देवी, सुषमा देवी ,साक्षी कुमारी सविता देवी, झलवा देवी कोमल देवी,गुंजन देवी,यशोदा देवी, रीना देवी, रीता देवी,अंजली देवी, भाग्य देवी, ललिता देवी, प्रियंका देवी, सीता देवी,प्रियंका देवी, एवं समस्त ग्रामीण महिला श्रद्धालुओं सैकड़ो उपस्थित थे ।

## रौनियार वैश्य सभा ने पहाड़ी मंदिर में सेवा शिविर का आयोजन किया




ओरमांझी(मोहसीन): सावन के पवित्र महीने की पहली सोमवारी को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा ने पहाड़ी मंदिर परिसर में सेवा शिविर का आयोजन किया।सुबह 5बजे से हर हर हर महादेव जय घोष के साथ जिला सभा के प्रतिनिधि विभिन्न ईकायों के प्रतिनिधि,पहाड़ी मंदिर सेवा शिविर के संचालन समिति की उपस्थिति में पूजा अर्चना के बाद,पहाड़ी मंदिर पहुंचे, श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों के बीच चाय बिस्किट एवं शुद्ध पेयजल का वितरण व्यवस्था शुरुआत की गई।

उपस्थित सभी रौनियार वैश्य बंधु के द्वारा तन मन धंन एवं शारीरिक सहयोग देकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से 10:30 बजे तक संपन्न कराया गया। पुणःहर हर महादेव जय घोष के साथ अगले सोमवार को पुनः इसी समय पहाड़ी मंदिर सेवा शिविर का शुभारंभ किया जाएगा।इस शुभ अवसर पर रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के अध्यक्ष शंभू प्रसाद गुप्ता,कार्यवाहक अध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता,अखिल भारतीय रनियार वैश्य सभा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता,जिला सभा के महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष बिहारी लाल गुप्ता, संगठन सचिव मनीष कुमार गुप्ता,हरमू इकाई के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता,सचिन संजय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष जय किशोर गुप्ता,राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के जिला अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, कोकर ईकाई के अध्यक्ष आर एन शाह, मुन प्रकाश शंकर प्रसाद गुप्ता रातु रोड ईकाई से प्रोफेसर वीरेंद्र गुप्ता,डॉ मुरली सेन गुप्ता,राम जनम गुप्ता, लालपुर ईकाई से पूर्व जिला सचिव नरेंद्र लाल गोपी रविंद्र कुमार गुप्ता, औरमांझी इकाई के सचिव दुर्गा शंकर साहू रातु इकाई के सचिव श्रीशिव पूजन साहू चोरिया से अनिल कुमार गुप्ता अप्पर बाजार इकाई से शंकर लाल गुप्ता बद्री प्रसाद गुप्ता चर्च रोड से श्री प्रदीप कुमार गुप्ता अपनी धर्मपत्नी के साथ सभा स्थल पर सेवा करने के लिए पहुंचे थे,रमेश रौनियार भी अपनी धर्मपत्नी के साथ सेवा शिविर में उपस्थित हुए थे ।

साथ में पहाड़ी मंदिर के समीप रहने वाले अरविंद कुमार गुप्ता संतोष कुमार गुप्ता आदित्यसाहू दीपांकर गुप्ता, साथ में कई गण मान्य समाजसेवी सेवा शिविर में उपस्थित होकर अपनी सेवा भावना से भक्त जनों के बीच चाय बिस्किट शुद्ध पेयजल का वितरण किया,आप सभी समाज के कर्ताधर्ता इकाई से लेकर जिला सभा में निवास करने वाले सभी कर्ताधर्ता बंधु को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा रांची की ओर से आभार व्यक्त करते हैं आप सभी उपस्थित होकर एकता का परिचय दिया और समाज का मनोबल और सम्मान बढ़ाया।

## श्रावन के प्रथम सोमवारी पर जल चढ़ाने के लिए लगी भक्तों की भीड़



बड़कागांव(हजारीबाग)।बड़कागांव महुदी पहाड़ अंतर्गत बुढ़वा महादेव के प्राचीन शिव मंदिर में श्रावन के प्रथम सोमवारी के शुभ अवसर पर हजारों शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए शिव भक्त अहले सुबह से ही कतार में खड़े होकर शाम तक जलाभिषेक करते नजर आएं। हर हर महादेव की जय घोष से पूरा बुढ़वा महादेव गूंज उठा। दूर-दूर से आए शिव भक्त महुदी पहाड़ की खूबसूरती पर मोहित होकर सैकड़ो ने अपने कमरे में तस्वीर उतारी। जल चढ़ाने आए शिव भक्तों के लिए खैरातरी गांव के द्वारा प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दामोदर प्रसाद मेहता, सुबोध जायसवाल, विकाश कु कुशवाहा, बीगल किशोर महतो, हुलास प्रसाद दांगी, बालेश्वर महतो, मनोहर महतो, सरजू महतो अलावा हजारों लोग उपस्थित थे।

## चतरा में बिजली संकट से राहत हेतु हंटरगंज ग्रिड सब स्टेशन के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया जारी

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले में लंबे समय से व्याप्त विद्युत संकट को दूर करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्त्वपूर्ण एवं दूरगामी पहल की जा रही है। 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन, हंटरगंज की स्थापना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। इस विद्युत सब स्टेशन के निर्माण के पूर्ण होने से जिले के हजारों परिवारों को स्थायी रूप से निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

वर्तमान में चतरा शहरी क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण इलाके बिजली की आपूर्ति 220/132/33 केवी इटखोरी ग्रिड सब स्टेशन के द्वारा की जाती है। जिला प्रशासन पूरी तरह इटखोरी ग्रिड सब स्टेशन पर आश्रित हैं। यह ग्रिड सब स्टेशन जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर स्थित है। इतनी लंबी दूरी से विद्युत आपूर्ति के कारण तकनीकी हानियों के साथ-साथ, बार-बार फॉल्ट, वोल्टेज की समस्या और ट्रिपिंग की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके कारण आम नागरिक, किसान, छात्र, छोटे व्यवसायी एवं स्वास्थ्य सेवाएं सभी प्रभावित हो रही हैं।

### क्या है वर्तमान प्रगति?

हंटरगंज ग्रिड सब स्टेशन के लिए प्रस्तावित भूमि वन क्षेत्र में आती है। ऐसे में वन विभाग की शर्तों के अनुरूप प्रतिपूरक वनीकरण हेतु 20 एकड़ गैर वन भूमि (CA Land) की आवश्यकता थी। इस प्रक्रिया में जिला प्रशासन, चतरा ने तत्परता दिखाते हुए सीकरी (सिमरिया), बढ़हीबीघा (हंटरगंज) एवं टूनगुन (लावालौंग) मौजों में कुल 20 एकड़ भूमि का चिन्हांकन कर वन विभाग को समर्पित कर दिया है।

### चतरा के लोगों को क्या होगा लाभ?

इस पावर ग्रिड की योजना पूर्ण होने पर जिले में बिजली की आपूर्ति में स्थायित्व आएगा। बार-बार बिजली कटौती की समस्या में कमी आएगी। व्यवसाय, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि कार्यों में कई प्रकार का गुणात्मक सुधार होगा। निर्बाध बिजली आपूर्ति होने से नई औद्योगिक एवं व्यावसायिक संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। इस कार्य को लेकर जिला प्रशासन अत्यंत संवेदनशील है। जिला प्रशासन चतरा आमजनों को आश्वस्त करता है कि हंटरगंज ग्रिड सब स्टेशन की स्थापना कार्यों में तीव्रता लाकर जल्द से जल्द बिजली संकट से निजात दिलाई जाएगी।

## चतरा में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत प्रथम जिला समन्वय समिति सह डीटीएफ बैठक की गई आयोजित



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 अगस्त 2025 से 25 अगस्त 2025 तक चलाए जाने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान की सफल रूपरेखा तैयार करने हेतु प्रथम जिला समन्वय समिति सह जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक का आयोजन उपविकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि फाइलेरिया उन्मूलन के इस महाअभियान में दवा वितरण, जन-जागरूकता अभियान एवं सभी संबंधित विभाग सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने शिक्षा, पंचायती राज, कृषि, समाज कल्याण, जेएसएलपीएस आदि विभागों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

## चतरा पुलिस अधीक्षक ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और नगर व्यवसायी संघ के साथ की बैठक

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतराः जिले के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं नगर व्यावसायिक संघ के साथ बैठक की। पुलिस कप्तान सुमित कुमार अग्रवाल के साथ संपन्न हुई, इस बैठक में चतरा पुलिस कप्तान सुमित कुमार अग्रवाल, चतरा डीएसपी एवं चतरा सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार मौजूद थे। जिला पुलिस अधीक्षक के साथ एसपी कार्यालय में चतरा नगर के सभी सम्मानित व्यापारियों के साथ कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, नशा मुक्ति अभियान, एवं सीसीटीवी कैमरा के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई।

श्री अग्रवाल ने यातायात व्यवस्था , नशा विरुद्ध अभियान एवं चतरा में चारों तरफ नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की बात कही। साथ ही पूरे नगर को वन वे ट्रैफिक नियम से चलाया जाएगा । गया से आनेवाले सभी वाहनों को गर्ल्स स्कूल के पास से मुड़ कर जाना पड़ेगा साथ ही लाइन मुहल्ला से आने वाले सभी वाहन सीधे जायेंगे। शहर से गुजरने वाले सभी बस बस स्टैंड और पोस्टऑफिस के पास ही पैसेंजर उठाने का काम करेंगे।साथ ही शहर के दुकानदारों से आग्रह किया गया कि अपने दुकान के बाहर सामान न निकाले दुकान में आने वाले ग्राहक के दो पहिया वाहन कतार में लगवाए। साथ ही शहरवासियों से पुलिस आग्रह करतीं है कि यातायात को सुगम बनाने में सहयोग करे,भीड़भाड़ होने के वजह स्कूली बच्चों और एम्बुलेंस वाहन को काफी परेशानी झेलना पड़ता है। नगर निगम को भी जाम से निजात दिलाने हेतु अभियान चलाने का निर्देश दिया तथा चतरा डीटीओ को वाहनों की जांच, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच एवं अति तीव्र गति से चलती वाहनों पर लगाम लगाने का भी निर्देश दिया गया। साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने हेतु 1930 नंबर पर तुरंत जानकारी देने पर साइबर फ्रॉड से बचा जा सकता है । श्री अग्रवाल ने नगर के व्यापारियों को बताया कि नगर में कानून व्यवस्था मजबूती के साथ लागू होगा यह सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में चैंबर अध्यक्ष, जितेंद्र जैन सचिव संजय अग्रवाल,पूर्व जिला व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष शंकर तुलस्यान जी, व्यावसायिक संघ के संरक्षक, बीगन अग्रवाल , नगर व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष सागर आर्य, सचिव शैलेंद्र खंडेवाला , तथा नगर के गणमान्य व्यवसायी प्रमोद ताम्बी ,सतीष गुप्ता,विकाश केशरी ,सत्यपाल चावला ,नवीन केशरी ,बिनोद केशरी समेत कई व्यवसाय से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## नदी में डूबने से छात्रा की हुई मौत

हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण के ग्राम बच्छई चक में नदी में डूबने से एक छात्रा की मौत हो गई। सोमवार को ग्राम बच्छई चक निवासी मोगेषा प्रवीण 15 वर्ष पिता युसूफ अंसारी शौच के दरम्यान नदी में पानी लेने गई थी।इसी बीच उसका पैर फिसलने के कारण नदी में डूबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतका मोगेषा प्रवीण बिरसा उवि में कक्षा नवम की छात्रा थी। मृतक के पिता युसूफ अंसारी ने बताया की उनकी बेटी प्रतिदिन की तरह शौचालय के लिए नदी तरफ गई थी। पानी छूने के क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गयी।घटना की जानकारी जब तक आसपास के लोगों को होने पर जुटते उसके पहले छात्रा की मौत हो चुकी थी।

## नयासराय से रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क बनाने की सरकार से माँग, स्थानीय लोगो ने सड़क पर धान रोपनी कर जताया नराजगी



रांची(मोहसीनआलम): नयासराय से रेलवे क्रासिंग तक की सड़क को दुरुस्त करने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की. एक साल से यह सड़क काफी खराब स्थिति में है. नया विधानसभा, ग्रेटर रांची एरिया से भी यह रास्ता सीधा जुड़ता है. इस रास्ते से कई लोग आना-जाना करते हैं जिसे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.सड़क पर गड्ढे और उबड़-खाबड़ सतह है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाता है और सड़क और भी खतरनाक हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़क के कारण उन्हें हर दिन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वे कहते हैं कि गड्ढों के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क की मरम्मत के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसलिए, स्थानीय लोगों ने अब सड़क बनाने की को लेकर धन रोपनी कर विरोध दर्ज कराया. उनका कहना है कि जब तक सड़क नहीं बनेगी, तब तक उन्हें राहत नहीं मिलेगी। मौके पर समाजसेवी आजाद अंसारी ने कहा कि वह जल्द ही इस मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों से मिलकर समस्या को रखेंगे और उनसे सड़क बनाने या मरम्मत की मांग करेंगे. मौके पर समाजसेवी आजाद अंसारी पूर्व मुखिया फिरोज अंसारी,कांग्रेस जिला ग्रामीण सचिव फ़िरोज़ आलम,मो० समीउल्लाह,एनामुल हक,नईम,साहीद सोनू,इरफ़ान मलिक, सलमान,समीम कोल्हा,रेयाजुद्दीन, सगीर आलम समेत कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार में संवेदकों की बैठक, नागेश्वर गंझु बने अध्यक्ष



कोयलांचल संवाद संवाददाता

पिपरवार(चतरा) सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत बचरा श्रमिक क्लब में रविवार को स्थानीय संवेदकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन वर्षों के लिए संवेदक संघ की नई कोर कमेटी का गठन करना था। अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, लेकिन आम सहमति नहीं बन पाने के कारण चुनाव की प्रक्रिया अपनाई गई। चुनाव प्रभारी लक्ष्मण कुमार मंडल एवं इकबाल हुसैन की देखरेख में शांतिपूर्ण मतदान कराया गया, जिसमें नागेश्वर गंझु को विजयी घोषित किया गया।इस अवसर पर संगठन का नया नामकरण “पिपरवार विस्थापित प्रभावित संवेदक संघ” के रूप में किया गया, जो अब भविष्य में इसी नाम से कार्य करेगा।बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों संवेदकों ने भाग लिया और नई कमेटी को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व संवेदकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगा।

## चौपारण में कुशवाहा समाज ने सम्मान समारोह आयोजित कर मैट्रिक टॉपर्स को किया सम्मानित

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चौपारण (हजारीबाग) सोमवार को कुशवाहा समाज चौपारण की ओर से पंचायत सचिवालय, बेला में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज की वरिष्ठ सदस्य माहेश्वरी मेहता ने की। इस अवसर पर समाजसेवी नागेन्द्र कुमार तथा बेला पंचायत की मुखिया ममता कुमारी ने उपस्थित होकर छात्रों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रखंड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले 15 विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी नागेन्द्र कुमार ने कहा, “बच्चों की यह सफलता पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। हमें चाहिए कि ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित कर आगे की पढ़ाई में भी मदद करें ताकि वे और ऊंचाइयों को छू सकें।” मुखिया ममता कुमारी ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों को सम्मान देते हैं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से बच्चों में और बेहतर करने की भावना उत्पन्न होती है। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोग, अभिभावक व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महाकालेश्वर मंदिर ओरमांझी उलातू में श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जल अभिषेक किया



ओरमांझी(मोहसीन):सावन महीने के पहली सेमवार को सैकड़ो श्रद्धालुओं ने महाकालेश्वर ओरमांझी उलातू में बाबा भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया, जहाँ सुबह 5 से ही भक्तों का जन सैलाब देखने को मिल रहा था,श्रद्धालुओं के आने जाने से पूरा क्षेत्र भक्ति मय में डूबा हुआ था, जय जय का जयकारा लगाते हुए लोग मंदिर परिषद पहुंचे और श्रद्धा सुमन के साथ पूजा अर्चना की, मौके पर संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि एक महीने का यह पवित्र सावन महीना श्रद्धालुओं के अंदर लालच बुराई से दूर रहने का प्रेरणा देती है,लोगों को चाहिए कि गरीब गुर्बा असहाय लोगों की दिल खोल कर मदद करें, ताकि स्वर्ग में जगह मिल सके,वहीं उन्होंने कहा कि मंदिर आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका मंदिर समिति के लोग विशेष ध्यान दें।इस अवसर पर अमरनाथ चौधरी गोपाल सिंह प्रकाश महतो गणेश महतो करण महतो पुजारी के रूप में नीरज बाबा सहित सैकड़ो भक्त शामिल थे।

## चतरा उपायुक्त ने ग्रामीण विकास एवं जेएसएलपीएस योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिला मुख्यालय के समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग तथा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जे०एस०एल०पी०एस०) से संबंधित सभी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बिरसा हरित ग्राम योजना, डोभा निर्माण, पलाश मार्ट, दीदी कैफे, सखी मंडल गतिविधियों सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला उपायुक्त ने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सखी मंडल को आत्मनिर्भर बनाने, आजीविका संवर्धन हेतु ऋण वितरण, दीदी कैफे, पलाश मार्ट, दीदी बागवानी तथा महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करने पर बल दिया।

### उपायुक्त ने मनरेगा योजना की समीक्षा की

जिला उपायुक्त ने मनरेगा योजनाओं की समीक्षा के दौरान पौधारोपण योजना में 1700 लक्ष्य के विरुद्ध 98 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई, जिस पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए पत्थलगड्डा, हंटरगंज, एवं कुंदा प्रखंड को शत-प्रतिशत स्वीकृति प्रदान की और गड्ढा खुदाई कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा में टंडवा, प्रतापपुर, कान्हाचट्टी एवं गिद्धौर की प्रगति को उपायुक्त ने असंतोषजनक पाया। जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए अगली बैठक तक शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन खेल मैदानों में चेंजिंग रूम एवं बाथरूम नहीं हैं, वहाँ 15वें वित्त आयोग मद से इन सुविधाओं का निर्माण कराया जाए। इस योजना के 523 लक्ष्यों में से 350 खेल मैदान पूर्ण किए जा चुके हैं। साथ ही, उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मियों के ईपीएफ खाते शीघ्र खुलवाने एवं मनरेगा पार्क निर्माण हेतु स्थल चिन्हित करने का निर्देश सभी प्रखंडों को दिया।

## संक्षिप्त खबरें...

### विवाहिता की हत्या, पति ने 17 किमी दूर दफनाया शव

मोतिहारी. मोतिहारी में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। हत्या के चार दिन बाद रविवार शाम डोडा नदी के पास से शव बरामद हुआ है। मृतका की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरहरवा गांव निवासी मिंटूलाल की पत्नी बबीता देवी(25) के रूप में हुई है। मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 2019 में मिंटूलाल से हुई थी। दंपती का एक बच्चा भी है। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बाद में दहेज को लेकर प्रताड़ना शुरू हो गई। घटना वाली रात बबीता ने अपनी मां से फोन पर बात की थी। अगली सुबह उसकी मौसी से मौत की खबर मिली। परिवार जब ससुराल पहुंचा तो वहां कोई नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चार दिन की जांच के बाद शव बरामद किया। बबीता के ससुराल वालों ने शव को छिपाने के लिए 17 किलोमीटर दूर छौड़ादानों थाना क्षेत्र के बंजारी गांव में डोडा नदी के पास दफना दिया था। मुफ्फसिल थाना के अपर थानाध्यक्ष शशि कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### पटना वकील मर्डर: डीजीपी से एसआईटी जांच की मांग, बार काउंसिल ने बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी

पटना . पटना में वकील जितेंद्र मेहता हत्याकांड को लेकर अधिवक्ताओं में रोष है। मामले की जांच के लिए डीजीपी विनय कुमार से एसआईटी गठित कर दोषी को पकड़ने की मांग की गई। वहीं इस मर्डर केस को लेकर बिहार स्टेट बार काउंसिल ने वकीलों की तीन सदस्यी फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि 1977 से लेकर अब तक करीब 97 वकीलों की हत्या हो चुकी हैं। वहीं इससे पहले सोमवार को पटना सिविल कोर्ट और पटना सिटी कोर्ट में वकीलों ने न्यायिक कार्य नहीं किया, अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से अलग होकर विरोध किया। जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित रहा। आपको बता दें रविवार को सुल्तानगंज थाना क्षेत्र की महेन्द्रू ट्रेनिंग कॉलेज गली में घर के पास अपराधियों ने अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार (50) को गोली मार दी। पहले से घात लगाए बदमाशों ने उनके कंधा, पेट और सिर में तीन गोलियां दागीं। जिससे जितेंद्र की मौत हो गई। उधर वारदात को अंजाम दे अपराधी पैदल फरार होने में सफल हो गए।

### किशनगंज में मजदूर को पीटा-पीटकर मार डाला

किशनगंज . किशनगंज में रविवार शाम एक मजदूर की हत्या का मामला सामने आया था। मृतक की पहचान लखन मुर्मू के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना के 12 घंटे के भीतर इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया। दो सगे भाइयों को हत्या के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत पाटकाई कला के घूरना गांव की है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि, मृतक घूरना गांव में मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा था और हालामाला का मूल निवासी था। मृतक के परिजनों की शिकायत पर कोचाधामन थाना में मामला दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि दोनों आरोपी सोम हांसदा और निमाई हांसदा की फूफी का मृतक लखन के साथ कथित रूप से अवैध संबंधों था। दोनों आरोपी भाई इसी बात को लेकर लखन को समझाने गए थे, जहां विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान आरोपी दोनों भाइयों ने लखन की लाठी से पिटाई कर दी। हमले में लखन के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### करंट के चपेट में आने से युवक की मौत

आरा (भोजपुर). भोजपुर जिले के पिरो थाना क्षेत्र के बारोडीह गांव में सोमवार को करंट की चपेट में आने से पूर्व मुखिया का बेटा गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के लिए पीरो पीएचसी ले जाने के दौरान उसमें रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, मृत छात्र पीरो थाना क्षेत्र के बारोडीह गांव वार्ड नंबर-1 के रहने वाले महावीर चौधरी सह पूर्व मुखिया का 24 साल का बेटा अरुण कुमार है। अरुण ग्रेजुएशन के बाद कंपटीशन की तैयारी कर रहा था। मृत छात्र के चाचा जगलाल चौधरी ने बताया कि खेत में रोपनी करने गया था। रोपनी के दौरान अचानक ऊपर से गुजर रहा बिजली का तार उसके शरीर पर गिर पड़ा, जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने इसकी सूचना अरुण के परिजन को दी।

### आरा में पुलिस की फायरिंग में शख्स की मौत

आरा. भोजपुर में पुलिस की फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। टीम को शराब की सूचना मिली थी। जिसके बाद उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिसमें उत्पाद विभाग के कई जवान घायल हो गए। एक को गंभीर चोट लगी है। जवाबी कार्रवाई में टीम को अपनी सुरक्षा में गोली चलानी पड़ी। इसी दौरान एक शख्स को गोली लग गई। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई।

### समस्तीपुर में मिली महिला की सिर कटी लाश

समस्तीपुर. समस्तीपुर में सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक महिला की सिर कटी लाश मिली है। रेलवे ट्रैक से करीब 20 मीटर दूर महिला का धड़ जबकि ट्रैक से करीब 100 मीटर दूर झाड़ियों में सिर मिला है। घटना पूर्व मध्य रेलवे के हाजीपुर-बरौनी रेलवे ट्रैक के विद्यापतिधाम-हरपुर बोचहा रेलवे हाल्ट के पास की है। जानकारी के बाद विद्यापति धाम थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। बताया जा रहा है कि महिला की दूसरी जगह हत्या करने के बाद लाश लाकर रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। रेलवे ट्रैक की ओर सुबह घूमने गए स्थानीय लोगों ने लाश देखी, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

### पीएम मोदी के मोतिहारी दौरे की तैयारी:सुगौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक, 10 प्रचार वाहन रवाना

मोतिहारी . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को मोतिहारी आ रहे हैं। इस दौरे की तैयारियों को लेकर सुगौली की सावित्री वाटिका में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। सांसद जायसवाल ने कहा कि यह मामूली दौरा नहीं है। यह पूर्वी चंपारण की आत्मा से प्रधानमंत्री का संवाद है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाना है। मोतिहारी के गांधी मैदान में होने वाले कार्यक्रम में हर पंचायत से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास शर्मा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। उन्होंने बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान की योजना रखी। मोदी सरकार की उपलब्धियों के प्रचार के लिए 10 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये वाहन पूरे जिले में घूमेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी, पूर्व एमएलसी बबलू गुप्ता और रामगोपाल खंडेलवाल समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे। पंकज लोचन मिश्रा, राजेश्वर ठाकुर, चंदन गुप्ता, रिंटू मिश्रा और अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### खुद बेल पर, तेजस्वी को जेल भेजने की व्यवस्था कर दी; लालू का पुराना वीडियो बीजेपी नेता ने वायरल किया

पटना. चुनावी साल में बिहार का सियासी पारा हाई है। सत्ताधारी एनडीए गठबंधन और विपक्षी महागठबंधन के नेताओं के बीच जुबानी वार पलटवार का दौर तेज होता जा रहा है। तेजस्वी यादव सरकार को नाकाबिल बताकर हटाने की गुजारिश जनता से कर रहे हैं तो बीजेपी, जेडीयू, हम, लोजपा-आर, रालोमो के नेता लालू-राबड़ी राज की याद दिलाकर तेजस्वी को पछाड़ने में लगे हैं। इस बीच बीजेपी प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू प्रसाद का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर बड़ा आरोप लगाया है। वीडियो पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव का एक चैनल के साथ इंटरव्यू का है। प्रसिद्ध फिल्म स्टार फारुख शेख उनका इंटरव्यू ले रहे है। शेख के एक सवाल के जवाब में लालू प्रसाद कहते हैं कि जो जेल नहीं जाएगा उसका जीवन सार्थक हो ही नहीं सकता। वर्षों पुराने वीडियो को बीजेपी ने लपक लिया है और सोशल मीडिया पर वायरल करके लालू के बेटे तेजस्वी यादव पर हमला किया है। नीरज कुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर वीडियो के साथ लिखा है- "देखिए बेशर्मी की प्रकाष्ठा को जब लालू प्रसाद यादव जी कह रहे हैं कि जो जेल नहीं जाएगा उसका जीवन सफल हो ही नहीं सकता। ये जनाब चारा घोटाला में जेल गए थे। अभी भी बेल पर हैं।

# बेगूसराय में 3 युवकों को मारी गोली, एक की मौत, 2 गंभीर

बेगूसराय. बेगूसराय में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े 3 युवकों को गोली मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। 7-8 राउंड फायरिंग हुई है। घटना लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा रेलवे गुमटी के पास की है। मृतक की पहचान अमित कुमार (25) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेलवे गुमटी के पास अमित छोटे वाहनों से बैरियर वसूलता था। सुबह करीब 11:30 बजे स्टाफ प्रिंस कुमार के साथ बैरियर पर बैठा था। इस दौरान 2 बाइक से 4 अपराधी पहुंचे। ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बेगूसराय रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर गोली मारी है। गोली लगने से अमित, शुभम और प्रिंस घायल हो गए। इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां अमित की मौत हो गई। स्थिति तनावपूर्ण है। मौके पर 2 थानों की पुलिस पहुंची है। बेगूसराय SP मनीष घटनास्थल पर पहुंचे। 4 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है। सदर अस्पताल में



पुलिस और परिजनों के बीच तीखी बहस हो गई। परिजन लाश को लेकर पहले सड़क जाम करना चाह रहे थे, जबकि पुलिस पोस्टमॉर्टम कराना चाह रही थी। बाद में सदर-वन डीएसपी सुबोध कुमार और साइबर डीएसपी इमरान अहमद ने लोगों को समझा-बुझाकर लाश को पोस्टमॉर्टम हाउस में भेजा। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। सूत्रों के अनुसार दोनों तरफ से फायरिंग हुई है। पहले अमित एवं प्रिंस पर गोली चलाई गई, इसके जवाब में भी गोली चली है। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं है।

### भाई बोला- प्लानिंग कर के भाई का मर्डर किया

मृतक के भाई अमर कुमार ने बताया कि 'पूरी प्लानिंग के साथ भाई की हत्या की गई है। मेरा भाई बैरियर पर नहीं बैठता था।



हमेशा स्टाफ ही रहता था। उसे बुलाकर लाया था। वो थोड़ी देर पहले ही घर से वहां पहुंचा था। अचानक अपराधी पहुंचे और गोलीबारी करने लगे।' 'बैरियर का ठेका भैया के पास था। उसी विवाद में गोली मारी गई है। आलोक, राहुल, प्रेमी, मनीष, विष्णु, चिंटू ने मिलकर भाई की हत्या की है। 5 साल पहले पिता की भी हत्या हुई थी। बदमाश 3 बाइक से आए थे। 7-8 राउंड फायरिंग हुई है।'

### पटिदार से चल रहा था जमीन विवाद

सदर-वन डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि 'बाघा रेलवे गुमटी के पासा अमित कुमार नगर निगम के तहत वाहन का टैक्स वसूली करता था। आज वह अपने दोस्त प्रिंस कुमार के साथ बैठा हुआ था, तभी बाइक पर सवार बदमाश आए और ताबड़तोड़ गोली चला दी।' 'इसमें दोनों जख्मी हो गए। इलाज के दौरान अमित की मौत हो गई। प्रिंस का इलाज चल रहा है। एक और घायल शिवम के बारे में भी जानकारी मिली है, जिसका पता लगा रहे हैं।' 'शुरुआती जांच में पता चला है कि पाटीदार दीपू महतो और अमित के पिता सुनील महतो के बीच वर्चस्व और जमीन को लेकर लड़ाई थी। इसी विवाद में 9 जून 2016 की रात सुनील महतो की हत्या हुई। इसके बाद 4 सितंबर 2018 को दीपू महतो की भी हत्या की गई थी। '20-25 दिन पहले दीपू महतो की पत्नी रीता देवी ने अमित पर रंगदारी का मामला दर्ज कराया था। जिसमें अमित जेल भी गया और 7 दिन पहले ही जमानत पर निकला था।

# उमानाथ मंदिर में करीब 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे, गौरी शंकर मंदिर को फूलों से सजाया गया

पटना. सावन की आज पहली सोमवारी है। धनिष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान योग और सौभाग्य योग के साथ संकष्टी गणेश चतुर्थी का उत्तम संयोग बन रहा है। भगवान शिव की पूजा के लिए सुबह से ही शिवालयों में भीड़ देखने को मिल रही है। भक्त ॐ नमः शिवाय, हर हर महादेव, बोलबम के जयकारे लगा रहे हैं। पटना के अलग-अलग शिवालयों और मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दिख रहे हैं पटना सिटी के गौरी शंकर मंदिर को फूलों से सजाया गया है। सुबह से ही भक्त यहां आकर दर्शन कर रहे हैं। श्रद्धालु अमर कुमार ने कहा कि आज पहली सोमवारी है। भोलेनाथ को जल चढ़ाकर मन आनंदित हो गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। वहीं, बिहटा के पास प्राचीन बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में भी अहले सुबह से ही जलाभिषेक और पूजा करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। करीब एक किमी की लंबी लाइन है। मंदिर




प्रशासन और जिला प्रशासन के तरफ से श्रद्धालुओं को कोई समस्या नहीं हो, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। इस साल मंदिर प्रशासन की तरफ से ज्यादा भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए एक अलग सी व्यवस्था की गई है। देवघर के तर्ज पर बाबा के ऊपर जलाभिषेक के लिए बाहर से ही अर्घ्य की व्यवस्था की गई है।

### छपरा:6 हजार से ज्यादा ने किया जलाभिषेक

सावन की पहली सोमवारी पर छपरा के एकमा स्थित शिव शक्ति धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिव भक्तों की 2 किलोमीटर लंबी कतार मंदिर के बाहर देखी गई। अब तक 6 हजार से अधिक भक्तों ने जलाभिषेक कर भोलेनाथ से अपनी मनोकामनाएं मांगी हैं। चिलचिलाती धूप भी आस्था के आगे फीकी पड़ गई। शिव भक्त 'हर हर महादेव', 'बोल बम' और 'ओम नमः शिवाय' के जयघोष के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना में जुटे हैं। एकमा के अन्य शिवालयों में भी सुबह से श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलाभिषेक कर रहे हैं। पूरा इलाका शिवमय माहौल में डूबा है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जल, दूध, दही, शहद और घी से बना पंचामृत, बेलपत्र, भांग, धतूरा, फल-फूल और अन्य पूजन सामग्री की समुचित व्यवस्था की है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

## 'बिहार के हर गली में डर, हर घर में बेचैनी': राहुल बोले- सीएम कुर्सी बचाने में लगे हैं

पटना. बिहार को 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' कहते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि बिहार बना 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया'- हर गली में डर, हर घर में बेचैनी! बेरोज़गार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुNDA राज। सीएम कुर्सी बचा रहे हैं, भाजपा मंत्री कमीशन कमा रहे हैं। मैं फिर दोहरा रहा हूं - इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है। राहुल गांधी जब बिहार दौरे पर राजगीर आए थे तो उन्होंने पहली बार बिहार को क्राइम कैपिटल कहा था। उन्होंने अपने 30 मिनट के भाषण में कहा कि बिहार ज्ञान की भूमि थी। पहले नालंदा में पूरी दुनिया से लोग आते थे, आज यहां से पूरी दुनिया में जाते हैं। बिहार की नई डेफिनेशन क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया है, कहां से कहां पहुंच गए आप। इससे पहले पटना में हुए व्यापारी गोपाल खेमका की हत्याकांड पर भी राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था कि पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका



की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है - भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को "भारत की क्राइम कैपिटल" बना दिया है। आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है - और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती।

## मुजफ्फरपुर में पत्नी ने किया पति का मर्डर,17 चाकू मारे:अकेले की हत्या, अफेयर का था शक

मुजफ्फरपुर. 7 जुलाई को मुजफ्फरपुर में हुए पंचायत रोजगार सेवक की हत्या उनकी पत्नी ने ही की थी। रविवार को सुराग मिलने के बाद एसआईटी ने आरोपी पत्नी सबा फिरदौस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में सबा फिरदौस ने पति मुमताज अहमद (38) की हत्या की साजिश रचने और उसे अंजाम देने की बात कबूल कर ली है। सोमवार को पुलिस ने इसका खुलासा किया है। अवैध संबंध के शक में पत्नी ने अकेले ही कमरे में सो रहे पति का गला रेता। 7 जुलाई को चाकू से मुमताज की आंखें फोड़ दीं, जांघ को चीर दिया। सिर, सीने और पीठ पर भी चाकू से 17 वार किए। पत्नी सबा फिरदौस को शक था कि पति का किसी महिला के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा है। अक्सर मारपीट करता था। उसको संदेह था कि पति उसको मार देगा। आरोपी सबा यूपीएससी और बीपीएससी की तैयारी करती थीं। दो बार यूपीएससी और एक बार बीपीएससी का एग्जाम दे चुकी थी। अपने कमरे की दीवार पर लिखा था- 'हारना मंजूर है मुझे, पर खेल बड़ा ही खेलूंगी।' आरोपी पत्नी बार-बार अपना बयान बदल रही थी, जिससे एसआईटी का शक गहरा हुआ। पहले उसने बताया कि बिजली गुल होने पर नींद खुली तो पति को खून से लथपथ पाया। बाद में उसने कहानी बदली और कहा कि अपराधियों ने चाकू की नोक पर उसे कब्जे में लिया और उसकी आंखों के सामने पति की हत्या की। इसके बाद उसी से अलमारी खुलवाकर सामान लूट लिया। वहीं घटनास्थल पर मिला खून से सना चाकू और घर में घुसने का तरीका (गैस कटर से दरवाजा काटना) पुलिस को किसी प्लांड साजिश का संकेत दे रहा था। हालांकि, शुरुआती जांच में घर से नकदी, गहने और सीसीटीवी हार्ड डिस्क गायब होने से पहले यह लूटपाट का मामला लग रहा था। एसएसपी सुशील कुमार ने बताया- 'पत्नी की निशानदेही पर घर के पीछे झाड़ी से अई और रेलवे ट्रैक के पास से मोबाइल बरामद हुआ है। 'डीवीआर की जांच हुई तो उसमें सात जुलाई की रात 1:30 बजे तक का वीडियो मिला है। पत्नी ने सोए अवस्था में ही पति का चाकू से गला रेत दिया। साथ ही शरीर के कई जगहों पर वार किया। ' हत्या वाले दिन सबा ने रोने का नाटक किया, वो बेसुध हो रही थी। बार-बार बस इतना ही कह रही थी कि 'मार दिया-मार दिया।' हत्या की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच पड़ताल की गई। सबा फिरदौस से पूछताछ की गई थी। वारदात वाले दिन उसने कहा था कि शाम को पति की फोन पर किसी से बहस हुई थी। सबा ने पुलिस को गुमराह करने की पूरी कोशिश की थी।

## बिहार से भागा पटना की मेयर सीता साहू का बेटा, गिरफ्तारी के लिए रेड; आर्म्स लाइसेंस होगा रद्द

पटना. पटना की मेयर सीता साहू का बेटा बिहार छोड़कर भाग गया है। दरअसल हाल ही में पटना पुलिस ने पटना मेयर सीता साहू के बेटे शिशिर की तलाश में उनके घर पर दबिश दी थी। इस दबिश के दौरान शिशिर तो घर पर नहीं मिला था लेकिन मेयर के समर्थकों के साथ पुलिस की हल्की धक्का-मुक्की हुई थी। जैसे ही मेयर के घर के बाहर पुलिस की टीम दलबल के साथ पहुंची थी वहां समर्थकों का जमावड़ा लग गया था। यह समर्थक पुलिस की कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। अब यह जानकारी सामने आ रही है कि मेयर का बेटे बिहार छोड़ कर भाग गया है।

पुलिस शिशिर की तलाश में छापेमारी कर रही है। पटना के एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने कहा कि मेयर पुत्र और उसके बॉडीगार्ड के हथियार का सत्यापन किया जा रहा है। दोनों के हथियार के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। जाहिर है पुलिस मेयर के बेटे पर अब ताबड़तोड़ ऐक्शन ले रही है। आपको बता दें कि पटना में कुछ दिनों पहले नगर निगम की बैठक हुई थी। इस बैठक में हंगामा भी हुआ था। पूर्व मेयर ने आरोप लगाया था कि इस बैठक में मेयर सीता साहू के बेटे शिशिर भी मौजूद थे। पूर्व मेयर ने कहा था कि शिशिर इस बैठक में शामिल होने के लिए अधिकृत नहीं हैं फिर भी वो इसमें शामिल हुए थे। शिशिर और उनके बॉडीगार्ड पर आरोप लगा था कि उन्होंने पूर्व





मेयर से बदसलूकी की थी और गाली-गलौज किया था। हालांकि, बाद में शिशिर ने अपनी सफाई देते हुए कहा था कि पार्षद प्रतिनिधि होने के नाते वो इस बैठक में गए थे। बता दें कि पटना नगर निगम बोर्ड की बैठक में मेयर सीता साहू के बेटे शिशिर की तीखी नोंकझोंक पार्षद विनय कुमार पप्पू, आशीष कुमार सिन्हा और इंद्रदीप कुमार चंद्रवंशी के साथ हुई थी। आरोप लगा था कि जब पार्षद इस बैठक का बहिष्कार कर बाहर जाने लगे थे तब विनय कुमार पप्पू और शिशिर के बीच हाथापाई की नौबत आ गई थी।

## जब सब मौन रहे, तब अभिमन्यु कूदा... अरुण भारती ने पोस्ट कर घेरा

xपटना. लोजपा-आर के जुमई से सांसद और चिराग पासवान के जीजा ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। जिसमें महाभारत के चार किरदारों का जिक्र किया है। साथ ही अभिमन्यु की भी बात हुई है। हालांकि ये ट्वीट कर अरुण भारती ने किस ओर निशाना साधा है, ये पूरी तरफ साफ नहीं हैं। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होने लिखा कि महाभारत के 4 प्रमुख पात्र जिन्होंने समय का मान नहीं रखा पितामह भीष्म, महाराज धृतराष्ट्र, महारानी गांधारी, महाराज शकुनि (नहीं, सभी का सम्मान है। बात सिर्फ समय की है) जब सब मौन रहे, तब अभिमन्यु जिसमें अनुभव की कमी थी- चक्रव्यूह में कूदा, क्योंकि समय का मान रखने के लिए अनुभव नहीं, नव-संकल्प चाहिए। इस पोस्ट के अलग-अलग मायने



निकाले जा रहे हैं। हालांकि अभिमन्यु की तुलना चिराग पासवान से होती दिख रही है। हाल ही में लोजपा आर की दो बड़ी नव संकल्प रैलियां हुई थीं। पहली शाहबाद और दूसरी सारण में हुई। जिसमें चिराग पासवान ने घोषणा की थी, कि मैं चुनाव लड़ूंगा बिहारियों के लिए, अपने भाइयों के लिए, अपनी माताओं के लिए, अपनी बहनों के लिए और बिहार में एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, एक ऐसा बिहार बनाएंगे जो सही मायनों में प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएगा। पोस्ट के जरिए से इशारों ही इशारों में एनडीए के अंदर कई मुद्दों पर चल रही खींचतान पर भी तंज कसा गया है। बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर खुद चिराग पासवान और उनकी पार्टी के सांसद राजेश वर्मा और अरुण भारती राज्य के लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल उठाते आए हैं। हालांकि अरुण भारती ने अपनी पोस्ट में महाभारत के जिन 4 किरदारों का जिक्र किया है, उनकी तुलना किससे की है, ये साफ नहीं हो सका है।

## जीजा ने साली को उतारा मौत के घाट, अररिया से नेपाल जाकर देर रात सिर में गोली मार दी

अररिया. भारतीय सीमा से सटे नेपाल के सुनसरी जिले हरिनगर गांव पालिका वार्ड संख्या 6 के घुसकी में रविवार की देर रात एक 18 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई । पुलिस के अनुसार हत्या का आरोपी घूरना निवासी लड़की के जीजा एजाज मियां जाट है। जिला पुलिस कार्यालय सुनसरी के पुलिस अधीक्षक सुमन कुमार तिमिसीना ने बताया कि देर रात युवती अर्चना खातून की सिर में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। इंडिया की पुलिस को सूचना दे दी गई है। प्रारंभिक अनुसंधान में जानकारी मिली है कि लड़की के जीजा एजाज ने ही गोली मारकर हत्या की है। सुनसरी के पुलिस अधीक्षक सुमन कुमार तिमसिना ने बताया कि गोली मारने वाले शख्स की पहचान अररिया जिले पतराहा पंचायत-16 निवासी 29 वर्षीय एजाज मियां जाट के रूप में हुई है । पुलिस के अनुसार अर्चना खातून को रविवार की देर रात करीब एक बजे पारिवारिक विवाद के दौरान गोली मार हत्या की गयी गई। घटना के बाद से ही एजाज मियां फरार है। सुनसरी पुलिस ने बताया है कि डीएसपी योगराज खातीवाड़ा के नेतृत्व में एक पुलिस दल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## पुलिस-अपराधियों के बीच मुठभेड़ में 1 जख्मी:लूट के आरोपी ने पुलिस पर की फायरिंग, दो की गिरफ्तारी

पटना. पालीगंज अनुमंडल के रानीतालाब थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। काब गांव के पास बगीचे में गोलीबारी हुई है। मुठभेड़ में एक अपराधी को गोली लगी है। जबकि, दो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी पालीगंज थाना क्षेत्र के पैरपूरा गांव के रहने वाले हैं। सूरज कुमार और आलोक कुमार में से सूरज को गोली लगी। इलाज पटना में चल रहा है। पुलिस ने अपराधियों से एक देशी कट्टा और चार जिंदा गोली बरामद की।



जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की

रानीतालाब थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार को सूचना मिली थी कि पिछले महीने पान दुकानदार सनी कुमार से लूट करने वाला अपराधी काब गांव के पास है। वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। सूरज कुमार के पैर में गोली लगी। वह जख्मी हो गया। दूसरा अपराधी भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। इधर, पूरी घटना को लेकर पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बीते महीने रानीतालाब थानाक्षेत्र के सैदाबाद गांव के पास रात्रि में एक पान दुकानदार सनी कुमार से हथियार के बल पर लूट की गई थी। इसमें पुलिस अपराधी की धर पकड़ में लगी हुई थी। इस दौरान सूचना मिली की लूट कांड का अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने काब गांव के पास पहुंचा है, इसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। लेकिन, पुलिस के ऊपर अपराधी फायरिंग करने लगे, जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से भी अपराधी के ऊपर फायरिंग की गई, इसमें एक अपराधी को गोली लगी है। जबकि, दूसरा अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल गिरफ्तार अपराधियों के पास एक देशी कट्टा और चार जिंदा गोली बरामद किया गया है। अपराधियों से पूछताछ पुलिस कर रही है।

# सम्पादकीय

कोयलांचल संवाद

रांची, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025



www.ksnewsupdates.com

## आइजोल को आजादी के 75 साल बाद ट्रेन की मिलेगी सौगात

रेलवे के इस नवनिर्मित नए रूट में मिजोरम के अन्दर बैराबी, कुर्तिकी, कावंपुई, मुलखांग और सायरांग जैसे स्टेशन शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट को 2008 में शुरू किया जाना था,लेकिन इसे असली रफ्तार स 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद मिली थी। मोदीने प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई थी। इसमें करीब 5,022 करोड़ रुपयों की लागत से बने इस परियोजना में चार प्रमुख रेलवें स्टेशन शामिल हैं तथा पुल नंबर 144,जो मूलखांग और सायरांग के बीच बना है। यानी दिल्ली के कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। मिजोरम भारत के तीन ईसाई बहुल राज्यों में से एक है, जहाँ 87% से अधिक आबादी ईसाई,बौद्ध धर्म (8.51%), हिंदू (2.75%) व इस्लाम(1.35%) भी मौजूद हैं। स्थानीय संस्कृति और खानपानयहाँ की मिजो संस्कृति को सरलता और प्रकृति के प्रति प्रेम की मिसाल माना जाता है। मिजोरम का मुख्य भोजन चावल मांस,मछली और सब्जियों के साथ खाया जाता है। यहाँ आप को जगह जगह बास के कोमल कोपल (स्पेदअंकुर), जंगली मशरूम और स्थानीय जड़ी-बूटियां यहां के व्यंजनों की खास पहचान है। यहाँ के निवासी की वेशभुषा,संस्कृति व उत्सव व जीवन शैली की विशेष पहचान है। आजादी के 75 साल बाद ट्रेन की सौगात जल्दी ही मिलने जा रही है। बैराबी-सायरांग रेलवे प्रोजेक्ट अब पूरी तरह से तैयार है। रेलवे की 51. 38 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के जरिए अब मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ दिया गया है। रेलवे की यह बन कर तैयार है। वह सुःखद पल जल्द ही मिजोरम के लोगों को यह क्षण का बर्षो से इंतजार था। रेलवे अधिकारी के अनुसार,ट्रेनें इस ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी व रेलवे का नेटवर्क आने वाले वर्षो में इस नेटवर्क को म्यांमार बॉर्डर जो यहाँ से लगभग 232 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। फिलहाल इस परियोजना का सर्वक्षण कार्य चल रही है। रेलवे के इस नवनिर्मित नए रूट में मिजोरम के भीतर बैराबी, कुर्तिकी, कावंपुई, मुलखांग और सायरांग जैसे स्टेशन शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट को 2008 में शुरू किया जाना था, लेकिन इसे असली रफ्तार स 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद मिली थी। मोदीने प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी गई थी। इसमें करीब 5,022 करोड़ रुपयों की लागत से बने इस परियोजना में चार प्रमुख रेलवें स्टेशन शामिल हैं तथा पुल नंबर 144,जो मूलखांग और सायरांग के बीच बना है। यानी दिल्ली के कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। रेलवे के परियोजना के प्रमुख इंजीनियर विनोद कुमार के अनुसार, इस परियोजना में कुल 154 छोटे-बड़े पुल समेत 48 टनल का निर्माण ऐसी तकनीकों से डिजाइन किया गया है कि जिससे यह कम से कम 100 साल तक बिना किसी परेशानी और खराबी के चलाए जा सके। यह क्षेत्र अर्थक्वेक जोन 5 में आता है, मगर आई आई टी कानपुर और आई आई टी गुवाहाटी की मदद से इस रेल लाइन को तकनीकी रूप से बेहद मजबूत और टिकाऊ बनाया गया है। आपके मन में मिजोरम व आइजोल के बारे में जिज्ञासा होगी। मै स्पष्ट कर दूँ कि आइज़ोल की स्थापना सन 1890 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। लुशाई पहाड़ियों में स्थानीय सरदारों को अंग्रेजों द्वारा पराजित करने के बाद, इसकी शुरुआत एक छोटी सैन्य चौकी के रूप में हुई थी तथा ईसाई मिशनरियों की स्थापना के साथ शाथ शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की शुरुआत हुई,कालान्तर इस शहर का विकास हुआ। सन 1960 के दशक में मिज़ो नेशनल फ्रंट के विद्रोह में भी इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्षों की अशांति के बाद,सन1986 के मिज़ोरम शांति समझौते के साथ यहाँ शांति स्थापित हुई। मिजोरम की भौगोलिक वसांस्कृतिक,साथ यह स्थान सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुरवोत्तर का यह प्रदेश बांग्लादेश और म्यांमार सेअन्र्तराष्ट्रीय सीमाएं से सटी हुई है,वही प्रदेश की सीमाएं असम,मणिपुर और त्रिपुरा से पुरबोत्तर राज्यों से लगती हैं। मिजोरम राज्य को पहले असम के लुशाई हिल्स के नाम से जाना जाता था। इसके बाद साल 1954 में यहां का नाम बदल कर मिजो हिल्स रख दिया गया जिसे सन1972 में यह एक केंद्र शासित राज्य घोषित किया गया है। अंत में 20 फरवरी 1987 को इसे भारत के पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। मिजोरम भारत के तीन ईसाई बहुल राज्यों में से एक है, जहाँ 87% से अधिक आबादी ईसाई,बौद्ध धर्म (8.51%), हिंदू (2.75%) व इस्लाम(1.35%)भी मौजूद हैं। स्थानीय संस्कृति और खानपानयहाँ की मिजो संस्कृति को सरलता और प्रकृति के प्रति प्रेम की मिसाल माना जाता है। मिजोरम का मुख्य भोजन चावल मांस,मछली और सब्जियों के साथ खाया जाता है। यहाँ आप को जगह जगह बास के कोमल कोपल (स्पेदअंकुर),जंगली मशरूम और स्थानीय जड़ी-बूटियां यहां के व्यंजनों की खास पहचान है। यहाँ के निवासी की वेशभुषा,संस्कृति व उत्सव व जीवन शैली की विशेष पहचान है। यहाँ की प्राकृतिक फिजाओं में वायु प्रदुषण व ध्वनि प्रदुषण नगण्य है। यातायात व्यवस्था हार्न फ्री के शांत शहर के नाम से जाना जाता है। यहाँ की प्राकृतिक फिजाओं में वायु प्रदुषण व ध्वनि प्रदुषण नगण्य है। यातायात व्यवस्था हार्न फ्री के शांत शहर के नाम से जाना जाता है। भौगोलिक दृष्टि कोण से ऊंची व घुमादार पहाड़ियों की तलहटीयों पर बसी मिजोरम, समुद्री तल से लगभग 1,132 मीटर (3,715 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है,जिससे यहाँ सड़क मार्ग से सामान और लोगों की आवाजाही चुनौती पूर्ण रही है। ऐसे में भारतीय रेलवे के द्वारा रेलवे की यह परियोजना क्रान्तिकारी कदम है। वर्तमान में असम के बदरपुर से कथकल होते हुए भैरवी तक रेल का संचालन हो रहा है। मिजोरम में 51.38 किलोमीटर लंबा ट्रैक तैयार किया गया है,जो भैरवी,कुर्तिकी, मुलखांग और सायरांग स्टेशनों को जोड़ता है। जल्द ही इस मार्ग पर विस्टाडोम ट्रेनों का परिचालन भी शुरू होने वाला है,जिससे पर्यटकों को पहाड़ी दृश्यों का शानदारअनुभव मिलेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यापार दोनों का विकास इस प्रस्तावित नए ट्रैक के जरिए न सिर्फ स्थानीय लोगों को सुविधाएं मिलेंगी,बल्कि सीमा व राष्ट्रीय सुरक्षा से सैन्य तैनाती,आपात कालीन सामग्री और निगरानी में भी तेजी लाई जा सकेगी।

पूर्वोत्तर भारत में रेलवे के बदलाव की बयार असली कहानी सिर्फ रेल की पटरियाँ व सुरंग,पुल ही नहीं कह रहे,बल्कि इसका असर काफी गहरा है। ये परियोजनाएं स्थानीय लोगों के जीवन शैली पर सीधा असर डाल रही हैं जो पहले खुद को उपेक्षित समझते थे। नया रेल नेटवर्क पूर्वोत्तर की जीवन रेखा बन गई है। जैसे-जैसे भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है,पूर्वोत्तर की भागीदारी भी बढ़ रही है और देश के विकास में अंहम भूमिका निभा रही है।

## व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

बदलाव का क्रम निरंतर चलता है। जैन दर्शन इस क्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था। प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है। यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है।कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है।वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है।इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है।लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है।पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है। व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व? इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व।व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है, उनमें एक वर्ग है- स्नातक।

एक विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का अध्ययन करने में अपने जीवन के सत्रह-अठारह वर्ष लगा देता है। उस समय उसके अभिभावकों के मन में यह भाव नहीं पैदा होता कि उसके ये वर्ष व्यर्थ तो नहीं बीत रहे हैं।क्योंकि डिग्री के साथ जीविका का संबंध जोड़ा जाता है।जीविका जीवन की अनिवार्यता है।लेकिन जीविका से अधिक मूल्यवान जीवन है।जीविका जीवन का साध्य नहीं साधन है।जीवन का साध्य है- विकास की यात्रा में अग्रसर होना। बुद्धि व्यक्तित्व का महज एक घटक है।उसका दूसरा घटक है प्रज्ञा।प्रज्ञा के जागरण से बौद्धिक विकास के साथ भावनात्मक विकास का संतुलन रहता है।जब ये दोनों विकास समानांतर होते हैं, तब आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है। इस बात को स्वयं विद्यार्थी अनुभव करे या नहीं, अभिभावकों को ध्यान देने की अपेक्षा है।

## राजनीती में पढ़ाई का महत्व है

“ शुरू से हमलोगों का पेशा नौकरी करना नहीं रहा है लेकिन समय बदलते ही ऐ समझ गया आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है इसलिए भाई क़ो इंजीनियरिंग करने क़ो प्रोत्साहित किया और इसप्रकार समाज में योग्यता के बल पर मान सम्मान मिला पहले हमारे बुजुर्ग लोग पूजा पाठ और लोगों की समस्या क़ो हल करते थे कई अपने रिश्तेदार में समाधि भी लगाई है विंध्याचल से लेकर वृन्दावन में हमारे रिश्तेदार रहते हैं हमें रामायण की शिक्षा दादाजी से मिली और बाद में प्रभु राम के महत्व क़ो जाना अतः नेगेटिव और पोजेटिव दोनों का होना जरुरी है पोजटिव पाना है तो नेगेटिविटी गतिविधियों क़ो मन में आने ही ना दें अच्छा कर्म,मानवता ही पोजटिव का स्रोत है हमारे परिवार में आज भी लोग खुद पूजा पाठ करते हैं जो पोजटिव एनर्जी देती है। ”

संजय गोस्वामी

पढ़ाई किसी भी क्षेत्र में केवल शिक्षा ग्रहण नहीं करना है बल्कि हमें शिक्षक से गुणवान बनाता है जो जीवन में जरुरी है ख़ासकर आज के तकनिकी युग में हालांकि चुनाव एक लोकतान्त्रिक प्रक्रिया है इसमें लागू नहीं होता है लेकिन यदि पढ़ा लिखा होगा तो भविष्य में उसे अवश्य ही काम आएगा मैं एक सेमिनार में मुख्य अथिति के रूप में 2016 में सिवनी गया जहाँ सभी डॉ थे और हमें उनके व्यवहार से ऐ सिखने क़ो मिला पीच्डी आपके लिए काफी मायने रखती है हालांकि आर्ट और साइंस में करना उतना टफ नहीं है जितना इंजीनियरिंग में क्योंकि बीटेक ही एक टफ कोर्स है इंडिया में शिक्षा विदेशों से काफी बेहतर है जिसमें संस्कार क़ो भी एक आदर्श के रूप में देखा जाता है यह हमें चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना में देखने क़ो मिला जहाँ छात्र शिक्षक क़ो पैर छूते नजर आए यही हमारी संस्कृति है जो बड़ो का सम्मान करना और सही वक्तव्य देना उचित होता है जहाँ तक राजनीती का सवाल है अब उसमें भी पढ़े लिखें लोग शामिल हो रहें है जो पूर्व में आईएएस रहें हैं जैसे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राजीव प्रताप रूड़ी, केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और शशि थरूर जैसे कई अनुभवी नेता हैं देश क़ो चलाने के लिए मंत्रालय होता है और उसके लिए सरकार द्वारा चुनाव में जीते गए एमपी या राज्य सभा के सांसद होते हैं मंत्री पद भी उनकी योग्यता के अनुसार देने की कोशिश होती है जैसे स्वास्थ्य मंत्रालय में डॉ और न्याय मंत्रालय में एल एल बी होता है मंत्री के निचे 1या दो राज्य मंत्री होते हैं और उस मंत्रालय का सचिव जो आईएएस रैंक का या उस क्षेत्र से सम्बंधित उच्च संस्थान में निदेशक हो जैसे विज्ञान और प्रोधोगिकी मंत्रालय के सचिव प्रोफेसर अभय कराणदीकर जी है हैं जो आई आई टी, कानपुर के फॉर्मर डायरेक्टर थे इसी तरह अन्य विभाग में होता है उसे उस क्षेत्र की पूर्ण जानकारी होता है अतः वह विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करता है अभी हाल ही में अमेरिका में यूक्रेन क़ो हथियार के मदद में राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश के बाद भी रक्षा सचिव ने वहाँ से बापस मंगा लिया क्योंकि ऑडिट करना कारण बताया गया अतः सरकार सचिव के मामलों में दखल नहीं देती है क्योंकि वो कैबिनेट से चुने जाते है अतः यदि मंत्री पढ़ा लिखा होगा तो उस क्षेत्र का सही ज्ञान होगा और विदेश में किसी भी समझौता में बहुत सोच समझ कर जबाब देगा हाल ही में भारत में रक्षा के क्षेत्र में उप सेना प्रमुख राहुल आर. सिंह 4 जुलाई, 2025 को फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हम सिर्फ पाकिस्तान से नहीं बल्कि तीन फ्रंट पर लड़ाई कर रहें थे जिसमें पाकिस्तान के साथ तुर्की भी शामिल था इसमें सेना पर गर्व करना चाहिए कि सेना की ताकत और भविष्य में रक्षा कूटनीति की की नितांत आवश्यकता है और रूस से सम्बन्ध यदि ठीक नहीं है तो उसे सुधारने की जरुरत है इसलिए शायद सरकार ने शशि थरूर क़ो रूस भेजा अमेरिका कभी मदद नहीं करेगा इसका पुराना इतिहास रहा है हालांकि इजराइल ने मदद की है जैसे अन्य स्रोत से मालूम हुआ है अतः भारत ने इसलिए ईरान और इजराइल के युद्ध में दुरी बना लीं अब विदेश नीति क़ो सुधार करने की जरुरत है क्योंकि हम अभी भी रक्षा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं है ऐ तो पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी का 1998 में अमेरिका क़ो ताक में रख कर परमाणु परीक्षण किया जिसका हवाला ट्रम्प ने दिया कि भारत में सीजफायर इसलिए कराया ताकि परमाणु युद्ध ना हो जाये और जब पता लगा की पाकिस्तान का परमाणु बम किसी और देश अमेरिका के नियंत्रण में है तो प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र के नाम पर पाकिस्तान क़ो सीधा संदेश दिया कि परमाणु ब्लैक मेल नहीं चलेगी ऐसा भारत के इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र के नाम संदेश में दिया यदि हर किसी के कार्य के बारे में चर्चा करे इससे पहले अपने बारे में चर्चा से आज के हालत में पढ़ाई की कीमत क़ो पहचाने आज तकनिकी युग है

शुरू से हमलोगों का पेशा नौकरी करना नहीं रहा है लेकिन समय बदलते ही ऐ समझ गया आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है इसलिए भाई क़ो इंजीनियरिंग करने क़ो प्रोत्साहित किया और इसप्रकार समाज में योग्यता के बल पर मान सम्मान मिला पहले हमारे बुजुर्ग लोग पूजा पाठ और लोगों की समस्या क़ो हल करते थे कई अपने रिश्तेदार में समाधि भी लगाई है विंध्याचल से लेकर वृन्दावन में हमारे रिश्तेदार रहते हैं हमें रामायण की शिक्षा दादाजी से मिली और बाद में प्रभु राम के महत्व क़ो जाना अतः नेगेटिव और पोजेटिव दोनों का होना जरुरी है पोजटिव पाना है तो नेगेटिविटी गतिविधियों क़ो मन में आने ही ना दें अच्छा कर्म,मानवता ही पोजटिव का स्रोत है हमारे परिवार में आज भी लोग खुद पूजा पाठ करते हैं जो पोजटिव एनर्जी देती है अतः पढ़ना जरुरी है देश में पढ़े लिखें लोगों क़ो ही वोट देना प्रदेश या देशहित में होता है क्योंकि इससे उसे अपने व्यवहार और समस्या क़ो हल करने में सहूलियत होती है नीतीश कुमार जो वर्तमान में बिहार के सीएम हैं वो एन आईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री किए है इसलिए बिहार का विकास हुआ और खुद प्रशांत किशोर जन सूराज पार्टी के नेता तेजस्वी यादव जो महागठबंधन के लिए बिहार में अगले चुनाव में अपने मुख्यमंत्री की दावेदारी कर रहें हैं 9वीं फेल है यह मंच पर बताने की जरुरत नहीं थी बिहार के लोग खुद जानते हैं क्योंकि जब जेडीयू और आरजेडी के गठबंधन से 2015 में सरकार बनी थी तब गली गली में लोग कह रहें थे कि तेजस्वी यादव क़ो उपमुख्यमंत्री बनाया गया जो 9 वीं फेल हैं बिहार में कुछ भी छिपता नहीं है वहाँ शाम में लोग चाय पर निकलते हैं और यही सब चर्चा चलती है जब 2014 में एक चाय बेचने वाला जो एनडीए के हमेशा खिलाफ रहा तो मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने पर बहुत खुश हुआ कि चाय बेचने वाला जब प्रधान मंत्री बन सकता है तो लोकतंत्र में क़ोई भी देश का सच्चा सेवक क्यों नहीं बन सकता लेकिन तेजस्वी यादव और राहुल गाँधी ने कभी भगवान श्री राम पर खुले दिल से उनके प्रशंसा के क़ोई भी बात नहीं कहा इसलिए ऐ सब बिहार चुनाव में क़ोई मायने नहीं रखती क्योंकि वहाँ की जनता क़ो सब मालूम है.अतः बोलचाल और चुनाव में गमछा हिलाने से ही पता चल जाता है कि क्या है पढ़ाई से जो उस मंत्रालय के सचिव या आई पी एस ऑफिसर होते हैं उन्हें एक सम्मान मिलता है इसलिए इसे किसी मंच पर मुद्दा बनाना सही नहीं है इतने दिनों से नीतीश कुमार ने कभी उसकी योग्यता पर प्रश्न नहीं किया और काम करते चले गए लेकिन आज कल बिहार में कारोबारी की हत्या होना भी सही नहीं है प्रशासन क़ो ध्यान देना चाहिए क्योंकि इससे सरकार क़ो घेरने का विपक्ष क़ो मौका मिलता है।

## मानवता शर्मसार है पुर्णिया टेटगामा कांड से

“ ‘डायन हत्या’ और ‘अंधविश्वास’ कहना काफी नहीं यह पूरे सिस्टम की विफलता है। तत्काल इसे डायन हत्या और अंधविश्वास का मामला बता कर बिहार सरकार और वहां का प्रशासन अपनी आपराधिक लापरवाही से मुक्त नहीं हो सकता। यह पूरे सिस्टम की विफलता है और ‘सुशासन बाबू’ के सुशासन की पोल खोलता है। आदिवासियों को अंधविश्वासी बताना आसान होता है। नये सिरे से उस समाज को पिछड़ा और अंधविश्वास की गिरफ्त में फंसा बताने का एक अवसर मिल जाता है अभिजात और तथाकथित विकसित और सभ्य होने का दावा करने वाले समाज को। ”

कुमार कृष्णन

बिहार के पूर्णियां जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। डायन प्रथा की भेंट चढ़ गई पांच जिंदगी।

पूर्णिया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टेटगामा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें तीन महिलाएं शामिल थीं। इस घटना में आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को डायन बताकर पहले उनकी बेरहमी से पिटाई की और फिर जिंदा जला दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक तांत्रिक भी शामिल है।

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत के टेटगामा उरांव टोला में डायन होने की आशंका में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और शव को एक पानी-क्षेत्र में जलकुंभी के नीचे दबा दिया गया। इस नरसंहार में बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य सोनू (15वर्ष) ने भागकर अपनी जान बचाई। सोनू ने उस नरसंहार की आंखों देखी बताई तो पुलिस सक्रिय हुई और घंटो मशक्कत के बाद डॉग स्क्वाड की मदद से जले हुए शवो को जलकुंभी से बरामद किया गया।

मृतकों में परिवार का मुखिया बाबू लाल उरांव (40), पत्नी सीता देवी (35),बूढ़ी मां सातो देवी (65) ,बेटा मंजीत (25)और उसकी पत्नी रानी देवी(20)शामिल है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद से गांव के सभी लोग फरार हैं और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पूर्णिया जिले के पूर्व प्रखंड स्थित टेटगामा गांव में उरांव जनजाति के करीब 50 परिवार निवास करते हैं, जिनकी जनसंख्या लगभग 300 है। इस गांव में अन्य जातियों के लोग भी रहते हैं। लेकिन उरांव समुदाय के लोग अधिकतर एक-दूसरे के पास रहते हैं। करीब दस दिन पहले रामदेव उरांव के एक बेटे की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। उसके बाद दूसरा बेटा भी बीमार पड़ गया। इसी क्रम में रामदेव को संदेह हुआ कि उसके बेटे की मौत और दूसरे बेटे की बीमारी के पीछे किसी डायन का हाथ है। संदेह की सुई बाबूलाल की मां सातो देवी और उसकी पत्नी सीता देवी पर गई। रामदेव ने इन्हें जादू-टोना करने वाली महिलाएं यानी डायन घोषित कर दिया। गांववालों ने भी अंधविश्वास के चलते उनकी बात मान ली। जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का फैसला लिया गया। उसमें इस बात को प्रमाण के तौर पर रखा गया कि ओझाओं की भी राय है कि बाबूलाल की मां और पत्नी डायन है।

आज भी आदिवासी समाज में झाड़-फूंक और ओझा-भगतों की बातों पर अंधविश्वास व्याप्त है। बीमारी होने पर डॉक्टर के पास जाने की बजाय लोग ओझाओं के पास जाते हैं, जो अक्सर बीमारी की जड़ डायन को बताते हैं। ओझा की कही हुई बात को अंतिम सत्य मान लिया जाता है। बताया जाता है कि जिस पंचायत में बाबूलाल के परिवार की हत्या का निर्णय लिया गया, वहां ओझाओं की राय को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया। ओझाओं ने सातो देवी और उसकी बहू सीता देवी को डायन बताया, जिसके आधार पर यह अमानवीय फैसला लिया गया।

आदिवासी समाज में डायन प्रथा एक पुराना और खतरनाक अंधविश्वास है। किसी महिला को डायन घोषित करने के पीछे कई सामाजिक पूर्वाग्रह होते हैं. जैसे उम्रदराज होना, चेहरा विकृत हो जाना, बार-बार बुदबुदाना, क्रोधित स्वभाव, या अत्यधिक पूजा-पाठ में लिप्त रहना। सातो देवी इन सभी पूर्वाग्रहों पर खरा उतरती थीं। इसलिए उन्हें डायन मान लिया गया। समाज में यह मान्यता भी प्रचलित है कि डायन का ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होता है। यही कारण रहा कि सातो देवी के साथ-साथ उनकी बहू सीता देवी और फिर उसकी बहू रानी देवी.. तीनों को डायन मानकर जिंदा जला दिया गया। त्रासदी का सबसे भयावह पहलू यह है कि पीड़ित और अपराधी सभी एक ही समुदाय के थे। आपस में रिश्तेदार भी। लेकिन अशिक्षा, अंधविश्वास और सामाजिक कुंठाओं के अंधेरे में डूबी भीड़ ने रिश्तों, मानवता और कानून सब कुछ रौंद दिया। टेटगामा गांव की यह घटना इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो गई है, जो यह बताती है कि जब अंधविश्वास हावी हो जाता है, तो इंसानियत दम तोड़ देती है। डायन प्रथा जैसे अमानवीय अंधविश्वास पर कानून के साथ-साथ समाज को भी सख्ती से चोट करनी होगी।

‘डायन हत्या’ और ‘अंधविश्वास’ कहना काफी नहीं यह पूरे सिस्टम की विफलता है। तत्काल इसे डायन हत्या और अंधविश्वास का मामला बता कर बिहार सरकार और वहां का प्रशासन अपनी आपराधिक लापरवाही से मुक्त नहीं हो सकता। यह पूरे सिस्टम की विफलता है और ‘सुशासन बाबू’ के सुशासन की पोल खोलता है। आदिवासियों को अंधविश्वासी बताना आसान होता है। नये सिरे से उस समाज को पिछड़ा और अंधविश्वास की गिरफ्त में फंसा बताने का एक अवसर मिल जाता है अभिजात और तथाकथित विकसित और सभ्य होने का दावा करने वाले समाज को। अभी पूरे मामले की सही पड़ताल भी नहीं हुई है, लेकिन घटना स्थल से महज कुछ किमी दूर रहने वाली पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचते ही इसे डायन हत्या और आदिवासियों के अंधविश्वास का मामला बता कर अपनी तरह से राहत की सांस ले ली। डायन हत्या को लेकर कानून भी बनाया गया है। एक स्वयंसेवी संगठन ने वर्षो पहले इससे जुड़े सैकड़ों मामलों का अध्ययन किया था और अधिकतर मामलों में जमीन विवाद पाया था। यानि, किसी परिवार में एकल महिला रह गयी तो उसे डायन कह कर रास्ते से हटाने का षडयंत्र। परिवार में ही आपस में लड़ाई और किसी की नजर किसी की संपत्ति पर तो ‘डायन’ घोषित कर उसे मारने का षडयंत्र। डायन घोषित करने का तरीका भी बहुत सीधा सादा है। गांव समाज में झाड़ फूंक से इलाज करने वाला, भगत होता है। सामान्यतः किसी की मौत, बच्चे की मौत हो जाती है। फिर भगत बताता है कि उसकी मौत की वजह कोई दुष्ट आत्मा या डायन के द्वारा किया गया जादू टोना है। वह उसकी तरफ संकेत भी कर देता है। और फिर जिसे डायन कहा गया, उस परिवार का उत्पीड़न शुरु हो जाता है। जिसकी परिणती अंत में उसकी हत्या से होती है। इसके मूल में एक आपराधिक मामला ही होता है और ‘अंधविश्वास’ से जोड़ देने मात्र से स्थानीय प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो जाता।

## स्तन कैंसर से लड़ाई के नए हथियार

मुकेश तिवारी

स्तन कैंसर समूचे भारत में महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है और भारतीय शहरों में कैंसर से पीड़ित महिलाओं में स्तन कैंसर के मरीजों की तादाद 25 से 31 फ़ीसदी तक है। पहले जो बीमारी 40 साल से अधिक आयु की महिलाओं को ज्यादा शिकार बनती थी वह अब कम आयु की महिलाओं को शिकार बनने लगी है। ऐसे में बीमारी से निपटने के लिए नए-नए तरीकों की जरूरत है और अच्छी बात है की शोधकर्ता निरंतर इस बीमारी को जल्द से जल्द पकड़ने और फिर उसके बेहतर उपचार के लिए उचित प्रक्रिया अपनाने के प्रयास में जुटे हैं। इसी का परिणाम सामने आया है दो तकनीक है जिसमें पहली इस बीमारी का पता लगाने में कारगर है और दूसरी तकनीक यह बताती है की बीमारी के पुनः उभरने की कितनी संभावना है। अमेरिका के ड्रेकसेल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने छोटे स्तन कैंसर स्कैनर आइ बेस्ट एग्जाम का विकास किया है। इसकी खासियत यह है कि डॉक्टर ही नहीं,कोई भी दक्ष स्वास्थ्य कर्मी भी इसके माध्यम से 5 मिनट के भीतर ट्यूमर की जांच कर सकता है और किसी स्मार्टफोन अथवा टैबलेट पर परिक्षण का परिणाम देख सकता है। अमेरिका के भूतपूर्व वाणिज्य मंत्री पेनी प्रिटजकेर ने एक दशक पहले लोगों को इसकी जानकारी दी थी।अमेरिका सरकार ने महज 6.38 करोड रुपए की लागत से इसका विकास किया है उक्त मशीन अमेरिका के साथ भारत में भी उपलब्ध है इसकी मदद से अब आसानी से स्तन कैंसर से पीड़ित महिला की पहचान आसानी से हो पा रही हैं, हालांकि अब भी डॉक्टर का मानना है कि मैमोग्राफी ही स्तन कैंसर की पहचान के लिए सबसे उपयुक्त माध्यम है । दुनिया भर में कैंसर की एडवांस जांच के लिए जीन आधारित ब्लूप्रिंट तकनीक का उपयोग बढ़ रहा है। इस कड़ी में भारत में भी इस तकनीक पर आधारित मैमाप्रिंट प्रिंट परीक्षण की शुरुआत कि गई है। ग्वालियर के पोलो अस्पताल में सर्जिकल ऑन्को लॉजी विभाग कै सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर ने बताया कि सर्जरी के माध्यम किसी मरीज के स्तन से ट्यूमर को हटती है मगर दुर्भाग्यवश कुछ मरीजों में यह पुनः पनप आता है ।अब तक ऐसी जांच की सहूलियत नहीं थी जिससे पता चले कि किन महिलाओं में किस तरह का कैंसर फैल सकता है और किनमे नहीं। लेकिन एफडीए से प्रमाणित 70 दिन मैमाप्रिंट टेस्ट की मदद से ट्यूमर की जिनोमिक प्रोफाइल देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि यह दोबारा तो नहीं पनप जाएगा। दरअसल सभी कैंसर की प्रकृति एक जैसी नहीं होती और न ही सभी ट्यूमर एक ही तरह से विकसित होते हैं। यही वजह है कि कैंसर के इलाज की मुश्किल लेकिन अपरिहाय प्रक्रिया कीमोथेरेपी सभी मरीजो के लिए जरूरी नहीं होती ।लेकिन किस-मरीज को इसका उपचार चाहिए और किसे नहीं, यह निर्धारित कर पाना मुश्किल होता है। उक्त परीक्षण कैंसर के मॉलिकयुलर को सबटाइप्स और, शुरुआती स्तर के कैंसर की पुनरावृत्ति के खतरे का आकलन करने में सक्षम हैं। कैंसर विशेषज्ञ आसानी से तय कर पाते हैं कि इलाज के लिए रेडिएशन थेरेपी कीमोथेरेपी या सर्जरी में से कौन सा तरीका अपनाना चाहिए। इस तकनीक के बारे में कैंसर हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्को लॉजिस्ट डॉ गुप्ता ने कहा कि स्तन कैंसर के उपचार की ज्यादातर पद्धतियां जहरीली होती है इसलिए उपयुक्त पद्धति का चयन करने के पश्चात ही उपचार करना बेहतर रहता है। ट्यूमर की बुनियादी नंजैविक क्रिया के अनुसार ब्लूप्रिंट जांच वेस्ट कैंसर मरीजों को चार पृथक-पृथक श्रेणियां में विभाजित करती है। मैमाप्रिंट के साथ ब्लूप्रिंट जांच हमें मरीज के विशेष फंक्शनल सब टाइप और पुनरावृत्ति के समस्त खतरे को भांपते हुए उपयुक्त उपचार पद्धति अपनाने में मदद करती है।



# पेड़ा और चूड़ा का प्रसाद है खास



**श्रावणी मेले के दौरान भक्त बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं. भगवान भोलेनाथ को पेड़ा और चूड़ा अत्यंत प्रिय माना जाता है. यहां आने वाले श्रद्धालु बाबा का आशीर्वाद समझकर दुकानों से पेड़ा खरीदते हैं और इसे प्रसाद के रूप में अपने घर ले जाते हैं।**

## देवघर श्रावणी मेले में भक्तों का उत्साह

### पेड़ा बांटने से होती है धन-धान्य में वृद्धि

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो भक्त भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के बाद पेड़ा और चूड़ा खरीदकर अपने परिवार और समाज में बांटते हैं, उनके धन-धान्य में वृद्धि होती है. साथ ही, जो लोग इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं, उनके सभी कष्ट और दुख दूर हो जाते हैं.

### भोलेनाथ को अति प्रिय है पेड़ा

देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के वरिष्ठ पुजारी पंडा परिहस्त शास्त्री बताते हैं कि भगवान भोलेनाथ को पेड़ा का भोग बहुत प्रिय है. पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान भोलेनाथ दक्ष प्रजापति के पास गए थे, तब उनकी पहली पत्नी माता सती ने उन्हें पेड़ा का भोग चढ़ाया था.

### पेड़ा के सेवन से मिलती है पापों से मुक्ति

पंडा परिहस्त शास्त्री के अनुसार, पेड़ा प्रसाद के सेवन से भक्तों के सभी कष्ट और पीड़ाएं समाप्त हो जाती हैं. यही कारण है कि श्रद्धालु पेड़ा खरीदने में विशेष रुचि दिखाते हैं.



### देवघर के पेड़े का स्वाद है अनोखा

मंदिर के पुजारी केदारनाथ झा बताते हैं कि पेड़ा को भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है, जबकि चूड़ा केवल भोग के रूप में अर्पित किया जाता है. देवघर के पेड़े का स्वाद अनोखा और विशेष माना जाता है, जिसके कारण श्रद्धालु यहां आकर पेड़ा और चूड़ा अवश्य खरीदते हैं.

### अनसुलझे कार्य हो जाते हैं पूर्ण

पेड़ा खरीदने आई एक श्रद्धालु ने बताया कि वह हर बार बाबा धाम आने पर पेड़ा और चूड़ा खरीदती हैं और इसे अपने परिवार व रिश्तेदारों में बांटती हैं. इससे उनके जीवन के अनसुलझे कार्य तुरंत सुलझ जाते हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है.

### पेड़ा व्यापारियों में उत्साह

श्रावणी मेले में पेड़ा की बिक्री को लेकर व्यापारियों में खासा उत्साह है. पेड़ा व्यापारी मनोज केसरी, सौरभ केसरी और नरेश यादव बताते हैं कि सावन के आते ही पेड़ा की मांग बढ़ जाती है. इस वर्ष सरकार ने पेड़ा का मूल्य 400 रुपये प्रति किलो निर्धारित किया है, और उसी दर पर बिक्री हो रही है. व्यापारियों को उम्मीद है कि पहली सोमवारी में पेड़ा की बिक्री शानदार होगी, जिसके लिए उन्होंने पहले से ही पूरी तैयारी कर ली है.

### देवघर आने वाले श्रद्धालु ले जाते हैं पेड़ा और चूड़ा

पेड़ा और चूड़ा का प्रसाद हर श्रद्धालु की पसंद है. इसलिए, देवघर आने वाले भक्त अपने परिवार और समाज के लिए पेड़ा और चूड़ा अवश्य खरीदकर ले जाते हैं.

## पेड़ा-चूड़ा और होटल की दरों पर सहमति, डीसी ने गुणवत्ता और स्वच्छता पर दिया जोर

*राजकीय श्रावणी मेला-2025 के सफल संचालन व श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय में चेंबर, खुदरा व थोक व्यापारियों व होटल मालिकों के साथ भोजन, पेड़ा, चूड़ा व इलायची दाना के दर निर्धारण व सुविधा के मुद्दे पर बैठक हुई. इसमें प्रसाद की दरों को नहीं बढ़ाने पर विचार हुआ. साथ ही रायपुर चूड़ा की दर में मामूली वृद्धि पर सहमति बनी.*



बैठक में डीसी ने कहा कि देवघर आने वाले श्रद्धालु बाबा पर जलार्पण करने के पश्चात यहां से प्रसाद के रूप में पेड़ा-चूड़ा व इलायची दाना खरीदकर ले जाते हैं. साथ ही होटल में आवासन करने के साथ भोजनालय में भोजन करते हैं. इस स्थिति में हम सभी की जिम्मेवारी है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित दर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध करवायी जाये, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा नहीं हो. उन्होंने सभी खुदरा व थोक व्यापारियों को निर्देश दिया कि मेले के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाय व प्रतिष्ठान के ईद-गिर्द साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें. खाद्य सामग्रियों पर-यूजड बाय डेट लिखा होना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगें.

वैसे दुकानदार जिनका फूड लाइसेंस समाप्त हो गया है, वह रेनुअल कराना सुनिश्चित करेंगे. डीसी ने कहा कि यदि किसी थोक या खुदरा विक्रेता द्वारा भोजन, पेड़ा-चुड़ा या इलायची दाना की निर्धारित दर से अधिक वसूल करते हैं, तो ऐसे दुकानदारों के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी.उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र के दुकानों में व उसके आस-पास कूड़ेदान की व्यवस्थाव साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाये. बैठक में व्यवसायियों के पक्ष को जानने के पश्चात संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये गये. कहा गया कि मंगलवार को दर निर्धारित कर फाइनल रिपोर्ट प्रोसेडिंग करें.

### प्रसाद व आवासन दर रहेगा यथावत, रायपुर चूड़ा में मामूली वृद्धि

*बैठक में पेड़ा, इलायची दाना व बर्दवान चूड़ा की दर तथा होटल में आवासन दर यथावत रखे जाने पर विचार हुआ. हालांकि रायपुर चूड़ा की थोक दर में वृद्धि होने को लेकर व्यापारियों द्वारा आपत्ति जताने पर मामूली वृद्धि किये जाने पर सहमति बनी.*

***बता दें कि पिछले श्रावणी मेले में पेड़ा (800 ग्राम खोया 200 ग्राम चीनी) 400 रुपये किलो, पेड़ा (700 ग्राम खोया 300 ग्राम चीनी) 370 रुपये/किलो, इलायची दाना 8000 रुपये क्विंटल व 80 रुपये/किलो, बर्दवान चूड़ा 4800 रुपये/क्विंटल व 60 रुपये/किलो था. वहीं रायपुर चूड़ा की दर- 5400 रुपये/क्विंटल व 70 रुपये/किलो था.***



# बारिश में करें तांबे के पानी का सेवन

बारिश में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने का खतरा रहता है। ऐसे में इस मौसम में तांबे के बर्तन में रखा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखता है, बल्कि कई बीमारियों से भी बचाव करता है। एक रिपोर्ट के अनुसार तांबे के बर्तन का पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होता है और ये हमें हानिकारक सूक्ष्मजीवों से बचाता है। बारिश के मौसम में जल प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे संक्रमण का डर रहता है। ऐसे में तांबे का पानी अच्छा रहता है। तांबे में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करते हैं और पानी को शुद्ध बनाते हैं। तांबे के बर्तन का पानी शुद्ध होता है और यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर स्वस्थ और मन तरोताजा रहता है। तांबे के बर्तन में पानी पीने से पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। यह भोजन को बेहतर ढंग से पचाने में सहायता करता है और पेट संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज, वात और अपच से राहत दिलाता है। इसके अलावा, यह पानी किडनी की सेहत के लिए भी लाभकारी है। यह किडनी स्टोन के खतरे को कम करता है और किडनी को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है। तांबे का पानी रोग प्रतिरोधी शक्ति को भी मजबूती देता है, जो बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव में सहायक है। इसके अतिरिक्त, तांबे के पानी का नियमित सेवन त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। यह त्वचा को निखारता है और झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद में भी तांबे के बर्तन में पानी पीने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के अनुसार, तांबे का पानी शरीर में त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) को संतुलित करता है, जिससे स्वास्थ्य बेहतर होता है। तांबे के बर्तन में रातभर पानी रखकर सुबह खाली पेट पीना सबसे अच्छा होता है पर बर्तन की नियमित सफाई जरूरी है

# गुड़ और चना शरीर को ऊर्जा देने के प्राकृतिक स्रोत

**हेल्थ एक्सपर्टस की माने तो चना और गुड़ को अपनी डाइट में शामिल करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन दोनों में आयरन, कैल्शियम और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाते हैं।**



गुड़ और चना शरीर को ऊर्जा देने का प्राकृतिक स्रोत हैं। अगर आप दिनभर थकान और सुस्ती महसूस करते हैं, तो इनका नियमित सेवन आपको ऊर्जावान बनाए रख सकता है। इनमें मौजूद कैल्शियम, मिनरल्स और आयरन शरीर को आवश्यक पोषण देते हैं और कमजोरी को दूर करते हैं। इसके अलावा, पाचन तंत्र की समस्या जैसे कब्ज से राहत पाने के लिए भी यह एक कारगर उपाय है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बाहर के अस्वस्थ भोजन या अनियमित दिनचर्या के कारण कई बार पेट की समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में चना और गुड़ पेट साफ करने और पाचन क्रिया को दुरुस्त करने में सहायक होते हैं।

गुड़ ब्लड को साफ करने का काम करता है, जबकि चना शरीर से हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा, जो लोग अपने वजन को नियंत्रित करना चाहते हैं, उनके लिए भी यह फायदेमंद है। चने में भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो भूख को नियंत्रित करके वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही, यह हड्डियों को मजबूत करने का भी काम करता है, जिससे सर्दियों में जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से बचाव होता है।

कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग अक्सर बीमार पड़ते हैं। चना और गुड़ का सेवन इम्यूनिटी को मजबूत करता है और शरीर को संक्रमण से बचाने में सहायक होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इनका नियमित सेवन करने से शरीर को संपूर्ण पोषण मिलता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव होता है। इसलिए, सेहतमंद जीवन के लिए चना और गुड़ को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण हम अक्सर जरूरी पोषक तत्वों की कमी का शिकार हो जाते हैं, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे

कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं और इसका प्रमुख कारण वायु प्रदूषण बताया जा रहा है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह अध्ययन विश्व कैंसर दिवस पर 'द लांसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल' में प्रकाशित हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) सहित अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने चार उप प्रकारों – 'एडेनोकार्सिनोमा' (ग्रंथि कैंसर), 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा' (त्वचा कैंसर), छोटे और बड़े 'सेल कार्सिनोमा' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर फेफड़ों के कैंसर के मामलों का अनुमान लगाने के मकसद से 'ग्लोबल



कैंसर ऑब्जर्वेटरी 2022 डेटासेट' सहित अन्य 'डेटा' का विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि एडेनोकार्सिनोमा (ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों में शुरू होता है) पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रमुख उपप्रकार बन गया है। इसके साथ ही 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वालों में फेफड़े के कैंसर के 53-70 प्रतिशत मामले इसी उप-प्रकार के पाए गए। शोधकर्ताओं ने लिखा कि विश्व भर के कई देशों में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी कभी धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों में फेफड़े के कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। आईएआरसी में कैंसर निगरानी शाखा के प्रमुख ने कहा कि धूम्रपान की आदतों में बदलाव और वायु प्रदूषण के संपर्क में आना फेफड़े के कैंसर के जोखिम में के मुख्य निर्धारकों में से हैं।

## ज्यादा नमक से बीपी ही नहीं डायबीटीज का भी खतरा



नमक हमारी सेहत के लिए कितना जरूरी है, इससे कोई अनजान नहीं है। यह शरीर में कई तरह की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। लेकिन ज्यादा नमक खाने से ब्लड प्रेशर की समस्या होती है यह तो हम सब जानते हैं। हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि ज्यादा नमक खाने से डायबीटीज होने का खतरा भी बढ़ जाता है। प्रत्येक 2.5 ग्राम अतिरिक्त नमक के सेवन से टाइप 2 डायबीटीज का खतरा 43 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। रिसर्च में बताया गया है कि जो लोग हर दिन तकरीबन 7.3 ग्राम नमक का सेवन करते हैं, इनमें उन लोगों के मुकाबले डायबीटीज का खतरा ज्यादा होता है जो लोग हर दिन 6 ग्राम तक नमक का सेवन करते हैं।

# हरड़ का उपयोग कर रहें स्वस्थ

स्वस्थ रहने के लिए हरड़ का प्रयोग नियमित करना चाहिए। शास्त्र में इसकी सात जातियां बतायी गयी है। विजया, रोहिणी, पूतना, अमृता, अभया, जीवंती और चैतकी। व्यावहारिक दृष्टिकोण से तीन प्रकार की होती है। छोटी हर्रे, पीली हर्रे और बड़ी हर्रे। यह तीनों एक ही वृक्ष के फल है। यह कॉम्ब्रेटेसी परिवार का पौधा है। इसका उपयोगी भाग फल है। इसका वृक्ष विशाल लगभग 80-100 फीट ऊंचा होता है। फूल छोटा, सफेद या पीले रंग का होता है। फल एक से डेढ़ इंच लंबा अंडाकार, पृष्ठ भाग पर पांच रेखाओं से युक्त, कच्चा में हरा, पकने पर धूसर पीला रंग का हो जाता है। प्रत्येक फल में एक बीज होता है। पके हुए फलों का संग्रहण अप्रैल-मई माह में करना चाहिए। यह कफ वात व पित जनित रोगों में उपयोगी है। पाचन शक्ति बढ़ती है। खांसी, सांस, कुष्ठ, बवासीर, पुराना ज्वर, मलेरिया, गैस, अपच, प्यास, त्वचा रोग, पेशाब की जलन, आंखों के रोग, दस्त, पीलिया आदि में लाभदायक है। खट्टेपन से वात रोगों को दूर करती है। चटपटेपन से पित रोग और कसैलेपन से कफ का नाश करती है।



इसका सेवन बरसात में सेंधा नमक के साथ, जोड़ों में मिश्री के साथ, हेमंत ऋतु में सोंठ के साथ, बसंत ऋतु में शहद के साथ, गर्मी में गुड़ के साथ करना चाहिए।

खाना खाने से पहले इसे लेने से भूख बढ़ती है। बाद में खाने से खाना आसानी से पचता है

- छोटी हर्रे का चूर्ण लगभग चार से छह ग्राम रात में भोजन करने के एक से दो घंटे बाद पानी के साथ प्रयोग करने से कब्ज की समस्या दूर होती है।
- इसका चूर्ण गुड़ व गिलोथ के काढ़े के साथ प्रयोग करने से गठिया में आराम मिलता है।
- इसे तंबाकू की तरह चिलम में रखकर पीने से सांस की समस्या दूर होती है
- मुख व गले के रोगों में इसका काढ़ा बना कर कुल्ला किया जाता है।

इसका चूर्ण दो ग्राम गुड़ के साथ खाना चाहिए। छोटी हर्रे को सुपारी की तरह छोटा-छोटा टुकड़ा कर लें और दिन में खाना खाने के बाद लगभग एक टुकड़े को मुंह में डाल कर अच्छी तरह से चबाना चाहिए। इसके नियमित प्रयोग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# उत्तर प्रदेश में मानसून का कहरः भारी बारिश से राज्य की अधिकतर नदियां उफान पर, कई जिले बाढ़ की चपेट में

**मानसून** के तेजी पकड़ने के साथ उत्तर प्रदेश की नदियां उफान मारने लगी हैं और कई जिलों में बाढ़ का कहर शुरू हो गया है। बीते तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते वाराणसी में गंगा के सारे घाट डूब गए हैं और प्रयागराज में लेटे हनुमान मंदिर तक पानी पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 14.6 मिलीमीटर पानी बरसा है जो सामान्य से 6.5 मिमी अधिक है। एक जून से अब तक उत्तर प्रदेश में सामान्य से 7 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है।

बीते 48 घंटे में बारिश, बिजली गिरने और डूबने से 17 लोगों की जान चली गई है। बदायूं में कांवड़ भरते समय एक श्रद्धालु गंगा नदी में डूब गया, वहीं राजधानी लखनऊ में नाले में बह जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। वाराणसी से लेकर गाजीपुर, मिर्जापुर और बलिया में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बलिया में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से महज एक सेंटीमीटर नीचे रह गया है। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट डूब जाने से गलियों में दाह संस्कार हो रहा है, जबकि गंगा आरती अब घाट की जगह छतों पर की जा रही है। सारनाथ में बीती रात बिजली गिरने से थाई बौद्ध मंदिर में 80 फीट ऊंचाई पर लगी बुद्ध की प्रतिमा टूट गई।

### केन और यमुना भी उफान पर

बुंदेलखंड में केन और यमुना ने तबाही मचाना शुरू कर दिया है। बांदा जिले के खतरे का निशान पार कर 40 गांवों में केन नदी का पानी घुस गया है। हमीरपुर में यमुना खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। वहीं ललितपुर में गोविंद सागर बांध के 18 में से 17 गेट खोल दिए गए हैं। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए 40 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया किया था। उधर प्रदेश के तराई जिलों लखीमपुर, सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती में नेपाल से पानी छोड़े



जाने के चलते राप्ती सहित कई छोटी नदियां उफान पर हैं, और बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी और नगर निकाय प्रमुखों को अपने क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ की समीक्षा करने एवं 24×7 नियंत्रण कक्षों के माध्यम से निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को मौसम, बारिश और जलस्तर से जुड़ी जरूरी जानकारी समय-समय पर दी जाए। इसके लिए स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया और आपदा प्रबंधन ऐप का उपयोग प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि लोग पहले से सतर्क और सावधान रह सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि बाढ़ की आशंका वाले संवेदनशील इलाकों में पहले से ही पर्याप्त प्रबंध कर लिए जाएं। राहत और बचाव दलों को सतर्क रखा जाए और नाव, सर्च लाइट, जीवन रक्षक उपकरण, मेडिकल किट जैसी सभी जरूरी चीजों को तैयार रखें। तटवर्ती क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को सक्रिय मोड में रखा जाए।

### यूपीः नदियों का तेजी से बढ़ रहा जलस्तर,

### वाराणसी-बलिया में गंगा खतरे के निशान के करीब

मानसून के तेजी पकड़ने के साथ उत्तर प्रदेश की नदियां उफान मारने लगी हैं और कई जिलों में बाढ़ का हर शुरू हो गया है। बीते तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते वाराणसी में गंगा के सारे घाट डूब गए हैं और प्रयागराज में पानी लेटे हुए हनुमान मंदिर तक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 14.6 मिलीमीटर पानी बरसा है जो सामान्य से 6.5 मिमी अधिक है। एक जून से अब तक उत्तर प्रदेश में सामान्य से 7 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। बीते 48 घंटे में बारिश, बिजली गिरने और डूबने से 17 लोगों की जान चली गयी है। बदायूं में कांवड़ भरते समय एक श्रद्धालु गंगा नदी में डूब गया है वहीं राजधानी लखनऊ में मजदूर की नाले में बह जाने से मौत हो गयी है। वाराणसी से लेकर गाजीपुर, मिर्जापुर और बलिया में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बलिया में गंगा खतरे के निशान से महज एक सेंटीमीटर नीचे रह गयी है। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट डूब जाने से गलियों में दाह संस्कार हो रहा है जबकि गंगा आरती अब घाट की जगह छतों पर की जा रही है। सारनाथ में बीती रात बिजली गिरने से थाई बौद्ध मंदिर में 80 फीट ऊंचाई पर लगी बुद्ध की प्रतिमा टूट गयी है। बुंदेलखंड में केन और यमुना ने तबाही मचाना शुरू कर दिया है। बांदा जिले के खतरे का निशान पार कर 40 गांवों में केन नदी का पानी घुस गया है। हमीरपुर में यमुना खतरे के निशान के करीब पहुंच गयी है। वहीं ललितपुर में गोविंदसागर बांध के 18 में से 17 गेट खोल दिए गए हैं। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए 40 जिलों में बारिश का एलर्ट जारी किया किया था। उधर प्रदेश के तराई जिलों लखीमपुर, सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती में नेपाल से पानी छोड़े जाने के चलते राप्ती सहित कई छोटी नदियां उफना गयी हैं और बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

## यूरोप की सड़कों पर दौड़ेगी हीरो मोटोकॉर्प, कंपनी के चेयरमैन ने बताया FY26 का एक्सपेंशन प्लान

टू-व्हीलर्स मैन्यूफैक्चरर हीरो मोटोकॉर्प अपने ग्लोबल एक्सपेंशन को रफ्तार देने की तैयारी में है। कंपनी वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम जैसे प्रमुख यूरोपीय बाजारों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की योजना बना रही है। यह जानकारी कंपनी के चेयरमैन पवन मुंजाल ने 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प "भारत और उसके बाहर भविष्य में निवेश" कर रही है और कंपनी के इन-हाउस प्लेटफॉर्म्स, जैसे 'हीरो फॉर स्टार्टअप्स' के जरिए नए उद्यमियों को मेंटरशिप, अनुसंधान एवं विकास की सुविधा और बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। मुंजाल ने कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 में हमने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। एक दमदार ग्लोबल एक्सपेंशन योजना के अंतर्गत हम अपनी 'मोबिलिटी विदाउट बाउंड्रीज' की सोच को यूरोप के नए बाजारों में ले जाएंगे। ग्लोबल मार्केट के परफॉर्मेंस पर बात करते हुए उन्होंने कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 में हमने दक्षिण एशिया से लैटिन अमेरिका तक अपने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 43% की सालाना ग्रोथ दर्ज की है, जो कि ग्राहक अनुभव, गुणवत्ता और विस्तार पर हमारे फोकस का परिणाम है।

## रिटेल महंगाई 77 महीने के निचले स्तर पर आई:जून में ये 2.10% रही, खाने-पीने का सामान सस्ता होने से घटी महंगाई

**नई दिल्लीः** जून महीने के रिटेल महंगाई घटकर 2.10% पर आ गई है। ये 77 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले जनवरी 2019 में ये 2.05% रही थी। वहीं मई 2025 में ये 2.82% और अप्रैल 2025 में रिटेल महंगाई 3.16% पर थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है। आज यानी 14 जुलाई को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। रिटेल महंगाई फरवरी से RBI के लक्ष्य 4% से नीचे है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई 0.99% से घटकर माइनस 1.06% हो गई है। जून महीने में ग्रामीण महंगाई दर 2.59% से घटकर 1.72% हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 3.12% से घटकर 2.56% पर आ गई है। इससे पहले 4 से 6 जून तक हुई RBI मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 4% से घटाकर 3.7% कर दिया था। RBI ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को 3.6% से घटाकर 2.9% कर दिया। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी।

## महिसागर कलेक्टर ने सड़क पर गड्ढों के मामले में एनएचएआई के अधिकारी पर लगाया जुर्माना

अहमदाबाद (ईएमएस)। महिसागर जिला कलेक्टर ने अहमदाबाद-गोधरा राजमार्ग पर गड्ढों के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए एनएचएआई के अधिकारियों पर जुर्माना लगाया गया है। उत्तर प्रदेश की मूल निवासी अर्पित सागर कुछ महीने पहले ही महिसागर जिले के कलेक्टर बनी हैं। उन्होंने महिसागर सड़क सुरक्षा समिति के तहत यह कार्रवाई की है। उन्होंने राजमार्ग पर गड्ढों के कारण 18 जून से 7 जुलाई तक प्रत्येक दिन के लिए 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। वह इस तरह की कार्रवाई करने वाली राज्य के पहली आईएएस अधिकारी हैं। अर्पित सागर की यह कार्यवाही ऐसे समय में सामने आई है जब कुछ दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता वाले सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने जामनगर-अमृतसर हाईवे पर टूटी सड़क के लिए पालनपुर विकास प्राधिकरण को निलंबित कर दिया था और इसे बनाने वाली कंपनी पर जुर्माना भी लगाया था। कलेक्टर अर्पित सागर ने कहा कि जब तक गड्ढे नहीं भर जाते, जुर्माना बढ़ता रहेगा। चर्चा यह है कि इतिहास में यह पहली बार है जब किसी कलेक्टर ने एनएचएआई के किसी अधिकारी पर इस तरह जुर्माना लगाया हो। अर्पित सागर को दिसंबर 2024 में सर्वश्रेष्ठ जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) का पुरस्कार भी दिया गया था। उस समय शालिनी अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ कलेक्टर चुना गया था।

## पंजाब में पंचायत का फरमान.....अवैध तौर पर रह रहे अप्रवासी एक सप्ताह में गांव छोड़ें

चंडीगढ़,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के अंदर हिंदी बनाम मराठी का विवाद पैदा करने की कोशिशें बीते कुछ दिनों में हुई हैं। इसके अलावा राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने उत्तर भारतीयों को भी निशाने पर लिया है। इस बीच पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से भी इसतरह से खबरें आ रही है, जहां के एक गांव से प्रवासियों को निकलने का फरमान आया है। फतेहगढ़ साहिब जिले के गांव लखनपुर गारचा पट्टी की पंचायत ने गांव में रहने वाले प्रवासियों को एक सप्ताह के अंदर निकल जाने का फरमान दिया है। पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया है कि गांव में काफी लोग अवैध तौर पर रहे हैं और इन्हें एक सप्ताह में निकलने का आदेश दिया है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। ग्रामीणों की पंचायत में पारित प्रस्ताव में बताया गया हैं कि ये प्रवासी लोग महिलाओं से बदसलूकी करते हैं। गांव के सरपंच बरिंदर सिंह बिंडा ने कहा कि ये प्रवासी लोग यहां खेतों में काम करने के लिए आए थे, लेकिन अब ये स्थायी तौर पर यहीं बस गए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें से तमाम इसतरह के लोग हैं, जो गांव में घूमते रहते हैं। सिगरेट और बीड़ी पीते हैं। इसके अलावा इनमें से कई लोगों को ड्रग्स की लत है और उसके प्रभाव में आकर ये लोग चोरियां तक कर रहे हैं। ड्रग तस्करी से भी इंकार नहीं कर सकते है।

## आपदा प्रभावित मंडी में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा लोगों को पहुंचा रही राहत

मंडी,(ईएमएस)। हिमाचल के मंडी जिले में भारी बारिश से आई आपदा में मोबाइल स्वास्थ्य सेवा अपनी सेवाएं दे रही हैं, जिसका सैकड़ों प्रभावित परिवारों को लाभ मिल रहा है। इस सेवा के साथ आपदा प्रभावितों को दवाइयां भी निःशुल्क बांटी जा रही हैं। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का जायजा लेने के दौरान कही। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को सांसद अनुराग ठाकुर ने धर्मपुर की ग्राम सेड, भदराना, तनहेड़, धर्मपुर बाजार, वनाल, स्याठी व पाड्डू पुल में आपदाग्रस्त परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों को सांसद निधि से भी मदद करने की बात कही। उन्होंने राहत व पुनर्वास कार्यों को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। ठाकुर ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

# 'तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत': सुप्रीम कोर्ट बोला- ये निजता का उल्लंघन नहीं

### रिश्ता जासूसी तक पहुंचा तो पहले ही टूट चुका

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की जानकारी के बिना रिकॉर्ड कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच बातचीत को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन तलाक जैसे मामलों में इसे अपवाद मानते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा, 'हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है।



### क्या था मामला?

यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है।

### पति की दलील- हमेशा पति-पत्नी के मामले में गवाह नहीं होता

पति के वकील ने कहा कि निजता का अधिकार सीमित हैं और उसे अन्य संवैधानिक अधिकारों के साथ संतुलित करना चाहिए। वैवाहिक विवादों में कई बार ऐसे मामले होते हैं, जो केवल पति-पत्नी के बीच घटते हैं और कोई गवाह नहीं होता। ऐसे में तकनीक की मदद से जुटाए गए सबूत जरूरी हो जाते हैं। दिल्ली कोर्ट ने कहा था- पत्नी को पति की संपत्ति मानने की सोच असंवैधानिक दिल्ली हाईकोर्ट ने 18 अप्रैल को एक महिला के पति की ओर से दायर व्यभिचार के केस में आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया था। कोर्ट ने कहा- पत्नी को पति की संपत्ति मानने की सोच अब असंवैधानिक है। यह मानसिकता महाभारत काल से चली आ रही है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के उस ऐतिहासिक निर्णय का हवाला दिया, जिसमें IPC की धारा 497 को असंवैधानिक करार दिया गया था। यह कानून पितृसत्तात्मक सोच पर आधारित था, जिसमें पत्नी को अपराधी नहीं, बल्कि ऐसी महिला माना गया, जिसे बहकाया गया। हाईकोर्ट ने कहा- महाभारत में द्रौपदी को उसके पति युधिष्ठिर ने जुए में दांव पर लगा दिया था। द्रौपदी की कोई आवाज नहीं थी, उसकी गरिमा की कोई कद्र नहीं थी। यह सोच आज भी समाज में बनी हुई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया है।

## पंजाब में बेअदबी के खिलाफ विधेयक को कैबिनेट में मिली मंजूरी

### सीएम बोले-सरकार प्रस्तावित कानून के लिए धार्मिक संस्थाओं की लेगी राय

चंडीगढ़,(ईएमएस)। पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान के घर पर सोमवार को एक अहम कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में धार्मिक ग्रंथों और पूजा स्थलों के अपमान से निपटने के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित बेअदबी के खिलाफ विधेयक को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की मंजूरी के साथ यह विधेयक पंजाब विधानसभा में पेश हो सकता है। यह कदम बेअदबी के खिलाफ एक सख्त कानून की बढ़ती जन मांग के बीच उठाया गया है, जो एक संवेदनशील मुद्दा है और जिसने अतीत में व्यापक विरोध और आक्रोश पैदा किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में पंजाब में बेअदबी के मामलों में कड़ी सजा देने का कोई सख्त कानून नहीं है। प्रस्तावित कानून जानबूझकर धार्मिक ग्रंथों या पवित्र स्थलों का अपमान करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा देने का प्रावधान करता है। इस विधेयक में बेअदबी के मामलों की सुनवाई और समय पर न्याय करने के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित करने का भी प्रावधान है। इसके अलावा इस कानून के तहत दोषियों को पैरोल नहीं दी जाएगी, जो शून्य-सहिष्णुता की दिशा में एक अहम कदम है। सीएम मान ने कहा कि उनकी सरकार बेअदबी के कृत्यों के खिलाफ कड़ी सजा के लिए राज्य विधानसभा में एक मसौदा विधेयक पेश करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रस्तावित कानून के लिए सभी हितधारकों और धार्मिक संस्थाओं की राय लेगी। मान मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मान ने कहा कि हम इसका मसौदा तैयार कर रहे हैं। एक कानून बनाया जाएगा, लेकिन इसके लिए हम हितधारकों, धार्मिक संस्थाओं से बात करेंगे।

# खाद की तस्करी और जमाखोरी पर चलेगा बुलडोज़र, सीएम योगी ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

**फसल** बुआई के समय खाद को लेकर मची मारामारी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इसकी तस्करी व कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हाल ही में खुद प्रदेश के कृषि मंत्री ने राजधानी से सटे ग्रामीण इलाकों में छापामारी कर खाद की कालाबाजारी पकड़ी थी। इसके बाद अब मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को समय पर और समुचित मात्रा में खाद मिलना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जिलाधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा है कि किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में खरीफ सीजन के दृष्टिगत किसानों को आवश्यक खाद के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद की आपूर्ति श्रृंखला की सघन मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी या जमाखोरी की किसी



भी कोशिश पर कठोरतम कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह आवश्यक है कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए जिलों में नियमित रूप से खाद वितरण की समीक्षा हो और जिलाधिकारी स्तर से इसकी निगरानी हो। यदि किसी क्षेत्र में खाद की कमी की सूचना मिलती है, तो तत्काल वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने खाद की प्रदेश के भीतर कालाबाजारी अथवा पड़ोसी देशों में तस्करी के प्रयासों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति या संगठन किसानों के हक पर डाका डालने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के स्टॉक की नियमित जांच की जाए, और गड़बड़ी मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने से लेकर एफआईआर तक की कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कृषकों से संवाद और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था को भी सशक्त करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को पता होना चाहिए कि खाद कहां और किस मूल्य पर उपलब्ध है, इसके लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, कृषि विभाग की वेबसाइट, और स्थानीय मीडिया का समुचित उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान हमारी प्राथमिकता हैं। उनके हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। खाद की उपलब्धता, गुणवत्ता और कीमत पर पूरी निगरानी रखी जाएगी, ताकि अन्नदाता को कोई असुविधा न हो।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखदः केंद्र ने कहा-हमने बचाने की पूरी कोशिश की

नई दिल्लीःयमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है तो यह दुखद होगा। मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। याचिकाकर्ता संगठन "सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल" ने कोर्ट से अपील करते हुए कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा, "हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा?"

## गडकरी बोले-ऐसे लोगों की जरूरत जो सरकार पर केस करें

### नेताओं-सिस्टम में अनुशासन के लिए कोर्ट का सहारा लेना जरूरी है

**नागपुरः** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें। अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है।' उन्होंने कहा- कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पाती। समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिए। इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है। गडकरी ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते। गडकरी ने कई उदाहरण दिए, जिनमें केंद्र-राज्य सरकारों को खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है। दरअसल, 13 जुलाई को नितिन गडकरी नागपुर



पहुंचे थे। वहां वहां 'प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार समारोह' में उन्होंने ये बात कही थी।

### समाज में जागरूक-जुझारू लोगों की मौजूदगी जरूरी

गडकरी ने कुशल संघटक के तौर पर सम्मानित लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा- इन लोगों ने सरकार के खिलाफ कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं। समाज में ऐसे जागरूक और जुझारू लोगों की मौजूदगी जरूरी है जो सिस्टम की गलतियों को उजागर करें और जनता के हित में कदम उठाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा- ये लोग सिर्फ विरोध करने के लिए नहीं, बल्कि जनहित में काम कर रहे थे। इन लोगों ने अदालत के माध्यम से सरकार की जवाबदेही तय की और साबित किया कि लोकतंत्र में जागरूक नागरिकों की कितनी अहम भूमिका होती है।

# एअर इंडिया सीईओ बोले-दोनों पायलट की मेडिकल स्थिति सामान्य थीः मेंटेनेंस समय से की गई; बोइंग ने कहा- विमानों के फ्यूल स्विच लॉक्स एकदम सेफ

**वॉशिंगटन डीसीः** एअर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने कहा कि दोनों पायलटों ने ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट पास किया था और उनकी मेडिकल स्थिति सामान्य थी। प्रारंभिक रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि प्लेन और इंजन में कोई टेक्निकल या मेंटेनेंस से जुड़ी खराबी नहीं थी। विल्सन ने कहा- प्लेन के सभी जरूरी मेंटेनेंस कार्य समय से किए गए थे। ईंधन की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं थी और टेक-ऑफ रोल सामान्य था। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में ये बात लिखी है। एअर इंडिया के सीईओ ने आगे लिखा- रिपोर्ट में किसी भी तरह का कारण और सिफारिश नहीं दी गई है, हम सभी से अनुरोध करते हैं कि जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष न निकालें। एअर इंडिया पूरी तरह से जांच एजेंसियों का सहयोग कर रही है।

इधर, अमेरिका की सरकारी एजेंसी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और बोइंग



ने रविवार को प्राइवेट नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि बोइंग प्लेन के फ्यूल स्विच लॉक एकदम सेफ हैं। एफएए ने कहा, 'फ्यूल कंट्रोल स्विच का डिजाइन, लॉकिंग फीचर्स, बोइंग के अलग-अलग विमानों में एक ही है। फिर भी हम इसे खतरे की स्थिति नहीं मानते, जिसके लिए किसी भी बोइंग विमान मॉडल पर एयरवर्दिनेस डायरेक्टिव देने की जरूरत पड़े।'

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, एफएए और बोइंग ने यह नोटिफिकेशन 11 जुलाई को अहमदाबाद-लंदन प्लेन क्रैश की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद जारी किया, जिसमें इंजन फ्यूल कटऑफ स्विच पर सवाल उठाए गए थे। फ्यूल कंट्रोल स्विच विमान के इंजन में फ्यूल के बहाव को कंट्रोल करते हैं।

### थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल 6 साल में बार बदला बदला गया

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से रविवार को बताया कि एअर इंडिया ने 2019 में बोइंग के निर्देश के बाद पिछले 6 सालों में अहमदाबाद-लंदन बोइंग 787-8 फ्लाइट के थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल (टीसीएम) को दो बार बदला था। टीसीएम में फ्यूल कंट्रोल स्विच होते हैं, जो प्लेन क्रैश हादसे की जांच का केंद्र बन गए हैं। 12 जून को अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट में ये स्विच टेकऑफ के तुरंत बाद बंद हो गए थे। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जुलाई को बताया कि अहमदाबाद-लंदन प्लेन में टीसीएम को 2019 और 2023 में बदला गया था।

एएआईबी ने 15 पेज की अपनी रिपोर्ट में बताया कि अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट के दोनों इंजनों में फ्यूल फ्लो को कंट्रोल करने वाले स्विच बंद हो गए थे, इसलिए टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन बंद हो गए और विमान का थ्रस्ट खत्म हो गया। पायलट ने 10 सेकेंड बाद दोबारा इन्हें चालू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। रिपोर्ट में ये भी सामने आया है कि उड़ान से पहले फ्लाइट के एक सेंसर में परेशानी थी जिसे ठीक किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है, जैसा कि इस तरह की रिपोर्ट्स में आमतौर पर होता है। यह सिर्फ तथ्यों को प्रस्तुत करती है और अंतिम रिपोर्ट शायद एक-दो साल बाद आएगी जिसमें इस हादसे की असल वजह पता चल सकती है। मेडिकल हॉस्टल पर प्लेन क्रैश होने के कारण इस हादसे में कुल 270 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर्स शामिल थे। सिर्फ एक भारतीय मूल के ब्रिटिश यात्री की जान बची।

# चीन-भारत में दोस्ती के लिए ड्रैगन-हाथी डांस ही आगे बढ़ने का सही रास्ता

## उपराष्ट्रपति ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर



बीजिंग,(ईएमएस)। चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग ने सोमवार को बीजिंग में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात में दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया है। बैठक में झेंग ने भारत-चीन दोस्ती के लिए ड्रैगन-हाथी डांस का इस्तेमाल किया। इससे भारत-चीन के बीच सहयोग बेहतर करने की इच्छा का संकेत मिलता है। झेंग ने दोनों पक्षों से उच्च स्तरीय सहयोग बनाए रखने और एक-दूसरे की चिंताओं का ध्यान रखने पर जोर दिया। एस जयशंकर ने भी चीन के साथ बेहतर संबंधों के महत्व की बात कही।

झेंग ने जयशंकर के साथ बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम मोदी की 2023 में कजान में हुई मुलाकात का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक एक निर्णायक क्षण थी, जिसने चीन-भारत संबंधों को फिर से शुरू करने में मदद की। चीन और भारत को एक-दूसरे की सफलता में सहायक साझेदार बनना चाहिए। इस सहयोग पर आगे बढ़ने के लिए ड्रैगन-हाथी डांस ही आगे बढ़ने का सही रास्ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयशंकर ने सोमवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग केक साथ बैठक में कहा कि भारत-चीन संबंधों के निरंतर सामान्य बने रहने से पारस्परिक रूप से अच्छे नतीजे निकलेंगे। जटिल वैश्विक स्थिति को देखते हुए दोनों पड़ोसी देशों के बीच विचारों का खुला आदान-प्रदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस यात्रा की मेरी चर्चाएं सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगी। दोनों पक्षों के सकारात्मक बयानों को देखते हुए भारत-चीन के तनावपूर्ण रिश्ते में सुधार की उम्मीद है। बता दें बीजिंग पहुंचने के बाद एस जयशंकर ने चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि मुझे उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने उनसे चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन जताया है और विश्वास व्यक्त किया कि मेरी यात्रा में होने वाली चर्चाएं दोनों देशों के लिए सकारात्मक होंगी। जयशंकर चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा कर रहे हैं। बता दें गलवान में 2020 में हुए सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है।

### जयशंकर, चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। उन्होंने भारत-चीन संबंधों में लगातार सामान्य होने की जरूरत पर जोर दिया है। जयशंकर की ये यात्रा विशेष रूप से अहम मानी जा रही है, क्योंकि यह 2020 में पूर्वी लद्दाख में नियंत्रण रेखा पर हुए सैन्य गतिरोध के बाद उनकी पहली चीन यात्रा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जयशंकर चीन में शंघाई कॉर्पोरेशन ऑर्गनाइजेश के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए चीन दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में भारत और चीन के बीच रिश्तों का सामान्य होना जरूरी है। बीजिंग पहुंचने के बाद जयशंकर ने चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की और इस पर खुशी जाहिर की। उन्होंने चीन के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की।

उन्होंने कहा है कि जब दोनों देशों के बीच मुलाकात हो रही है, तो इस समय अंतरराष्ट्रीय स्थिति अत्यंत जटिल है। ऐसे में पड़ोसी देशों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत और चीन के बीच विचारों और दृष्टिकोणों का खुला आदान-प्रदान बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत, चीन की एससीओ अध्यक्षता की सफलता का समर्थन करता है और माना कि पिछले अक्टूबर में कज़ान में पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर सुधार हो रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली भारत में बेहद सकारात्मक रूप से सराही जा रही है। यह दोनों देशों के लोगों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने द्विपक्षीय संवाद को आगे बढ़ाने की जरूरत पर भी बल दिया और उम्मीद जताई कि सभी मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाएगा। दोनों नेताओं की बैठक को संबंधों में संवाद और संतुलन की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच लगातार सामान्य हो रहे संबंध भविष्य में फायदेमंद साबित होंगे।

# चीन-पाक-बांग्लादेश बनाना चाहते हैं नया सार्क, नेपाल ने किया साफ इनकार

काठमांडू,(ईएमएस)। नया सार्क बनाने की चाल चल रहे पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश को झटका लगा है। नेपाल ने साफ कहा है कि वह नए सार्क को बनाए जाने के पक्ष में नहीं है। नेपाल इस समय सार्क का अध्यक्ष है और चाहता है कि सार्क को ही फिर से प्रासंगिक बनाया जाए और उसमें भारत की पूरी भागीदारी हो। नेपाल में ही वर्तमान सार्क का सचिवालय है। इससे पहले पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की एक बैठक हुई थी। इसके बाद भारत को घेरने के लिए नए सार्क के प्लान का खुलासा हुआ था। हालांकि बाद में पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसका नया सार्क बनाने का कोई इरादा नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने नेपाल को इस नए सार्क में शामिल करने के लिए नहीं कहा है। इस मामले से जुड़े नेपाली सूत्रों का कहना है कि काठमांडू की चीन और पाकिस्तान के प्लान में शामिल होने की कोई इच्छा नहीं है। इससे पहले आखिरी सार्क शिखर सम्मेलन काठमांडू में 2014 में हुआ था। 19वां सार्क शिखर सम्मेलन 2016 में इस्लामाबाद में होना था। भारत को इसमें शामिल होना था लेकिन पाकिस्तानी आतंकियों के उरी हमले के बाद इस फैसले को स्थगित कर दिया गया था। चीन और पाकिस्तान दोनों मिलकर दक्षिण एशिया के अपने समर्थक देशों के साथ मिलकर एक नया ग्रुप बनाना चाहते हैं जिसमें भारत शामिल नहीं होगा। भूटान भारत का करीबी देश है तो उसके शामिल होने की संभावना भी नहीं है। यह भी संभव है कि चीन और पाकिस्तान भूटान को न्योता नहीं दें। पिछले महीने चीन के कुनमिंग शहर में हुई बैठक के बाद यह साफ हो गया था कि इस नया सार्क बनाने की योजना में चीन पूरी तरह से शामिल है। पाकिस्तान पहले भी चाहता था कि चीन को सार्क में शामिल किया जाए ताकि भारत के प्रभाव को कम किया जाए सके लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का इरादा आर्थिक एकीकरण, आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने का है। चीन ऐसे समय पर यह कदम उठा रहा है जब नई दिल्ली और बीजिंग के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू हुई है और एससीओ की बैठक में हिस्सा लेने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन की यात्रा पर हैं।

# बांग्लादेश में डेंगू मार रहा डंक, खतरे में 64 जिलों के लोग

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में डेंगू डंक मार रहा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह एक देशव्यापी संकट बन जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों को रोकने के लिए जो कोशिशें की जा रही हैं, वे पर्याप्त नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विशेषज्ञों ने कहा है जल्द कदम नहीं उठाए गए तो डेंगू की समस्या पूरे देश के 64 जिलों में फैल सकती है। रिपोर्ट में डीजीएचएस के मुताबिक 24 घंटे में डेंगू से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल डेंगू से मरने वालों की कुल संख्या 56 हो गई है। साथ ही 420 और लोग इससे पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती हैं, जिससे डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 14,880 हो गई है। देश में जो नए डेंगू के मामले सामने आए हैं, उनमें बरिशाल डिविजन में 116, चटगांव डिविजन में 79, ढाका डिविजन में 60, ढाका साउथ सिटी कॉरपोरेशन में 57 और ढाका नॉर्थ सिटी कॉरपोरेशन में 25 मरीज शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कीट वैज्ञानिक ने यूनुस सरकार से कहा है कि फॉगिंग पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसके बजाय, मच्छरों के प्रजनन स्रोतों और उनके पनपने की जगहों को चिन्हित कर खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि फॉगिंग सिर्फ उन्हीं जगहों पर की जानी चाहिए जहां डेंगू के पुष्ट मामले सामने आए हैं। हर जगह फॉगिंग करने का कोई फायदा नहीं, लेकिन फिर भी सरकार इसको मुख्य तरीका बना रही है। उन्हेंने कहा कि अगर लोग अपने घरों और आस-पास की जगहों पर मच्छरों के पनपने की जगहें नहीं साफ करेंगे, तो डेंगू को रोकना मुश्किल होगा। उन्होंने जोर दिया कि लोगों को जागरूक करना और समाज के सभी लोगों की भागीदारी जरूरी है। अब हर जिले में डेंगू का खतरा पहले से ज्यादा गंभीर है क्योंकि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर अब हर जिले में मौजूद है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों, डॉक्टरों और कीट वैज्ञानिकों का एकमत होकर मानना है कि डेंगू को रोकने के लिए जरूरी बचाव के काम लगातार नहीं हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि स्वास्थ्य प्रणाली में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है और डेंगू को रोकने या इलाज करने के लिए मजबूत योजना भी नहीं बनाई गई है।

# तानाशाह ने पुतिन का दिया साथ, यूक्रेन मामले पर रूस को बिना शर्त समर्थन

प्योंगयांग,(ईएमएस)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि उनका देश यूक्रेन मामले पर रूस को बिना शर्त समर्थन दे रहा है और हर कदम पर में पुतिन के साथ है। किम ने यह बात उत्तर कोरिया दौरे पर आए रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से कही है। यूक्रेन युद्ध के लिए उ. कोरिया रूस की ओर से लड़ने के लिए सैनिक भेज रहा है और सैन्य सामग्री की आपूर्ति कर रहा है।

उत्तर कोरिया के अभी तक 10 हजार सैनिक यूक्रेन भेजने की जानकारी है। इसके अतिरिक्त उत्तर कोरिया ने बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी रूस को



दिया है। दक्षिणी कोरिया की खुफिया एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया अभी तक रूस को एक करोड़ 20 लाख तोप-टैंक के गोलों की आपूर्ति कर चुका है। लावरोव का तीन दिवसीय ताजा दौरा कोरियाई आपूर्ति पर वार्ता के लिए माना जा रहा है। किम और लावरोव की मुलाकात तटवर्ती शहर वोनसान में हुई है।

# इंडोनेशिया में 6.7 की तीव्रता से कांपी धरती

जकार्ता,(ईएमएस)। इंडोनेशिया की धरती सोमवार को 6.7 की तीव्रता से आए भूकंप से कंप गई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्वी हिस्से में तानिम्बार द्वीप पर आया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) और अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने भी सोमवार को इंडोनेशिया में आए भूकंप की पुष्टि की। भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 110 किलोमीटर की गहराई में रहा है। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन भूकंप और मौसम वैज्ञानिकों ने इतनी तीव्रता वाले भूकंप को खतरनाक और विनाशकारी बताकर अलर्ट जारी किया है। इंडोनेशिया के तनिमबार द्वीप समूह में जोरदार भूकंप के झटके ने लोगों को हिला दिया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.7 मापी गई है। भूकंप लोकल समय के मुताबिक दोपहर 2 बजकर 49 मिनट पर आया। भूकंप के झटकों के बाद से इलाके में दहशत मच गई है। फिलहाल किसी जान-माल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन जिस इलाके में भूकंप आया है, वहां काफी संवेदनशील हिस्सा है। तानिम्बार द्वीप समूह पैसेफिक 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है, जो पृथ्वी पर सबसे ज्यादा भूकंपों वाला क्षेत्र माना जाता है। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है और किसी सुनामी की चेतावनी नहीं जारी की गई है।

### सुनामी का खतरा?

भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक, इंडोनेशिया के जिस क्षेत्र में भूकंप आया है वह काफी संवेदनशील है। तनिमबार द्वीप समूह पैसेफिक रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है, जो धरती पर सबसे अधिक भूकंपों वाला क्षेत्र माना जाता है। हालांकि, इतने तेज भूकंप के बाद यहां सुनामी की संभावना से इंकार किया गया है, लेकिन स्थिति पर नजर बनाकर सावधानी बरतने को कहा गया है।

### म्यांमार और अफगानिस्तान में भी आया भूकंप

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सोमवार को सुबह 3 बजे अफगानिस्तान में और ढाई बजे म्यांमार में भूकंप के झटके लगे थे। फगानिस्तान में 4 और म्यांमार में 3.9 तीव्रता मापी गई थी। अफगानिस्तान में भूकंप का केंद्र भारत में गुलमर्ग से 413 किलोमीटर दूर था। म्यांमार में भूकंप का केंद्र मणिपुर में 241 और मिजोरम में 229 किलोमीटर दूर था।

# ईरान-रूस की पॉवर देख ट्रंप ने लॉन्च किया ड्रोन प्लान, अमेरिका बनाएगा स्मार्ट ड्रोन

वॉशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और विदेश मंत्री पीट हेगसेथ ने एक बड़ी घोषणा करते हुए यूएस ड्रोन डोमिनेंस प्लान का ऐलान किया है। यानी अब अमेरिका तेजी से स्वदेशी ड्रोन बनाएगा और उन्हें युद्ध के मैदान में उतारेगा। ये ड्रोन स्मार्ट और अत्याधुनिक होंगे।

ट्रंप प्रशासन का मकसद दुनिया की सबसे बड़ी ड्रोन शक्ति बनने का है। यह प्लान न सिर्फ रक्षा क्षेत्र को नई धार देगा, बल्कि घरेलू रोज़गार और टेक्नोलॉजी सेक्टर को भी मजबूती देगा। साफ है कि अगला युद्ध शायद टैंकों से नहीं, आसमान से उड़ते रोबोटों से लड़ा जाएगा और अमेरिका उस युद्ध के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

हेगसेथ ने इस घोषणा के साथ स्पष्ट किया। अमेरिका अब इस ड्रोन रेस में सिर्फ दर्शक नहीं रहेगा, बल्कि मैदान में उतरकर मुकाबला करेगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान-रूस गठजोड़ ने यूक्रेन युद्ध और मिडिल ईस्ट में ड्रोन के ज़रिए युद्ध की परिभाषा बदल दी है।इस योजना के तहत अमेरिका अब मेड इन अमेरिका ड्रोन को प्राथमिकता देगा। तेज मंजूरी और उत्पादन की प्रक्रियाएं अपनाएगा। हाई-टेक सेंसर, एआई और लॉन्ग-रेंज वारहेड से लैस ड्रोनों का निर्माण करेगा। ड्रोन तकनीक में पिछड़ने को ट्रंप प्रशासन रक्षा नीति की विफलता मानता है और यह योजना उस खालीपन को भरने की शुरुआत है। रूस और ईरान ने मिलकर हजारों सस्ते लेकिन प्रभावी ड्रोन तैयार किए हैं, जिनका इस्तेमाल यूक्रेन और सीरिया में देखा जा चुका है। अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यह स्थिति अमेरिका के लिए रणनीतिक खतरा बनती जा रही है। ड्रोन युद्ध अब सिर्फ भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान का निर्णायक हथियार बन चुका है।

## ट्रंप 17-19 सितंबर के बीच ब्रिटेन की यात्रा पर आएंगे

लंदन (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 17 से 19 सितंबर के बीच ब्रिटेन की यात्रा पर आएंगे और इस दौरान महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला 'विंडसर कैसल' में उनकी मेजबानी करने वाले है। 'बकिंघम पैलेस' ने इसकी पुष्टि की कि तीन दिवसीय यात्रा के दौरान ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भी रहेंगी। ट्रंप इससे पहले 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन की राजकीय यात्रा पर आए थे। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति को दूसरी राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर ने दूसरी राजकीय यात्रा के लिए महाराजा की तरफ से निमंत्रण फरवरी में 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में हुई एक बैठक के दौरान स्वयं ट्रंप को सौंपा था।

# बांग्लादेश ने पीएम मोदी को 1000 किलो आम भेजेःयूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी

ढाका. बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1,000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके गुरुवार शाम करीब 5:15 बजे अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए।

### यूनुस ने आम भेजने की परंपरा जारी रखी

बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है।बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं।बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें



भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था।उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं। ऐसे में सवाल उठ रहे थे कि क्या इस परंपरा को जारी रखा जाएगा या फिर यह बंद हो जाएगी।

### हिल्सा मछली की सप्लाई पर लगी थी रोक

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पिछले साल सितंबर में भारत को हिल्सा मछली का निर्यात रोक दिया था। इसका मकसद घरेलू बाजार में हिल्सा मछली की आपूर्ति सुनिश्चित करना था।दुर्गा पूजा से पहले हर साल भारत आने वाली यह मछली न केवल स्वाद की वजह से मशहूर है, बल्कि भारत-बांग्लादेश रिश्तों की एक खास पहचान बन चुकी थी, जिसे 'हिल्सा डिप्लोमैसी' कहा जाता है।अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यह पहला मौका था, जब हिलसा निर्यात पर पूरी तरह रोक लगा दी गई।बांग्लादेश हर साल दुर्गा पूजा से पहले 1,500 से 2,000 टन तक हिलसा मछली भारत भेजता रहा है। शेख हसीना सरकार के दौरान यह परंपरा शुरू हुई थी। यूनुस सरकार की इस पर रोक लगाने को भारत-बांग्लादेश के बीच आई कड़वाहट माना जा रहा था।हालांकि, 21 सितंबर को बांग्लादेश ने इस रोक को हटा दिया था और 3000 टन हिल्सा मछली भारत भेजने की मंजूरी दी थी।

### 2021 में शुरू हुई बांग्लादेश की मैंगो डिप्लोमेसी

मैंगो डिप्लोमेसी का मतलब है- राजनीतिक या कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए आम जैसे फलों का इस्तेमाल 'उपहार' के तौर पर करना। इसे 'सॉफ्ट पावर डिप्लोमैसी' का हिस्सा माना जाता है।बांग्लादेश ने पीएम मोदी, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों (असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा) के मुख्यमंत्रियों को 2600 किलोग्राम हरिभंगा आम उपहार में भेजे।यह पहल बांग्लादेश-भारत संबंधों में गर्मजोशी लाने के इरादे से की गई थी। इसके अलावा बांग्लादेश ने श्रीलंका, नेपाल, ब्रिटेन, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, यूएई, इटली, जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा, फिलीपींस, स्विट्जरलैंड को भी आम भेजे थे।बांग्लादेश ने 2021 दुनियाभर में 1,632 टन आम भेजे थे। प्रमुख किस्मों में हरिभंगा, लंगड़ा, हिमसागर, फजली और आम्रपाली शामिल थीं।

### भारत ने मैंगो डिप्लोमेसी की शुरुआत की

1960 तक आम चीन में अज्ञात फल माना जाता था। चीन के कई हिस्सों में लोगों ने आम को देखा तक नहीं था। लेकिन बीते 60 साल में आम चीन में इतना लोकप्रिय हो गया है कि यह दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा आम का उत्पादन करने वाला देश बन चुका है।द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने ही चीन का परिचय आम से कराया था। साल 1955 में भारत ने आम के 8 पौधे चीन भेजे थे। इसमें 3 दशहरी, 2 चौसा और अलफांसो और 1 लंगड़ा आम के थे। भारत, चीन को आम के और कई पौधे भेजने वाला था, लेकिन बाद में दोनों के संबंध बिगड़ गए।करीब 50 साल बाद, यानी 2003 में, जब तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी चीन के दौरे पर गए, तो भारत और चीन के बीच WTO समझौते के तहत द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते के बाद, पहली बार भारत से आमों की आधिकारिक खेप 2004 में चीन पहुंची।

### भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध बेहतर करने की कोशिश

पीएम मोदी और अंतरिम प्रधानमंत्री यूनुस की आखिरी मुलाकात अप्रैल में बैंकॉक में बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान हुई थी। यह मुलाकात बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता से बेदखली के बाद उनकी पहली सीधी बातचीत थी।भारत और बांग्लादेश के बीच न सिर्फ भौगोलिक नजदीकी है, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्ते भी बेहद गहरे हैं। दोनों देश 4000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा साझा करते हैं, जो भारत की किसी भी अन्य पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी सीमा है।बांग्लादेश की सीमाएं भारत और म्यांमार से जुड़ती हैं, लेकिन कुल सीमा का 94% हिस्सा सिर्फ भारत से लगता है। इसी कारण बांग्लादेश को अक्सर 'इंडिया लॉक्ड' देश भी कहा जाता है, क्योंकि उसके ज्यादातर जमीनी संपर्क भारत के जरिए ही संभव हैं।

## तस्करी मामले में दो लड़कियां गिरफ्तार, ड्रग्स बरामद

सिडनी(ईएमएस)। यहां दो फ्रांसीसी महिलाओं को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन महिलाओं ने अपने सामान के साथ 30 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन की तस्करी करने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलियाई फेडरल पुलिस (एएफपी) और ऑस्ट्रेलियन बॉर्डर फोर्स (एबीएफ) ने रविवार को जानकारी दी है कि इन महिलाओं को मंगलवार दोपहर ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। इनकी उम्र 19 और 20 साल है। एबीएफ अधिकारियों को इन महिलाओं के सामान की तलाशी में सफेद चीज से लिपटीं 32 अलग-अलग ईंटें मिलीं, जांच के दौरान इनकी पहचान 'मेथामफेटामाइन' के रूप में की गई। यह मामला अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने 32 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त करने के साथ दोनों फ्रांसीसी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। जब्त की गई मेथामफेटामाइन की बाजार में कीमत 29 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (19 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है। दोनों महिलाओं पर सीमा-नियंत्रित पदार्थ की व्यावसायिक मात्रा आयात करने का आरोप लगाया गया है। अगर वह दोषी पाई जाती हैं, तो आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। एबीएफ ने बताया कि खुफिया रिपोर्ट्स और ट्रैवल पैटर्न के आधार पर इन फ्रांसीसी महिलाओं को पकड़ा गया है। यह पैटर्न जुलाई की शुरुआत में गिरफ्तार की गई चार महिलाओं के एक ग्रुप से मेल खाता था, जिन पर कथित रूप से 30 किलोग्राम कोकीन ऑस्ट्रेलिया में सामान के जरिए तस्करी करने की कोशिश का आरोप है।

## लंदन में उड़ान भरते ही क्रैश प्लेन, 4 फ्लाइट्स कैंसिल

लंदन(ईएमएस)। लंदन के साउथएंड एयरपोर्ट पर रविवार को एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया। लंदन से लगभग 72 किलोमीटर पूर्व में स्थित हवाई अड्डे ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि जनरल एविएशन एयरक्राफ्ट से जुड़ी एक गंभीर घटना हुई है। एसेक्स पुलिस ने कहा कि उन्हें स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे से ठीक पहले दुर्घटना के बारे में सूचना मिली थी और उन्होंने इसे एक "गंभीर घटना" बताया। उन्होंने कहा, हम घटनास्थल पर सभी आपातकालीन सेवाओं के साथ काम कर रहे हैं और यह काम कई घंटों तक जारी रहेगा। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में दुर्घटनास्थल से आग और घना काला धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में शामिल विमान 12 मीटर लंबा था। विमान में कितने लोग सवार थे या वह कहां जा रहा था, इसकी जानकारी अभी साझा नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा उपाय के तौर पर, पुलिस ने दुर्घटनास्थल के नज़दीक होने के कारण पास के एक गोल्फ़ क्लब और रग्बी क्लब को खाली करा लिया। हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, घटना के बाद रविवार दोपहर के लिए निर्धारित चार उड़ानें रद्द कर दी गईं। स्थानीय सांसद डेविड बर्टन-सैम्पसन ने लोगों से घटनास्थल से दूर रहने और आपातकालीन सेवाओं को अपना काम करने देने का आग्रह किया।

## इजरायल ने मासूमों पर बरसाई मिसाइल, फिर माफी

गाजा,(ईएमएस)। इजरायल हमले से बचने के लिए गाजा के लोग शरणार्थी कैंपों में रहने को मजबूर हैं। आईडीएफ ने एक शरणार्थी कैंप पर ही बम गिरा दिया, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। मरने वालों में ज्यादारत बच्चे हैं। मामले ने तूल पकड़ा तो आईडीएफ ने गलती स्वीकार की। बयान जारी कर आईडीएफ ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण मिसाइल अपने लक्ष्य से कई मीटर दूर गिर गई। सेना ने गैर-लड़ाकों को हुए नुकसान पर खेद जताया और मामले की जांच की बात कही। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2023 में हमास और इजरायल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 58,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। मंत्रालय ने पिछले 24 घंटों में 139 मौतें दर्ज कीं, हालांकि यह लड़ाकों और गैर-लड़ाकों में अंतर नहीं करता। हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के हमले में इजरायल के 1,200 लोग मारे गए थे और 251 बंधकों को गाजा ले जाया गया था। बंधकों में से 50 अभी भी वहां हैं, जिनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है। गाजा में इजरायल के सैन्य अभियान ने 20 लाख की आबादी को विस्थापित कर दिया है। नुसेरात के अल-अवदा अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सक अहमद अबू सैफान ने बताया कि हमले में छह बच्चों की मौत हुई। यह हमला उस जगह हुआ, जहां शरणार्थियों को पानी दिया जा रहा था। गाजा में पहले ही पानी की भारी किल्लत है। लोग पानी की भारी कमी के बीच प्लास्टिक के कंटेनरों में पानी भरने आए थे।

## यूक्रेन को हथियार बेचने की योजना के बीच नाटो महासचिव से ट्रंप की होगी मुलाकात

वाशिंगटन (ईएमएस)। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट इस सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले है। यह मुलाकात तब हो रही है जब ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका नाटो सहयोगियों को हथियार बेचेगा, जिन्हें वे आगे यूक्रेन को दे सकते है। रूट सोमवार और मंगलवार को वाशिंगटन में रहने तथा ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ-साथ सांसदों से भी बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। वाशिंगटन पहुंचने पर ट्रंप ने कहा, ''मैं महासचिव (नाटो) से मुलाकात करूंगा जो कि कल पहुंच रहे हैं। हम उन्हें कई अत्याधुनिक हथियार भेजने वाले हैं और वे हमें उनके लिए पूरा भुगतान करने वाले है। ट्रंप के प्रमुख सहयोगी साउथ कैरोलाइना से रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि यह संघर्ष (रूस और यूक्रेन) अब एक निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि ट्रंप यूक्रेन की मदद करने में रूचि दिखा रहे हैं।

## यमन के हूती विद्रोहियों के हमले में जहाज डूबे

लंदन (ईएमएस)। लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों के हमले के बाद दो जहाज, इटरनिटी सी और मैजिक सीज डूब गए हैं। निजी सुरक्षा कंपनियों ने बताया कि चार लोगों के मरने की आशंका है और 11 अन्य लापता हैं। यूरोपीय संघ के ऑपरेशन एस्पाइड्स ने 10 लोगों को बचाया है, जिसमें फिलीपीनी, यूनानी और भारतीय नागरिक शामिल हैं। हूती विद्रोहियों ने कुछ नाविकों को अगवा करने का दावा किया है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी दूतावास ने भी की है। जहाज के मालिकों ने लापता लोगों की तलाश बंद करने का फैसला किया है।

## केंटकी राज्य में अंधाधुंध गोलीबारी, दो की मौत

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के केंटकी राज्य के रिचमंड रोड बैपटिस्ट चर्च में एक बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलीबारी की, इस गोलीबारी में दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना में दो पुरुष भी घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। संदिग्ध हमलावर ने हवाई अड्डे के पास एक सैनिक को भी गोली मारकर घायल कर दिया, जिसके बाद उसका एक वाहन छीना और चर्च की ओर भागा। पुलिस ने संदिग्ध का पीछा कर चर्च में मार गिराया। लक्सिंगटन पुलिस विभाग मामले की जांच कर रहा है और ऐसा लगता है कि संदिग्ध चर्च में कुछ लोगों को जानता था।

## पाकिस्तान में रामायण का मंचन, खूब मिली तालियां

करांची,(ईएमएस)। पाकिस्तान के करांची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन कर रहा है। सप्ताहांत में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का इस्तेमाल करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिल रही है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी देंगे। उन्होंने कहा कि मेरे लिए रामायण को मंच पर जीवंत करना एक अद्भुत दृश्य अनुभव है और यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी समाज जितना माना जाता है, उससे कहीं ज्यादा सहिष्णु और समझदार है। करेरा ने कहा कि नाटक को अच्छा रिस्पांस मिला और कई समीक्षकों ने इसके निर्माण और कलाकारों के अभिनय की तारीफ की। कला और फिल्म समीक्षक ओमैर अलवी ने कहा कि वे कहानी कहने की ईमानदारी से प्रभावित हुए और प्रकाश व्यवस्था, संगीत, रंग-बिरंगे परिधान और भावपूर्ण डिजाइन ने इस शो की भव्यता में चार चांद लगा दिए। उन्होंने कहा कि रामायण एक ऐसी कहानी है जो दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ जुड़ती है। बता दें सीता की भूमिका निभाने वाली निर्माता राणा काजमी ने कहा कि वह इस प्राचीन कथा को दर्शकों के लिए एक जीवंत अनुभव के रूप में प्रस्तुत करने के विचार से रोमांचित थीं। लोगों की तालियां उनका उत्साह बढ़ा रही थी। लोग रामायण देखकर कर काफी रोमांचित हुए।

# शुभमन इंग्लैंड में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

लॉर्ड्स (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट में भले ही अधिक रन नहीं ना पाये पर इस मैच में उन्होंने एक महत्वपूर्ण रिकार्ड अपने नाम किया है। शुभमन दूसरी पारी में 9 रन ही बना पाये पर इस दौरान वह भारत-इंग्लैंड सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये। इससे पहले ये रिकार्ड राहुल द्रविड़ के नाम था। शुभमनल ने शुरुआती दो टेस्ट मैच शतक और एक दोहरा शतक लगाकर दो दशक पुराना सबसे अधिक रनों का रिकार्ड तोड़ा। इस सीरीज में अब तक शुभमन ने 6 पारियों में सबसे अधिक 603 रन बनाये हैं। इसी के साथ ही वह इंग्लैंड में मेजबानों के खिलाफ किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सबसे ऊपर हो गये हैं। इससे पहले द्रविड़ ने साल 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी की धरती पर एक टेस्ट सीरीज में 602 रन बनाए थे। वहीं इस सूची में विराट कोहली 593 रन के साथ तीसरे जबकि सुनील गावस्कर 542 रन के साथ चौथे नंबर पर हैं। कोहली ने साल 2018 में जबकि गावस्कर ने 1979 में ये उपलब्धि हासिल की थी।







इस मैच में भारतीय टीम ने 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 58 रन तक चार विकेट खो दिये। भारतीय टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शून्य पर ही आउट हो गये। इसके बाद करुण नायर 14 और कप्तान शुभमन 06 रनों पर पेवेलियन लौट गये। ऐसे में अब अंतिम दिन भारतीय टीम को 135 रन चाहिये जबकि उसे पास छह विकेट हैं। के एल राहुल 33 रन पर खेल रहे थे।

### सिराज पर 15 फीसदी जुर्माना लगा

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर आचार संहिता उल्लंघन के लिए 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज किया गया है। सिराज पर ये जुर्माना आक्रामक रुख दिखाने के लिए लगाया गया है। आईसीसी के अनुसार सिराज ने इंग्लैंड के बेन डकेट को आउट करने के बाद जिस प्रकार से आक्रामक प्रतिक्रिया जतायी वह सही नहीं थी। उन्होंने डकेट से कंधे से कंधा मिला दिया, जिसके बाद अंपायरों ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के अनुसार सिराज ने अपने इस व्यवहार से गलत उदाहरण पेश किया है। कुक के अनुसार सिराज को ऐसा व्यवहार करने की कोई जरूरत नहीं थी। इसके बाद कुक ने कहा, यह स्वीकार नहीं है। आपको किसी के सामने पर इस तरह चिल्लाना नहीं चाहिए। मैं पूरी तरह से कहता हूं कि यह गलत था। किसी से टकराना नहीं चाहिये। विकेट का जश्न ऐसे मनाएं जैसे आप चाहते हैं। आपने उसे आउट कर दिया है; आपको उसे देखने और उसके चेहरे पर चिल्लाने की जरूरत नहीं है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि इसके परिणाम होंगे, और परिणाम होने चाहिए। यह मेरी राय है। मुझे लगा कि इसने सीमा पार कर दी। कुक ने एक दिन पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों डकेट और जैक क्राउली के बीच हुई तीखी बहस को लेकर कहा कि उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है। शुभमन तब भड़क गए थे जब क्रॉली समय बर्बाद कर रहे थे और ये प्रयास कर रहे थे कि भारतीय टीम केवल एक ओवर ही फेंक सके, जबकि वे आसानी से दो ओवर फेंक सकते थे। कहा कि इस तरह के नाटक से टेस्ट क्रिकेट में ड्रामा और मसाला ही जुड़ता है।

### जडेजा भरोसेमंद बने हुए हैं : कुंबले

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व कोच रहे अनिल कुंबले ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अब तक भरोसेमंद बने हुए हैं। कुंबले ने जडेजा की बल्लेबाजी में निरंतरता और बढ़ती परिपक्वता की जमकर प्रशंसा की है। कुंबले के अनुसार जिस प्रकार से लॉर्ड्स टेस्ट मैच की पहली पारी में जडेजा ने बल्लेबाजी कर धैर्य और संयम से 72 रन बनाये उसे उनकी परिपक्वता का अंदाजा होता है। इसी कारण भारतीय टीम 387 रनों तक पहुंच पायी। , कुंबले ने कहा, उनमें हमेशा से ही कौशल रहा है, यह बात हम सभी लंबे समय से जानते हैं पर बल्लेबाजी में लगातार निरंतरता बनाने रखना आसान नहीं होता। जडेजा न केवल गेंद से बल्कि बल्लेबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार का योगदान अहम है।

उन्होंने आगे कहा, उनके पास तकनीक है, घरेलू क्रिकेट में उसने दो तिहरे शतक लगाये हैं। जिस तरह से वह अपनी पारी को बढ़ाते हैं वह देखने में शानदार रहा है बिल्कुल एक आम बल्लेबाज की तरह। इससे जडेजा मध्यक्रम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। कुंबले ने कहा, उन्हें बल्लेबाजी क्रम में छठे नंबर पर भेजा गया है और उन्होंने निश्चित रूप से अपने पर बनाये भरोसो को बरकरार रखा है। पिछले मैच में उन्होंने उपयोगी योगदान दिया था और इस बार भी उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के साथ शानदार साझेदारी की। जडेजा अब 266 रनों सहित सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में छठे स्थान पर हैं।

## डब्यूपीएल से महिला क्रिकेट को मिली कई प्रतिभाएं : कोच मजूमदार

बर्मिंघम (ईएसएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्यूपीएल) के अनुभवों के कारण ही इस बार भारतीय टीम इंग्लैंड में टी20 सीरीज जीतने में सफल रही है। उन्होंने कहा, 'डब्यूपीएल से टीम को कई प्रतिभाएं मिली हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है पर भारत में और भी टूर्नामेंट हैं जिन पर हमारी नजरें है। बहुत सारे घरेलू खिलाड़ी भी इनमें खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'डब्यूपीएल बीसीसीआई की पहल का एक हिस्सा मात्र है। इसलिए मुझे लगता है कि डब्ल्यूपीएल हमारे लिए एक सुखद अनुभव रहा है। लेकिन साथ ही ऐसे अन्य टूर्नामेंट भी हैं जो महत्वपूर्ण हैं। भारत की पदार्पण करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 विकेट लेकर श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह भी डब्ल्यूपीएल से ही निकलकर भारतीय टीम में पहुंची हैं। अमोल ने कहा, 'मुझे लगता है, आप जानते हैं, डब्ल्यूपीएल से हमने उन्हें पहचाना और फिर मुझे लगता है कि उनकी प्रगति शानदार रही है। हम एक बाएं हाथ की स्पिनर की तलाश में थे और वह इस काम के लिए बिल्कुल सही रही हैं। मजूमदार ने कहा कि इस सीरीज में सबसे विशेष बात भारत की सटीक गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहा जिसने पहले से ही मजबूत बल्लेबाजी क्रम का अच्छा साथ निभाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे अहम बात हमारी गेंदबाजी थी। इसमें कोई संदे नहीं है। भारत से रवाना होने से पहले हमारे पास एक रणनीति थी। हमारा शिविर अच्छा था और हमने अपनी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दिया जिसका प्रभाव इस सीरीज में दिखा। मुझे लगता है कि सबसे बड़ी उपलब्धि हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहे। राधा यादव की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण ने भी श्रृंखला के दौरान ध्यान आकर्षित किया और मजूमदार ने कहा कि यह सुधार इस बाएं हाथ की स्पिनर द्वारा घरेलू स्तर पर किए गए प्रयासों का परिणाम है।



## लिवरपूल ने प्रेस्टन को 3-1 से हराया , डिओगो की याद में काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी

लंदन (ईएमएस)। लिवरपूल ने प्रेस्टन नॉर्थ एंड को 3-1 से हराकर 2025-26 प्री फुटबॉल सीजन की अच्छी शुरुआत की है। इस मैच से पहले लिवरपूल ने अपने दिवंगत खिलाड़ी डिओगो जोटा को श्रद्धांजलि दी। डिओगो और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की पिछले सप्ताह स्पेन में एक कार हादसे में मौत हो गई थी। मैच शुरू होने से पहले प्रेस्टन और लिवरपूल के खिलाड़ियों ने डिओगो और उनके भाई आंद्रे की याद में एक मिनट का मौन रखा और जोटा के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। 20वें मिनट में, जब दोनों भाइयों की तस्वीर दिखाई गई, तो पूरा स्टेडियम भावुक हो गया। डिओगो और आंद्रे को दी जाने वाली श्रद्धांजलि यहीं नहीं रुकी। लिवरपूल के डार्विन नुनेज ने दूसरे हाफ में गोल करने के बाद जोटा के अंदाज में ही जश्न मनाया। वहीं कोडी गाकपो ने जोटा की शर्ट नंबर 20 का इशारा करते हुए अपने गोल का जश्न मनाया, जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हो गये। कॉनर ब्रैडली ने पहले हाफ के अंत में गाले किया। ब्रेक केबाद नुनेज ने एक गोल कर अपनी टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। वहीं गैकपो ने अंतिम मिनटों में एक गोल किया। वहीं प्रेस्टन की ओर से एकमात्र गोल लियाम लिंडसे ने किया।

### डब्लयू डब्यलू डब्ययू में ऑर्टन ने मैकइंटायर को हराया

अटलांटा (ईएमएस)। जॉर्जिया के स्टेट फार्म एरिना में हुए डब्लयू डब्यलू डब्ययू मुकाबले में रेसलर रैंडी ऑर्टन ने आसानी से जीत हासिल की है। ऑर्टन ने इसमें मैकइंटायर को एक रोमांचक मुकाबले में हराया। इस मुकाबले में रिंग के अंदर काफी उथल-पुथल हरी। वहीं रिंग के बाहर भी लोगन और जेली के बीच झगड़े से लोग उत्सहित दिखे।

ऑर्टन और मैकइंटायर के बीच हुए इस मुकाबले से पहले ऑर्टन और कोडी रोड्स के बीच भिड़ंत हुई थी। जिसके बाद ऑर्टन ने गुस्से में आकर मैकइंटायर को आकेओ दे दिया था। इसके बाद 11 जुलाई को स्मैकडाउन में मैकइंटायर ने भी ऑर्टन को क्लेमोर किक मारी थी, जिससे इस मुकाबले की उत्सुकता और बढ़ गई थी। इस बार, जेली रोल ऑर्टन के साथ रिंग में थे, जबकि लोगन पॉल मैकइंटायर की ओर से शामिल थे।

मुकाबले के दौरान, मैकइंटायर ने ऑर्टन पर लगातार वार किए और उनसे पूछा कि उन्हें क्या हुआ है। ऑर्टन ने भी मैकइंटायर के हमलों का पूरी ताकत से जवाब दिया। तीसरी बार जब ऑर्टन ने मैकइंटायर को पटकने की कोशिश की, तो उनका सामना लोगन पॉल से हुआ। मैकइंटायर ने इस मौके का फायदा उठाने की कोशिश की और ऑर्टन के गले पर वार किया। लेकिन, ऑर्टन ने तुरंत डीडीटी दिया।

मैच के निर्णायक क्षणों में, लोगन पॉल और जेली रोल के बीच रिंग के बाहर भिड़त हो गई। पॉल ने जेली रोल को कई बार धक्का दिया, जिसके बाद जेली रोल ने पॉल को गिरा दिया। इस झड़प ने मैकइंटायर का ध्यान भटका दिया, जिसका फायदा उठाते हुए ऑर्टन ने आरकेओर देकर मैच जीत लिया। ऑर्टन को इस जीत से राहत मिली होगी।

### बोलैंड ने बनाया रिकॉर्ड

जमैका (ईएमएस)। जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में युवा ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत का रिकॉर्ड बनाया है। बोलैंड साल 1915 के बाद से ही टेस्ट क्रिकेट में 2000 गेंदें फेंकने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत वाले टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं। बोलैंड का वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 3-34 का गेंदबाजी औसत आया। रहा टेस्ट गेंदबाजी औसत अब 17.33 हो गया है। ये टेस्ट क्रिकेट के पिछले 110 वर्षों में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ औसत है। एक रिपोर्ट के अनुसार साल 1900 के बाद से ही बोलैंड से इस सूची में केवल इंग्लैंड के सिड बार्न्स ही आगे रह हैं, जबकि बोलैंड से ऊपर के अन्य छह गेंदबाज 1800 के दशक के हैं और टेस्ट क्रिकेट के शुरुआती दौर में हैं। बोलैंड की गेंदबाजी से इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम को केवल 143 रनों पर ही आउट कर दिया। बोलैंड ने वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल को 36 जबकि शाई होप को 23 रन पर पेवेलियन भेज दिया। उन्होंने शमर जोसेफ को आउट कर अपनी टीम को 82 रनों दिला दी। वेस्टइंडीज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी में 99 रनों पर ही छह विकेट गिरावट 181 रनों की बढ़त बना ली। 1915 से सक्रिय क्रिकेटरों का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाजी औसत (न्यूनतम 2000 गेंदें) स्कॉट बोलैंड (2021-वर्तमान) 17.33 पर 59 विकेट , बर्ट आयरनमॉन्गर (1928-1933) 17.97 पर 74 विकेट, फ्रैंक टायसन (1954-1959) 18.56 पर 76 विकेट, अक्षर पटेल (2021-वर्तमान) 19.34 पर 55 विकेट, जसप्रीत बुमराह (2018-वर्तमान) 19.48 पर 217 विकेट .



स्विटजरलैंड में यूईएफए यूरो कप महिला फुटबॉल में खेलती हुई इंग्लैंड व वेल्स की टीमें।

## अभी रिटायरमेंट लेने का कोई इरादा नहीं : नोवाक जोकोविच

लंदन (ईएमएस)। विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार के बाद नोवाक जोकोविच ने अपने प्रशंसकों को यह साफ संदेश दिया है कि वह अभी रिटायरमेंट लेने का कोई इरादा नहीं रखते। शुक्रवार को सेंटर कोर्ट पर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-4 से हार झेलने के बाद जोकोविच ने कहा कि यह उनका विंबलडन करियर खत्म करने वाला मैच नहीं था।

38 वर्षीय जोकोविच ने मैच के बाद कहा, "मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं।" उनकी इस हार ने न सिर्फ रोजर फेडरर के आठ विंबलडन खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने बल्कि अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की उम्मीदों को भी तोड़ दिया। क्वार्टर फाइनल के दौरान चोटिल होने के बाद जोकोविच सेमीफाइनल में पूरी लय में नजर



नहीं आए। उन्होंने कहा कि वे अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहते, लेकिन प्रदर्शन से जरूर निराश हैं।

मैच के दौरान तीसरे सेट से पहले जोकोविच ने अपने बाएं पैर के ऊपरी हिस्से के उपचार के लिए ट्रेनर को बुलाया और इसके बाद शुरुआती तीन गेम जीतने में सफल रहे। हालांकि, वे असहज महसूस करते रहे और आखिरी सात गेम में से छह हार गए। उनके प्रतिद्वंद्वी सिनर ने भी माना कि तीसरे सेट में जोकोविच की तकलीफ साफ दिख रही थी और वे सहज नहीं थे। इस साल जोकोविच ने तीनों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया लेकिन फाइनल में नहीं पहुंच पाए।

# नीरज सहित कई एथलीट विश्व चैंपियनशिप से पहले यूरोप और अमेरिका में अभ्यास करेंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए विदेश में प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। इसका खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा। इसी के तहत ही भारतीय खिलाड़ी सितंबर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप से पहले यूरोप और अमेरिका में अभ्यास करेंगे। एथलेटिक्स के सबसे अधिक खिलाड़ियों को विदेश में प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। एक बैठक में एथलेटिक्स के लिए 86 लाख रुपये के प्रशिक्षण और प्रतियोगिता प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा उन खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किया गया है जिन्होंने 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के नाम विश्व चैंपियनशिप के दो पदक है और 27 साल का यह खिलाड़ी एक बार फिर से भारत के



लिए पदक की सबसे बड़ी उम्मीद होगा। वह 57 दिनों के लिए प्राग और चेक गणराज्य के निम्बार्क में प्रशिक्षण लेंगे। चोपड़ा ने 2022 में रजत और 2023 में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले, पारुल चौधरी और लंबी दूरी के धावक गुलबीर सिंह 15 जुलाई से तीन सितंबर तक कोलोराडो स्प्रिंग्स, लॉस एंजिल्स में प्रशिक्षण लेंगे। सरकार ने तीनों के प्रशिक्षण खर्च के लिए 41.29 लाख रुपये मंजूर किए हैं।

ये तीनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं और उन्होंने मई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें साबले ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि चौधरी ने महिलाओं की स्टीपलचेज और 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया था। गुलवीर ने पुरुषों की 10,000 मीटर के साथ-साथ 5,000 मीटर स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। वहीं मध्यम दूरी के धावक अजय कुमार सरोज को शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अभ्यास के लिए 10.32 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। उन्होंने 2023 में हांगझोऊ एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। पिछले साल का अधिकांश समय सरोज टखने की चोट से जूझते रहे थे। लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर 19 जुलाई से 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया (पुर्तगाल, स्पेन और कजाकिस्तान) में प्रतियोगिताओं के लिए जाएंगे, जिसके लिए सरकार ने 5.58 लाख रुपये मंजूर किए हैं।महिला लंबी कूद की खिलाड़ी एंसी सोजन और शैली सिंह भी लंदन, बर्लिन और लॉजेन में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए यूरोप में रहेंगी, जिस पर 9.21 लाख रुपये का खर्च आएगा। पैरा बैडमिंटन में 11 खिलाड़ी 22 से 26 जुलाई तक कार्डिफ में ब्रिटिश और आयरिश पैरा-बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# अब भी रहाणे को टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद

लंदन (ईएमएस)। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने अब भी उम्मीद नहीं छोड़ी है और वह एक बार फिर भरतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं। रहाणे की उम्र 37 साल हो गयी है पर वह अभी अपनी फिटनेस बनाये हुए हैं। उनका प्रयास अगले महीने से शुरू हो रहे घरेलू क्रिकेट सत्र में बेहतर प्रदर्शन एक अपनी दावेदारी मजबूत करना है। रहाणे घरेलू क्रिके के अलावा आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान भी हैं जिसकी ओर से 2025 सत्र में उन्होंने काफी रन बनाये थे।

इस बल्लेबाज ने 85 टेस्ट मैचों में 12 शतक की सहायता से 5077 रन बनाये हैं। रहाणे ने अंतिम बार 2023 में वेस्टइंडीज दौरे में खेला था। उसके बाद से ही चयन समिति ने रहाणे के साथ-साथ चेतेश्वर पुजारा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम से बाहर रखा है। रहाणे ने हालांकि हिम्मत नहीं हारी है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन से बातचीत के दौरान रहाणे ने कहा, यहां आकर अच्छा लग रहा है। मैं अब भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट के लिए बहुत जुनून है और फिलहाल मैं अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं यहां कुछ दिनों के लिए ट्रेनिंग के लिए आया जिससे अपने को फिट बनाये रख सकूं। हमारा घरेलू सत्र शुरू होने वाला है,



इसलिए तैयारी भी शुरू हो गई है।

रहाणे ने यह भी कहा कि उन्होंने अभी हार नहीं मानी है और टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए अपनी ओर से सभी प्रयास कर रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में अजिंक्य रहाणे एक बार फिर से मुंबई की रणजी टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। रहाणे का अनुभव और नेतृत्व क्षमता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक मानी जाती है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अपने बल्ले और नेतृत्व से चयनकर्ताओं का ध्यान फिर से खींच पाते हैं या नहीं. भले ही रहाणे फिलहाल टीम इंडिया का हिस्सा न हों, लेकिन उनका समर्पण और खेल के प्रति जुनून आज भी पहले की तरह ही है। अब देखना है कि वह किस हद तक सफल होते हैं।

## सुंदर को भारतीय टीम के जीतने की उम्मीद

लॉर्ड्स (ईएमएस)। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट टीम तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतने में सफल रहेगी। तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट पर 58 रन बनाये हैं और उसे अंतिम दिन जीत के लिए 135 रन और बनाने हैं। वहीं मेजबान इंग्लैंड टीम को इस जीत को यादगार बनाने केवल छह विकेट चाहिये। नासिर हुसैन और कुमार संगकारा से बात करते हुए सुंदर ने कहा, "निश्चित रूप से भारतीय टीम पहले ही सत्र में ये मैच जीतेगी।" जब उनसे पूछा गया कि मैच कब तक समाप्त हो जाएगा तो, सुंदर ने कहा, "शायद लंच के बाद।" उन्होंने कहा "हमने चौथे दिन एक विकेट के नुकसान पर रन बनाये होते तो अच्छा होता। हमने जिस प्रकार से गेंदबाज की और जिस प्रकार से दबाव बनाए रखा, वह अद्भुत था।" दूसरी पारी में सुंदर ने 12.1 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने लंच के बाद के सत्र में जो रूट को आउट कर अपना विकेट गंवाया और फिर जेमी स्मिथ को क्लीन बोल्ड किया। रूट ने 96 गेंदों में 40 रन बनाए जबकि स्मिथ केवल 8 रन ही बना पाये। तीसरे सेशन में सुंदर ने स्टोक्स को 33 रन पर ही आउट कर दिया। इसके बाद शोएब बशीर को 2 रन पर पेवेलियन भेजा। भारतीय टीम की ओर से सुंदर के अलावा, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने भी दो-दो विकेट लिए।

# श्री चरणी टी20 ने की राधा के रिकार्ड की बराबरी

एजबेस्टन (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई स्पिनर श्री चरणी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। श्री चरणी ने इसी सीरीज में अपने टी20 करियर की शुरुआत करते हुए सीरीज के पांच मैचों में 14.8 की औसत के साथ 10 विकेट लिए हैं। इसी के साथ श्री चरणी टी20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से पहले पायदान पर पहुंच गई हैं। श्री चरणी के अलावा राधा यादव के नाम भी एक ही टी20 सीरीज में 10 विकेट लेने का रिकार्ड है। राधा ने साल 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी।

इस सूची में श्री चरणी और राधा यादव के बाद दीप्ति शर्मा है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ इसी सीरीज में 9 विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने इससे पहले एकदिवसीय प्राच्चुप में के पांच मैचों में छह विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 12 रन देकर चार विकेट और अगले तीन मैचों में दो-दो शिकार किए। हालांकि, अंतिम मैच में उन्हें कोई विकेट हाथ नहीं मिला। इस सीरीज को टीम इंडिया ने 3-2 से जीता ओर इस दौरान पूरी सीरीज में भारतीय खिलाड़ी छायी रही। अंतिम मैच में भ मेजबान टीम को अंतिम गेंद पर ही जीत



मिली। पांचवें मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 167 रन बनाए। युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 41 गेंदों में एक छक्के और 13 चौकों की मदद से 75 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए, जबकि सोफी एक्लेस्टोन को दो विकेट हाथ लगे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। इंग्लैंड को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। सोफिया डंकले और डेनियल व्याट-हॉज ने 10.4 ओवरों में 101 रन जोड़े। डंकले 30 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि डेनियल ने 37 गेंदों में 56 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने 30 रन बनाये

# सिनर ने अल्काराज को हराकर विंबलडन खिताब जीता



लंदन (ईएमएस)। इटली के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर नये विम्बलडन टेनिस चैम्पियन बनकर उभरे हैं। सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अपना चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। सिनर का ये पहला विम्बलडन खिताब है। इस जीत के साथ ही सिनर ने अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे। इसमें फ्रैंच आपन की जीत भी शामिल है। सिनर ने इस बार फाइन में कोई गलती नहीं की। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। अल्काराज सेंटर कोर्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे सेट में 4-3, 15-40 के स्कोर पर सर्विस करते हुए उन्हें दो ब्रेक अंक का सामना करना पड़ा। लेकिन सिनर ने शांति से अगले चार अंक अपने नाम कर जीत हासिल कर ली। सेट खत्म हुआ तो सिनर ने दोनों हाथ अपनी सफेद टोपी पर रख लिए। नेट पर अल्काराज को गले लगाने के बाद सिनर सिर झुकाकर कोर्ट पर झुक गए और फिर अपनी दाहिनी हथेली घास पर रख दी।

### प्रीति जिंटा भी विंबलडन फाइनल देखने पहुंची

अभिनेत्री प्रीति जिंटा खेलों की शौकीन हैं, वह अपने पति के साथ जैनिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल को देखने पहुंची। सोशल मीडिया में इस मैच की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी आये हैं। इसमें वह अभिनेत्र पोल्का-डॉटेड नीली ड्रेस में नजर आईं, जबकि उनके पति सफेद शर्ट, नीले ब्लेजर और ट्राउजर में नजर आए। वहीं कुछ एक तस्वीरों में दोनों के कई दोस्त भी नजर आ रहे हैं। एक क्लिप में वह गर्मी से राहत पाने के लिए पंखा झलती भी देखी जा सकती हैं। तस्वीरें साझा करते हुए प्रीति ने लिखा, " यह सप्ताह शानदार रहा। हमने टेनिस का एक जबरदसत मैच देखा। विंबलडन में पुरुषों का फाइनल बहुत ही शानदार रहा। जैनिक सिनर को अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने पर बधाई ।"

# टेस्ला डूबने लगी तो नींद में चिल्लाते थे मस्क:गर्लफ्रेंड बोली- लगता था उन्हें हार्ट अटैक आ जाएगा; आज नंबर-1 इलेक्ट्रिक कार कंपनी

**मुंबई:** साल 2008 की बात है। दुनियाभर की इकोनॉमी संकट में थी। लेहमन ब्रदर्स जैसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंक से लेकर जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां डूब रही थीं। इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला शुरुआती दौर में थी। मंदी के कारण हालत इतनी खराब थी कि पहली कार के लिए ग्राहकों से जो बुकिंग अमाउंट लिया था उसे भी खर्च कर दिया। अपने खर्चों को कवर करने के लिए उन्होंने निजी तौर पर रकम उधार ली थी। वे उस समय बेहद तनाव में रहने लगे थे। उनकी गर्लफ्रेंड रही तालुलाह रिले ने इस वाकये को याद करते हुए कहा- 'वह खुद से बात करने लगे थे, अपने हाथों को फैलाकर जोर-जोर से चिल्लाते थे। कई बार नींद में भी चिल्लाते थे और हाथ पटकते थे। लगता था कि उन्हें कभी भी दिल का दौरा पड़ सकता है।'

आज टेस्ला 84 लाख करोड़ के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे बड़ी ई-व्हीकल कंपनी है। मार्केट कैप में दूसरे नंबर पर चीन कंपनी BYD है जिसका मार्केट कैप 11.8 लाख करोड़ है। टेस्ला अब भारत में भी अपना शोरूम खोल रही है। 15 जुलाई को मुंबई में ये लॉन्च होगा। ऐसे में यहां हम डूबने की कगार पर खड़ी टेस्ला की कामयाब होने की कहानी 6 चैप्टर में बता रहे हैं...




## टेस्ला की शुरुआत

टेस्ला की कहानी शुरू होती है दो इंजीनियर्स, मार्टिन एबरहार्ड और मार्क टारपेनिंग से। इन्होंने 2003 में टेस्ला मोटर्स की नींव रखी। बाद में इयान राइट और जेबी स्ट्रॉबेल भी टीम में जुड़े। एबरहार्ड और टारपेनिंग 1980 के दशक में मिले थे। वे पहले एकसाथ न्यूवोमीडिया नाम की कंपनी में काम कर चुके थे। यहां उन्होंने रॉकेट ई-बुक रीडर बनाया था।

मार्टिन को स्पोर्ट्स कार बहुत पसंद थी और एक ऐसी कार चाहते थे जो तेज हो और पर्यावरण को नुकसान भी न पहुंचाए। उस वक्त मिडिल ईस्ट में युद्ध चल रहा था। ग्लोबल वॉर्मिंग की चिंता बढ़ रही थी। मार्टिन को लगा कि पेट्रोल गाड़ियां खरीदना सही नहीं। यहीं से टेस्ला का ख्याल आया। मार्टिन और मार्क ने देखा कि ई-बुक रीडर में उन्होंने जो लीथियम-आयन बैटरी इस्तेमाल की थी वो कारों के लिए भी क्रांतिकारी हो सकती है। उन्होंने एसी प्रॉपल्शन नाम की एक छोटी कंपनी के साथ मिलकर एक प्रोटोटाइप बनाया, जो बाद में टेस्ला रोडस्टर का आधार बना।

हालांकि, गाड़ी बनाना आसान नहीं था। उन्हें ऑटोमोटिव इंडस्ट्री का कोई अनुभव नहीं था और सप्लायर्स को उनके साथ काम करने में रिस्क दिखता था। फिर भी, उन्होंने लोटस जैसी कंपनियों के साथ पार्टनरशिप की और 1 जुलाई 2003 को टेस्ला को शुरू किया।

इलॉन मस्क आज टेस्ला का सबसे बड़ा चेहरा हैं, लेकिन वो इसके फाउंडर नहीं थे। 2004 में मस्क ने टेस्ला में 65 लाख डॉलर का निवेश किया और कंपनी के चेयरमैन बने। आज के हिसाब से रुपए में ये रकम करीब 56 करोड़ रुपए होती है। 10 लाख डॉलर अन्य निवेशकों ने भी लगाए थे। जब टेस्ला मोटर्स की शुरुआत हुई, उस वक्त इलॉन मस्क स्पेसएक्स पर काम कर रहे थे। उसी दौरान उनकी मुलाकात जेबी स्ट्रॉबेल से हुई। स्ट्रॉबेल एक युवा इंजीनियर और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के फैन थे। स्ट्रॉबेल ने अपने गैरेज में खुद एक पोर्श को इलेक्ट्रिक गाड़ी में बदला था।

स्ट्रॉबेल ने मस्क को एसी प्रॉपल्शन नाम की एक छोटी कंपनी के बारे में बताया, जो इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाती थी। दोनों ने एसी प्रॉपल्शन की tZero गाड़ी का टेस्ट ड्राइव लिया, जिसमें लीथियम-आयन बैटरी थी। मस्क को ये गाड़ी इतनी पसंद आई कि वो इसे कॉमर्शियल करने के लिए एसी प्रॉपल्शन के सीईओ टॉम गेज को मनाने लगे, लेकिन गेज इसके लिए तैयार नहीं हुए। फिर गेज ने मस्क को मार्टिन से मिलवाया, जो टारपेनिंग और इयान राइट के साथ मिलकर टेस्ला मोटर्स शुरू कर चुके थे। यहीं से मस्क की एंट्री टेस्ला में हुई।

# अमेरिका ट्रेडिंग कंपनी ने एस्क्रो खाते में जमा किए 4,843.50 करोड़

### -सेबी ने गलत रणनीतियों से मुनाफा कमाने के आरोप में लगा दिया था बैन

मुंबई,(ईएमएस)। अमेरिका की ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट ग्रुप ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पक्ष में एक एस्क्रो खाते में 4,843.50 करोड़ रुपए जमा किए हैं। इस राशि को जमा पूंजी बाजार नियामक के निर्देश पर किया गया है। सेबी का आरोप है कि शेयर बाजार में गलत प्रथाओं से जेन स्ट्रीट ग्रुप ने करोड़ों रुपए कमाए, जिसके चलते नियामक ने अमेरिकी कंपनी को भारतीय शेयर बाजार में प्रवेश पर बैन कर दिया था।

इस महीने की शुरुआत में सेबी ने वॉल स्ट्रीट की इस कंपनी पर तब तक भारतीय शेयर बाजार में कारोबार करने पर बैन लगा दिया था। जब तक कि वह 4,843.5 करोड़ रुपए एस्क्रो खाते में जमा नहीं कर करती। सोमवार को आई कई रिपोर्टों में बताया गया है कि कंपनी ने यह राशि जमा कर दी है। हालांकि, सेबी या जेन स्ट्रीट ने अभी तक इन रिपोर्टों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने की शुरुआत में सेबी ने जेन स्ट्रीट पर आरोप लगाया गया था कि उसने नियमों के खिलाफ जाकर गलत रणनीतियों के इस्तेमाल से इंडेक्स ऑप्शंस में 43,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा कमाया। बाजार नियामक के मुताबिक जेन स्ट्रीट और इसकी संबंधित संस्थाओं ने बैंक निफ्टी सूचकांक को आर्टिफिशियल तरीके से बढ़ाने और घटाने के लिए एक इंट्रा-डे ट्रेडिंग रणनीति तैयार की है। नियामक ने इसे मार्किंग-द-क्लोज का एक क्लासिक मामला बताया, जहां एक ट्रेडर समाप्ति से ठीक पहले अपने स्वयं के डेरिवेटिव पोजीशन के पक्ष में अंतर्निहित इंडेक्स की कीमतों में हेरफेर करता है। सेबी ने जेन स्ट्रीट और इसकी तीन संबंधित संस्थाओं- जेएसआई 2 इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर पीटीई लिमिटेड और जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग लिमिटेड को अगले नोटिस तक भारतीय प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने से रोक दिया है।

# चीन ने भारत में आईफोन बनाने वाले इंजीनियर्स वापस बुलाए: सरकार बोली- अभी भी एपल के पास पर्याप्त इंजीनियर्स मौजूद

**चेन्नई:** भारत में आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन से 300 से ज्यादा चीनी इंजीनियर्स और टेक्नीशियंस को अचानक वापस बुलाने पर भारत सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सरकार ने कहा है कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एपल के पास उत्पादन को प्रभावित किए बिना काम चलाने के लिए पर्याप्त इंजीनियर्स मौजूद है।
पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एक सरकारी अधिकारी ने कहा एपल के पास विकल्प हैं और वे इस चुनौती का सामना कर सकते हैं। यह मामला मुख्य रूप से एपल और फॉक्सकॉन के बीच है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब एपल भारत में आईफोन 17 बनाने की तैयारी कर रहा है। इसका ट्रायल प्रोडक्शन जुलाई में शुरू होने की संभावना है। अगस्त में मास प्रोडक्शन किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक चीन ने भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रभावित करने के लिए इंजीनियर्स और टेक्नीशियन्स को वापस बुलाने के निर्देश दिए हैं।

### भारत में हाई-टेक असेंबली लाइन संभालते हैं चीनी इंजीनियर

चीनी इंजीनियर फॉक्सकॉन की हाई-टेक असेंबली लाइन, फैक्ट्री डिजाइन और भारतीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहे थे। इसके लिए भारत सरकार ने चीनी इंजीनियरों के लिए वीजा सुविधा भी प्रदान की थी, ताकि उत्पादन में कोई बाधा न आए।

### चीनी वर्कर्स के जाने से फैक्ट्रियों में काम धीमा हो सकता है

सूत्रों ने कहा, "चाइनीज कर्मचारियों की संख्या 1% से भी कम है, लेकिन ये प्रोडक्शन और क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे अहम ऑपरेशंस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चीनी सरकार द्वारा अपने नागरिकों को वापस बुलाने के निर्देश से फैक्ट्रियों में काम धीमा हो सकता है। बीती दिनों चीन ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (EV) और इलेक्ट्रॉनिक्स में इस्तेमाल होने वाले रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई भी रोक दी थी। ऐसे में चीन के इन दोनों कदमों को भारत की मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ को कमजोर करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। चीन शायद भारत के साथ टिट-फॉर-टैट की रणनीति अपना रहा है, क्योंकि उनके कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बिजनेस वीजा हासिल करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। एक उद्योग सूत्र ने कहा, हम इस मामले पर सरकार को एक रिपोर्ट भेजने का प्लान बना रहे हैं।
आईफोन मैन्यूफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28% था। भारत ने 4 साल पहले बड़े पैमाने पर आईफोन असेंबल करना शुरू किया था, और अब ये ग्लोबल प्रोडक्शन का पांचवां हिस्सा बनाता है। एपल की योजना 2026 के अंत तक अमेरिका के लिए ज्यादातर आईफोन्स भारत में बनाने की है, जिसकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आलोचना की है।

# ट्रैवल फूड सर्विसेज का शेयर दो प्रतिशत की तेजी के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली (ईएमएस)। ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड (टीएफएस) के शेयरों की सोमवार को शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत हुई। कंपनी का शेयर बीएसई पर अपने निर्गम मूल्य 1,100 से 2.38 फीसदी की बढ़त के साथ 1,126.20 पर लिस्ट हुआ, जबकि एनएसई पर यह 1,125 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ, जो 2.27 फीसदी की बढ़त को दर्शाता है। इसके साथ ही कंपनी का बाजार पूंजीकरण 14,222.04 करोड़ हो गया। ट्रैवल फूड सर्विसेज का आईपीओ पूरी तरह से एक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था, जिसके तहत प्रवर्तक कपूर फैमिली ट्रस्ट ने 2,000 करोड़ के शेयर बाजार में बेचे। आईपीओ का मूल्य दायरा 1,045 से 1,100 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था। यह सार्वजनिक निर्गम निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया के साथ 2.88 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी ने 2009 में अपना पहला ट्रैवल क्विक-सर्विस रेस्तरां शुरू किया था। मुंबई मुख्यालय वाली ट्रैवल फूड सर्विसेज हवाई अड्डों और कुछ प्रमुख राजमार्गों पर फास्ट फूड, कैफे, बेकरी, फूड कोर्ट और बार जैसी खाद्य एवं पेय सेवाएं प्रदान करती है। लिस्टिंग के बाद शेयर में स्थिरता बनी रही, जिससे निवेशकों को शुरुआती लाभ मिला। ट्रैवल आधारित एफएंडबी क्षेत्र में काम करने वाली यह कंपनी अब निवेशकों के लिए दीर्घकालिक अवसर प्रदान कर सकती है।

# भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स, रिलायंस रिटेल टॉप 10 में शामिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है और कई कंपनियां यूनिकॉर्न की कैटेगरी में आ चुकी हैं। यूनिकॉर्न कंपनी वह होती है जिसकी वैल्यू एक अरब डॉलर से अधिक होती है। दुनिया में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर है, उसके बाद चीन और फिर भारत का स्थान है। वर्तमान में अमेरिका में लगभग 793 यूनिकॉर्न हैं, जबकि चीन में 284 और भारत में 88 यूनिकॉर्न कंपनियां हैं। यूरोप, यूके, सिंगापुर, इजरायल जैसे अन्य देशों में भी यूनिकॉर्न्स की अच्छी संख्या देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी यूनिकॉर्न कंपनी एलन मस्क की स्पेसएक्स है, जिसकी वैल्यू 350 अरब डॉलर है। इसके बाद ओपनएआई 300 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है, जो चैटजीपीटी जैसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के लिए जानी जाती है। तीसरे नंबर पर टिकटॉक की पेरेंट कंपनी बाइटडांस है, जिसकी वैल्यू 220 अरब डॉलर है। चीन की एंटग्रुप कंपनी 150 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर है। भारत की सबसे बड़ी यूनिकॉर्न कंपनी मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल है, जिसकी वैल्यू 100 अरब डॉलर है। यह एशिया की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी भी है और टॉप 10 यूनिकॉर्न कंपनियों में पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा अमेरिका की एक्सएआई, चीन की शीन, अमेरिका की स्ट्राइप, डेटाब्रिक्स और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियां इस सूची में शामिल हैं। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में यह तेजी दर्शाती है कि देश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है।



### देश के आठ प्रमुख शहरों में घटा मकानों की बिक्री का ग्राफ

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के आठ प्रमुख आवासीय बाजारों में अप्रैल-जून 2025 की तिमाही के दौरान मकानों की बिक्री में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एक आवासीय ब्रोकरेज कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान कुल 97,674 आवास इकाइयाँ बिकीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,13,768 था। इस गिरावट का सबसे बड़ा असर महाराष्ट्र के दो प्रमुख बाजारों मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे में देखा गया। यहां संयुक्त रूप से बिक्री 30 प्रतिशत घटकर 41,901 इकाई रह गई, जो एक साल पहले 60,191 थी। विशेषज्ञों का मानना है कि संपत्ति की कीमतों में तेज़ी और सामर्थ्य की कमी के चलते उपभोक्ता मांग में कमी आई है, खासकर मध्यम और बजट वर्ग के खरीदारों में। अन्य प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली-एनसीआर, अहमदाबाद, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में भी बिक्री में सुस्तपन देखा गया है। बजट और मध्यम आय वर्ग के खरीदार अब कीमतों को लेकर अधिक सतर्क हो गए हैं। हालांकि, दीर्घकालिक मांग अभी भी बनी हुई है, जिससे बाजार में स्थिरता की उम्मीद की जा सकती है।

## दैनिक पंचांग

**15 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.34 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | सिंह | 07.50 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.02 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.27 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 16.43 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.48 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.35 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.08 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | मेष | 23.38 बजे से |
| | | वृष | 01.18 बजे से |
| | | मिथुन | 03.16 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 196 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 22.40 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 06.27 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 14.12 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 11.22 बजे तदनन्तर तैतिल 22.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 31'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872406
**जूलियन दिन** 2460871.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 19
**विशेष** मंगला गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7347

**बाएँ से दाएँ**
1.जी,इच्छा,चित्त-2
2.तन,बदन,देह-3
4.अग्निदग्ध-2
6.रनिवास (उर्दू-3)
7.स्नान करना-3
8.विश्राम-3
9.राजा,सम्राट-3
10.वचन,प्रतिज्ञा-3
11.तरंग,हिलोर-3
13.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14.सही का विलोम-3
15.सद्पुरुष-2
16.पाठ,शिक्षा-3
17.कर्ता,कार्य करने वाला-3
18.इज्जत,मान,सम्मान-3
19.सब कुछ छीन लेना-2
20.भवन,प्रासाद-3
21.वजह-3
23.खेल दिखाने वाला-2
24.पेन,लेखनी-3
25.ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**
1.राय,वोट,अभिप्राय-2
2.लाज.लज्जा-2
3.500 कागजों की गड्डी -2
4.दुनिया,जगत-3
5.लेकर आना-2
6.अवैध,नाजायज-3
7.निगाह,दृष्टि-3
8.बैठने की जगह-3
9.आराम,मदद-3
10.कर्म,भाग्य-3
11.लगन,जिद,उत्साह-3
12.दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14.जवान,तरुण-3
15.रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16.दुर्बल का विलोम-3
17.वजह-3
18.पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19.रनिवास (उर्दू-3)
20.जी,इच्छा,चित्त-2
21.समयगति-2
22.देह,बदन-2

**शब्द पहेली -7346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ध | ■ | प | ना | ह | ■ | शा | न |
| त | र | ह | ■ | क | व | च | ■ | शा |
| ■ | ती | र | थ | ■ | स | प | ना | ■ |
| घ | ■ | म | का | न | ■ | ल | च | क |
| रा | ख | ■ | न | ज | र | ■ | ना | म |
| ना | र | द | ■ | ला | क | र | ■ | र |
| ■ | ल | ह | र | ■ | म | वा | ली | ■ |
| रा | ■ | न | क | ल | ■ | ना | प | ना |
| ज | रा | ■ | म | त | ली | ■ | ना | ना |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 6888

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 24 | 21 | ■ | 20 | 20 | 18 | 16 | ■ |
| 18 | 8 | | 4 | ■ | 6 | | 7 | | 26 |
| 15 | | 9 | | ■ | | 5 | | 7 | 27 |
| 16 | 5 | | 8 | ■ | 2 | | 3 | | 16 |
| 28 | | 6 | | 9 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 2 | | 7 | | 23 |
| 29 | | 7 | | 9 | ■ | 2 | | 5 | 10 |
| 22 | 6 | | 3 | | ■ | | 5 | | 11 |
| 18 | | 6 | | 4 | ■ | 7 | | 8 | 25 |
| ■ | 16 | 20 | 14 | 35 | ■ | 18 | 23 | 17 | ■ |

**अंकजाल 6887 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 27 | 20 | 14 | ■ | 26 | 26 | 16 | 11 | ■ |
| 19 | 9 | 3 | 7 | ■ | 2 | 5 | 5 | 4 | 16 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 11 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 18 |
| 34 | 6 | 7 | 7 | 2 | 5 | 7 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 | 33 |
| 25 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | ■ | 2 | 5 | 7 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 4 | 19 |
| ■ | 21 | 12 | 29 | 30 | ■ | 16 | 22 | 20 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5832

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5831 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1955 डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को भारत रत्न से सम्मानित किया.

1958 दक्षिण अफ्रीका राष्ट्र संघ का पूर्ण सदस्य बना.

1968 अमरीका और सोवियत संघ के बीच सीधी विमान सेवा प्रारंभ हुई.

1974 साइप्रस में राष्ट्रपति मकारियोस को सेना ने सत्ता से हटा दिया.

1989 अफगान विद्रोहियों ने राकेटों से हमले किए जिससे 44 व्यक्ति हताहत हुए.

1991 विश्व के सात बड़े औद्योगिक देशों का शिखर सम्मेलन लंदन में हुआ.

2000 जिंबाब्वे ने श्वेतों से कब्जे में लिए गए फार्मों पर अश्वेतों को बसाना शुरु किया.

2001 आगरा में भारत-पाकिस्तान के बीच शिखर सम्मेलन प्रारंभ हुआ.

2002 देशभर में सांसदों और विधायकों ने 12वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान किया.

## गणित पहेली - 5192

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | | 50 | | 75 | | 20 | = | 90 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 65 | | 17 | | 20 | | 1 | = | 62 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 20 | | 75 | | 10 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 10 | | 10 | | 2 | = | 42 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 65 | | 23 | | 10 | | 15 | = | 75 / 37 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5191**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | x | 4 | ÷ | 2 | - | 8 | = | 40 |
| + | ■ | x | ■ | x | ■ | + | ■ | + |
| 25 | - | 10 | + | 25 | + | 8 | = | 48 |
| - | ■ | ÷ | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 25 | + | 5 | ÷ | 2 | x | 3 | = | 45 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 3 | x | 10 | - | 25 | x | 3 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 21 | - | 18 | + | 23 | - | 16 | = | 28 / 10 |

## शब्दजाल - 6879

शब्द जाल में 1978 में प्रदर्शित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

आखिरी डाकू, अनपढ़, अपना खून, भूख, अतिथि,आजाद,बदलते रिश्ते, दामाद, दो मुसाफिर, अंखियों के झरोखे से

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | रा | अ | ति | थि | ग | दा | मा | य | क | चि |
| मा | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | भू |
| द | आ | ह | झि | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | ख |
| प | जा | खि | च | ल | क | ड़ | हा | दा | र | ह |
| टा | द | र | री | हा | मि | री | अ | न | प | ढ़ |
| ह | ह | प | व | डा | ह | ला | प | ड़ा | न | ती |
| ट | ट | बु | अं | र | कू | ट | ना | ला | ह | क |
| दो | मु | सा | फि | र | छ | सौ | खू | ट | जू | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | दा | न | दा | र | द |
| अं | खि | यों | के | झ | रो | खे | से | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ब | द | ल | ते | रि | श्ते | ह | ट |

**शब्दजाल - 6878 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | धा | र | शि | ला | का | धि | का | र | प | गो |
| धा | म | क | म | इं | डो | बा | ग | ति | मा | ला |
| र | दा | ने | ला | मा | ग | जा | द | अ | शां | ति |
| सि | ग | ल | सा | ज़ा | न | र | ध | प | लि | अ |
| त | अ | अ | र | म | न | मे | ह | मा | न | ग्नि |
| अ | ना | का | र | व | ने | का | त | न | र | प |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | री |
| र | बे | मि | सा | ल | प | स | अं | ल | वि | क्षा |
| क | जु | बा | अ | लं | का | र | गू | न | जू | दे |
| र | बा | ति | मा | न | सिं | ब्रा | र | का | प | श |
| बां | न | ल | प | ब | गा | व | त | प | र | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संक्षिप्त खबरें

### सावन की पहली सोमवारी पर जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने किया रुद्राभिषेक, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना



**रांची:** दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 19 जून से भर्ती झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में सुधार के बावजूद वह पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं. ऐसे में उनके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना की गई. 14 जुलाई, श्रावण मास की पहली सोमवारी को अलग-अलग मंदिरों में झामुमो समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों ने भोलेनाथ की आराधना और रुद्राभिषेक किया. राज्य के विकास के साथ-साथ गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, झारखंड लोक सेवा आयोग (JPSC) की सदस्य डॉ. अंजिता भट्टाचार्य ने लालपुर के हरिमती मंदिर स्थित शिवालय में रुद्राभिषेक किया. भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पूजन करने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड की धरती 'मनोकामना लिंग' की धरती है, इसलिए श्रावण मास की पहली सोमवारी को भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर राज्य के जन-जन के कल्याण के साथ-साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दिशोम गुरु के नाम में भी शिव है और उनका व्यक्तित्व भी शिव जैसा है. जो खुद गरल पीता है और दूसरों के लिए अमृत बांटता है. पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए पूजा अर्चना का दौर जारी है. 29 जून को जब उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गयी थी तब से लगातार अलग-अलग धर्मों के पूजा स्थलों पर पूजा अर्चना का दौर जारी है. रांची के जगन्नाथ मंदिर, पहाड़ी बाबा मंदिर, रातू रोड देवी मंदिर, डोरंडा के रिसालदार बाबा के मजार पर चादरपोशी, गुरुद्वारा में अरदास और सरनास्थल पर पारंपरिक तरीके से 'मां सरना' की लगातार पूजा अर्चना का दौर जारी है.

### खूंटी में 18 साल बाद पकड़ा गया हत्या का मुख्य आरोपी, 4 साल के मासूम की बेरहमी से ली थी जान



**खूंटी:** 2007 में हुए चार साल के बच्चे का अपहरण और हत्या मामले के मुख्य आरोपी को खूंटी पुलिस ने 18 साल बाद गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. वहीं अन्य आपराधिक मामलों में कार्रवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र से कुल पांच आरोपियों को हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है. एसपी मनीष टोप्पो ने कहा एक मासूम बच्चे के अपहरण और हत्या मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी शिशुपाल सिंह को तोरपा पुलिस ने 18 साल बाद गिरफ्तार कर लिया है. एसपी ने कहा कि यह मामला तोरपा थाना में 5 मार्च 2007 को दर्ज कांड संख्या 10/07 से जुड़ा है. हत्या के आरोपी को पुलिस ने रांची जिले के पुंदाग टीओपी क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से तोरपा का रहने वाला है. घटना को अंजाम देने के बाद वह पूरे परिवार के साथ पहचान छिपाकर पुंदाग ओपी क्षेत्र में रह रहा था. इस कांड में शामिल अन्य आरोपियों में बलदेव महतो, वाल्टर डाहंगा, बीरू सिंह और जावेद खान को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि शिशुपाल सिंह पिछले 18 वर्षों से फरार था. अपराधियों का मकसद दामोदर मास्टर के बेटे को फिरौती के लिए अपहरण करना था. लेकिन जब वे घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां दो बच्चे खेल रहे थे. एक दामोदर मास्टर का बेटा और दूसरा चंद्रशेखर जायसवाल का चार वर्षीय बेटा निशांत जायसवाल था. अपराधियों ने गलती से चंद्रशेखर जायसवाल के बेटे का अपहरण कर लिया. जिसके बाद तत्काल परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी. जिसके बाद 5 मार्च को तोरपा नगर भवन के पीछे से चंद्रशेखर जायसवाल के बेटे का शव बरामद हुआ था. अपराधियों ने चार साल के मासूम बच्चे को गला दबाकर और माथे पर कील ठोंक कर बेरहमी से हत्या की थी. पुलिस को 18 साल बाद मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ.

### शराब दुकानों की संख्या व स्थान निर्धारित कर 21 जुलाई तक सरकार को रिपोर्ट भेजें : उत्पाद आयुक्त

**रांची:** राज्य सरकार ने उपायुक्तों को शराब की दुकानों की संख्या और स्थान निर्धारित कर 21 जुलाई तक उत्पाद विभाग को अपनी रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है. दुकानों की संख्या और स्थान से संबंधित रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार द्वारा नीलामी शुरू करने की तिथि की घोषणा की जायेगा. इसका उद्देश्य एक सितंबर से नयी उत्पाद नीति 2025 के तहत शराब की खुदरा बिक्री शुरू करना है. राज्य के उत्पाद आयुक्त रविशंकर शुक्ला ने सभी उपायुक्तों को पत्र भेज कर मिनिमम गारंटी रेविन्यू (MGR) के आलोक में दुकानों की संख्या और स्थान निर्धारित करने का निर्देश दिया है. इसमें कहा गया है कि दुकानों की संख्या सरकार द्वारा निर्धारित MGR के अनुरूप होना चाहिए. सरकार के इस निर्देश के आलोक में शराब की खुदरा दुकानों की संख्या बढ़ या कम हो सकती है. राज्य में उत्पाद नीति 2022 के तहत राज्य में शराब की खुदरा बिक्री के लिए 1453 दुकानें खोली गयी थीं. सरकार ने एक सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक के लिए उत्पाद नीति 2025 से MGR को रूप में 2402.00 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान किया है. जिले के उपायुक्तों को सहायक उत्पाद आयुक्त, उत्पाद अधीक्षक के सहयोग से दुकानों की संख्या और स्थान निर्धारित करना है. उत्पाद नीति में निहित प्रावधानों के अलोक में 100 प्रतिशत दुकानों की बंदोबस्ती की जिम्मेवारी भी संबधित जिले के उपायुक्त, सहायक उत्पाद आयुक्त और उत्पाद अधीक्षक की होगी. दुकानों की बंदोबस्ती नीलामी प्रक्रिया के तहत की जायेगी. जिलों से दुकानों की संख्या और स्थान से संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा के बाद राज्य सरकार दुकानों के नीलामी की तिथि पर फैसला करेगी.

# बासुकीनाथ धाम में दिखा आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम

## 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, बोल बम के नारे से गूंजा वातावरण

## कंट्रोल रूम से डीसी पूरे मेला क्षेत्र पर बनाए हुए थे नजर, अधिकारियों को दे रहे थे निर्देश



**दुमका:** झारखंड के बासुकीनाथ धाम में सावन मास के पहले सोमवार को आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात्रि से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें बाबा बासुकीनाथ के दर्शन और जलार्पण के लिए उमड़ पड़ी थीं। हर हर महादेव और 'बोल बम के जयकारों से पूरा बासुकीनाथ मेला क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। अब तक श्रद्धालुओं के जलाभिषेक यह आंकडा एक लाख के पार पहुंच चुका है।

श्रद्धालुओं ने शिवगंगा सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद अर्घा के माध्यम से बाबा बासुकीनाथ को जलार्पण किया। मंदिर पट खुलने के कुछ देर बाद जलार्पण प्रारंभ हुआ। जो लगातार जारी है। श्रावणी मेला के चौथे दिन पहले सोमवार को शाम 4 बजे तक 90350 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया। सामान्य रुट लाइन से 82689, शीघ्र दर्शनम से 2250 एवं जलार्पण काउंटर से 5250 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। पहली सोमवारी को 161 डाक बम श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। देर शाम तक श्रद्धालुओं के जलाभिषेक यह आंकडा एक लाख के पार पहुंच चुका है। शीघ्र दर्शनम से 6,75,000 रुपये, दान पेटी से 3,12,660 रूपये, गोलक से 98640 रुपये एवं अन्य स्रोत से 4445 रूपये प्राप्त हुए। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा स्वयं देर रात्रि से मेला कंट्रोल रूम से संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी करते रहे। उन्होंने समय-समय पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों और पुलिस जवानों को वॉकी-टॉकी के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्था की नियमित समीक्षा करते रहे।



स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहीं। देर रात से ही विभिन्न चिकित्सा शिविरों में चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मी मौजूद थे। सुरक्षा बलों के जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करते हुए जलार्पण की प्रक्रिया को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करते रहे। भीड़ प्रबंधन, विधि-व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर विशेष दलों की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं ने मेले की व्यवस्था बहुत अच्छी और भक्तों के अनुकूल है। उन्हें साफ पानी, शौचालय, सुरक्षा और इलाज जैसी ज़रूरी सुविधाएं आसानी से मिली। उन्होंने प्रशासन के कार्यो का सराहना की।

### अमरेश्वर धाम का खुला पट, जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की उमड़ी पड़ी भीड़



**खूंटी:** पवित्र सावन माह के पहले सोमवार को लेकर बाबा अमरेश्वर धाम पूरी तरह सज-धज कर तैयार है. मंदिर प्रबंधन समिति के तत्वावधान में रविवार शाम भगवान भोले शंकर का भव्य श्रृंगार पूजन किया गया. इस अवसर पर कमेटी के श्रृंगार पूजन पदाधिकारी और सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे. शाम होते ही यहां भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था.

इधर, कमेटी की ओर से धाम परिसर में भक्तों के लिए कई इंतजाम किए गए हैं. कमेटी के सदस्य रविवार सुबह से ही धाम परिसर में लगे हुए हैं. पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है. कमेटी के अध्यक्ष लाल ज्ञानेन्द्रनाथ शाहदेव एवं महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि मंदिर समेत बनई नदी में भी लाइट की विशेष व्यवस्था की गई है. उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े तीन बजे सरकारी पूजा के बाद मुख्य मंदिर का द्वार भक्तों के लिए खोल दिया गया.

पहली सोमवार को पूजा करने को लेकर भक्त देर रात ही कतार में लग गए थे. इस दौरान सरकारी पूजा के बाद जैसे ही मुख्य मंदिर का द्वार खोला गया, भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. अहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है. ओडिशा, सिमडेगा, रांची सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में बाबा अमरेश्वर धाम पहुंचे और भगवान भोलेनाथ पर जलार्पण कर रहे हैं. इधर, जिला प्रशासन के द्वारा बाबा अमेश्वर धाम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. भक्तों की मदद के लिए धाम परिसर में सहायता शिविर लगाया गया है. जहां चौबीसों घंटा पुलिस बल की तैनाती रहेगी. पानी, बिजली एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है. वहीं, दंडाधिकारियों एवं मेडिकल टीम की तैनाती के साथ-साथ खूंटी एवं तोरपा डीएसपी को पूरी जिम्मेदारी सौंपी गयी है.

### असम ने कॉपी किया झारखंड का फैसला, मेरा फैसला अब बन रहा राष्ट्रीय नीतिः मंत्री इरफान



**रांची:** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि असम ने झारखंड का फैसला कॉपी किया है. कांग्रेस की सोच अब भाजपा भी अपना रही है. मृत शरीर को अस्पताल में रोकना अमानवीय के संदर्भ में मैंने फैसला किया था, जो अब राष्ट्रीय नीति बन रहा है. अब असम भी डॉ इरफान अंसारी के रास्ते चल पड़ा है. सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि जनता की पीड़ा को समझने वाले नेता डॉ. इरफान अंसारी का निर्णय देश के लिए मिसाल है. झारखंड देश का पहला राज्य बना था, जहां मैंने यह जनहित फैसला लिया कि मृत शरीर को अस्पताल में नहीं रोका जाएगा, चाहे बिल बकाया हो या नहीं. आज असम सरकार ने उसी नीति को अपनाया. भाजपा शासित राज्य भी अब कांग्रेस की सोच पर चलने को मजबूर हैं. यह मेरे लिए गर्व का क्षण है.

## झारखंड के सभी सरकारी दफ्तर होंगे हाईटेक, ई-ऑफिस सिस्टम के हैं कई फायदे, चार विभागों में व्यवस्था बहाल

### ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाएं : मुख्य सचिव

**रांची:** झारखंड सरकार अपने दफ्तरों को हाईटेक करने की कवायद में जुट गई है. सारे दफ्तरों को ई-ऑफिस सिस्टम से लैस किया जाएगा. सारा काम डिजिटल मोड पर होगा. एक बटन दबाते ही सारा डाटा सामने आ जाएगा. सरकार के आईटी डिपार्टमेंट में इस दिशा में काम करना शुरु कर दिया है. इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य सरकार के विभागों के प्रमुखों के साथ विचार विमर्श किया. उन्होंने आईटी डिपार्टमेंट को ई-ऑफिस सिस्टम को सौ फीसदी त्रुटिहीन बनाने का निर्देश दिया.

**कबतक ई-ऑफिस सिस्टम से लैस होंगे सभी दफ्तर:** इसके लिए डेडलाइन तय कर दिया गया है. जनवरी 2026 के पहले इस व्यवस्था को बहाल करने को कहा गया है. प्रेजेंटेशन के माध्यम से इसे लागू करने का तरीका बताने वाले रेलटेल, एनआइसी और जैपआइटी के तकनीकी विशेषज्ञों को निर्देश दिया कि वे टाइमलाइन बनाकर इसे क्रियान्वित करें. तकनीकी व्यवस्था सुगम हो, ताकि



अनावश्यक देरी नहीं हो. कार्यालय के बाहर दूसरी जगह से भी ई-ऑफिस के जरिये कार्य करने की सहुलियत हो.

**साइबर फ्रॉड का नहीं पड़ना चाहिए साया:** मुख्य सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी फाइलें काफी संवेदनशील होती हैं, इसलिए सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि फाइलें साइबर फ्रॉड की शिकार नहीं बनें. उन्होंने निर्देश दिया कि इसके लिए सबसे पहले सभी पुरानी फाइलों को स्कैन कर उनका पीडीएफ फाइल अपलोड करना होगा. ऐसा ना हो कि फिजिकल फाइल पढ़कर डिजिटल निर्णय लेने की नौबत आये.

**चार विभागों में ई-ऑफिस सिस्टम शुरू:** राज्य सरकार के चार विभागों में ई-ऑफिस सिस्टम शुरू हो गया है. इनमें कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा, वित्त विभाग, आईटी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के अलावा उच्च शिक्षा विभाग शामिल हैं. इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. दूसरे विभाग भी इस व्यवस्था को लागू करने में आगे आ रहे हैं. इन विभागों के लोगों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है. कई विभागों ने अपने अधिकारियों के ई-ऑफिस सिस्टम पर ईमेल बना दिया है. मुख्य सचिव ने बाकी बचे विभागों को भी ई-ऑफिस सिस्टम पर आने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया.

**ई-ऑफिस सिस्टम से क्या फायदे होंगे:** ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद एक क्लिक पर फाइलें सामने होंगी. फाइलों के भौतिक रख-रखाव से मुक्ति मिल जाएगी. सभी फाइलें एक जगह संरक्षित और सुरक्षित रहेंगी. एक फाइल की कई-कई बार फोटो कॉपी करने की जरुरत नहीं होगी. फाइलों को आग, बाढ़, कीड़े, चूहों और फंगस से बचाने की जद्दोजहद से मुक्ति मिलेगी. फाइलों पर निर्णय लेने की गति बढ़ेगी. यह पारदर्शी होगा, इस कारण भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होगी. फाइलें लाल फीताशाही से मुक्त होंगी. विभागों की कार्यकुशलता बढ़ेगी. पेपरलेस काम होने से पर्यावरण को लाभ होगा.

## सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक रांची के खेलगांव में

**रांची:** झारखंड में वर्ष-2025-26 के लिए सेना भर्ती रैली संभावित 22 अगस्त से 04 सितंबर तक रांची के खेलगांव में होगा। इस आयोजन को लेकर उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में बैठक हुई। बैठक के दौरान खेलगांव रांची में 22 अगस्त से 04 सितंबर तक होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल विकास भोला ने उपायुक्त रांची से विशेष रूप से कहा कि रांची जिला के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिला के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनाएं। ये हमारी प्राथमिकता है।

कर्नल विकास ने कहा कि रैली के दौरान जो युवा इस रैली में भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं रैली स्थल पर कराने को कहा गया है। रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा, रैली स्थल निर्धारित विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल कवर, रैली स्थल पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम संभावित रैली के सभी दिनों में सुबह चार बजे से उपलब्ध कराने को कहा गया। इस पर उपायुक्त ने कहा कि सारी व्यवस्थाएं जो भी जिला प्रशासन की तरफ से संभव होगा, वह उपलब्ध करा दी जाएंगी।

**सेना भर्ती**

इन पदों में भर्ती के लिए होगी रैली-
(ग्रुप ए) अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी)
(ग्रुप बी) अग्निवीर (तकनीकी)
(ग्रुप सी) अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर) तकनीकी)
(ग्रुप डी) अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास
(ग्रुप ई) अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास



उपायुक्त ने कहा कि सभी सेना में शामिल होने वालें उम्मीदवारों का शोषण करने वाले दलालों से सावधान रहें। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पूरे पारदर्शी तरीके से होती है। इसमें जो कोई भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अर्हता पूरी नही करता। उनकी भर्ती किसी भी हालत में नही हो सकती है। इसलिए आप सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहेंगे, उनके किसी भी झांसे में आने की आवश्यकता नहीं है।

सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे।

खेलगांव में भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर तक संभावित। सभी उम्मीदवारों को अधिसूचना के अनुसार रैली के लिए आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे, अन्यथा उन्हें भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल ऑनलाइन चरित्र, निवास और जाति प्रमाण पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। रैली प्रवेश पत्र को बारिश से सुरक्षित रखें। सभी अभ्यर्थियों को एंड्रॉयड फोन लाना अनिवार्य है।

बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक शहर अजीत कुमार,अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, डायरेक्टर रिक्रूटिंग कर्नल विकास भोला एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र पुलों का निर्माण कराए राज्य सरकारः बाबूलाल मरांडी

**रांची:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र पुलों का निर्माण कराने की बात कही है। मरांडी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलों का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करे, ताकि ग्रामीणों, विशेष रूप से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा हो सके। उन्होंने कहा है कि जब झारखंड का गठन हुआ था, उस समय राज्य के ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में पुल-पुलिया की भारी कमी के कारण आवागमन बेहद कठिन था। मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने प्राथमिकता के साथ सैकड़ों पुल-पुलियों का निर्माण कराया, जिससे पहली बार इन क्षेत्रों तक वाहन पहुंच पाए.

## विधायक जयराम महतो ने माइकल जॉन सभागार में भरी हुंकार

### कॉरपोरेट घरानों पर बोला हमला

**जमशेदपुर:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केन्द्रीय अध्यक्ष सह डुमरी के विधायक टाइगर जयराम महतो ने झारखंड में स्थापित सभी कॉरपोरेट घरानों की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए कहा कि भले ही ईस्ट इंडिया कंपनी भारत से चली गई, लेकिन उसका स्वरुप आज भी टाटा, बीसीसीएल, सेल आदि कंपनी के माध्यम से जिंदा है.



विधायक महतो जमशेदपुर स्थित बिष्टुपुर माइकल जॉन सभागार में मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि यही ईस्ट इंडिया कंपनी के जरिए अंग्रेजों ने भारत में वर्षों तक शासन किया, अब इन कंपनियों के अधिकारी यहां के लोगों को बेबसी व लाचारी दे रहे हैं. महतो ने ऐसे उद्योग व खनन क्षेत्र के आसपास रहनेवाले लोगों से कहा कि अब 'हम दो हमारे दो' की नीति नहीं चलेगी. अब हम सबको 'हम दो, हमारे चार' पर अमल करना होगा. इसमें से दो बच्चे को विद्रोही बनाने की जरुरत है, क्योंकि हमारी जमीन व फसल बचाने के लिये 'सांढ़' रुपी पुत्र को जन्म देने की जरुरत है. इसके माध्यम से उन्होंने सांगठनिक रुप से एक होने का संदेश दिया. इसके पूर्व पार्टी के महानगर अध्यक्ष रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में कई वरीय नेताओं ने जयराम महतो सहित अन्य केन्द्रीय नेताओं का माला पहनाकर स्वागत किया. मौके पर कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली. विधायक महतो ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक तरीके से समस्याओं का समाधान संभव है. इसके लिये सत्ता चाहिए और झारखंड में सत्ता के लिये कम से कम 40 विधायक बनाने की जरुरत है. इसलिये उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को आम लोगों के साथ जुडऩे तथा उनके बीच रहने का सुझाव दिया. कहा कि जनता के बीच से ही नेता बनता है. साथ ही यह भी इशारा किया कि पार्टी में शामिल होनेवाले हर किसी को टिकट देना भी संभव नहीं है. हर व्यक्ति चंद्रगुप्त बने यह जरुरी नहीं, किसी किसी को चाणक्य बनना भी जरुरी होता है. इसलिये लोग अपने फील्ड में जमे रहे और लोगों की समस्याओं का यथासंभव समाधान करने का प्रयास करें.

मौके पर अन्य अतिथियों में पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह रांची विस के पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो, महिला मोर्चा की केन्द्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव बेबी महतो, पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता विजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

### लातेहार में 12 फीट के अजगर का रेस्क्यू

**लातेहार:** लातेहार जिले के बारेसाढ़ के परेवाटांड़ से वन विभाग की टीम ने 12 फीट के एक अजगर का रेस्क्यू किया है. यह अजगर परेवाटांड़ के अर्जुन सिंह के पुआल के टाल में छुपा हुआ था. सोमवार को पलामू टाइगर रिजर्व में 12 साल से तैनात वनपाल परमजीत तिवारी और उनकी टीम को सूचना मिली थी कि अर्जुन सिंह नामक व्यक्ति के घर के पास एक विशाल अजगर देखा गया है. इसकी सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी. टीम ने 12 फीट लंबे और करीब 18 किलो वजनी अजगर का रेस्क्यू किया. बाद में रेस्क्यू टीम ने अजगर को कुम्हरमारा जंगल में छोड़ दिया.



अजगर मिट्टी के घर में लगने वाली कंडी के बराबार मोटा था. यह बकरी, छोटे मवेशी के बराबर किसी भी जीव को निगल सकता था. रेस्क्यू टीम में फॉरेस्टर परमजीत तिवारी, वाइल्डलाइफर शेरा गुप्ता, ट्रैकर अमन कुमार, क्यूआरटी सदस्य मुखराज यादव और लक्ष्मण यादव, ग्रामीण आकाश कुमार शामिल थे.

**बिल में भरा पानी, जंगल जाने वाले रहें सावधान:** पिछले एक महीने से पलामू प्रमंडल में लगातार बारिश हो रही है. इस कारण सभी जलस्रोत भर गए हैं. अजगर और सांप के बिलों में भी पानी भर गया है. इस कारण वे अपने बिलों से बाहर निकल कर रहे हैं. भींगे पत्ते और पुआल जैसी वस्तु के बीच सांप आसानी से छुप जाते हैं. भींगे पत्ते हवा से उड़ नहीं सकते हैं. इस कारण सांप को छुपने में आसानी होती है. सांप को बिल के बाहर भोजन भी आसानी से मिल रहा है. सांप को मेढ़क आसानी से मिल रहे हैं.

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।